CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK1 User: cci Time: 02-05-2026 21:08 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 > माघ 17 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 32 > पेज 20* > मुद्रमाय > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक सदस्यता पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

मंत्री ने कहा, US डील पर साझा बयान 4-5 दिन में

▶देखें अंदर



राज्यसभा में विपक्ष पर बरसे पीएम, कई संदेश भी दिए

▶देखें अंदर

एजेंसी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ACE
fulfilling ACEpirations

88825 20000

RERA NO - UPRERAPRJ939595/03/2025
RERA WEBSITE - WWW.UP-RERA.IN/PROJECTS | PROJECT LAUNCH DATE: 25.03.2025
PROJECT COLLECTION BANK A/C DETAILS- BANK NAME: HDFC BANK LTD.,
BRANCH: ANSALS FORTUNE ARCADE, K BLOCK , SECTOR-18, NOIDA
A/C NAME: THREE C HOMES PVT. LTD. | RERA COLLECTION ACCOUNT ACE HIVE
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NUMBER: 99999916111213

FIRST-EVER FULLY FURNISHED BUSINESS SUITES BY ACE

ENTRANCE LOBBY

Managed by

ACE fulfilling ACEpirations | SAROVAR HOTELS

COMING SOON

Turn Overleaf

HC में वकील ने पूछा-सीलबंद गोली की कैसे हुई जांच?

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ । डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान गुरमीत राम रहीम सिंह के वकील ने तर्क दिया कि बैलिस्टिक साक्ष्य विरोधाभासी प्रमाणों पर आधारित हैं।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की पीठ के समक्ष वरिष्ठ वकील आर बसंत और आरएस राय ने अपीलकर्ता की ओर से तर्क दिया कि पोस्टमॉर्टम के दौरान छत्रपति के शरीर से बरामद गोली बरामदगी के समय से लेकर कोर्ट में खोले जाने तक सीलबंद रही, जिससे एक मौलिक प्रश्न उठता है, आखिर फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के विशेषज्ञ ने इसकी जांच कैसे की गई।

अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों की ओर न्यायालय का ध्यान आकर्षित करते हुए, बचाव पक्ष ने बताया कि 22 नवंबर, 2002 को नई दिल्ली के एम्स में पोस्टमॉर्टम के दौरान बरामद गोली को एक प्लास्टिक कंटेनर में रखा गया था और एम्स की मुहर से सील कर दिया गया था। जब 16 अप्रैल, 2011 को बैलिस्टिक विशेषज्ञ की जांच के दौरान पार्सल को ट्रायल कोर्ट के सामने पेश किया गया था, तब भी वह सीलबंद था। कोर्ट की विशेष अनुमति के बाद ही प्लास्टिक कंटेनर खोला गया, जिससे अंदर मौजूद गोली का पता चला।

'रिवॉल्वर और गोलियां बेमेल'

बचाव पक्ष ने आगे तर्क दिया कि कथित तौर पर बरामद की गई गोलियां अपराध में कथित रूप से इस्तेमाल किए गए रिवॉल्वर से मेल नहीं खाती थी। पत्रकार की हत्या के मामले में सजा काट रहे राम रहीम सिंह ने अपील दायर कर अपनी सजा को चुनौती दी है।

विमानों-हेलिकॉप्टरों का होगा अपग्रेडेशन

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

AI Image

देश में लगातार हो रहे विमान हादसों के बाद राज्य सरकार ने अपने जहाज और हेलिकॉप्टरों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सिविल एविएशन विभाग ने अपने विमानों और हेलिकॉप्टरों के रखरखाव के लिए नए और अपडेट तकनीकी मैनुअल तैयार करने के लिए इच्छुक कंपनियों से आवेदन मांगे हैं।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

तृतीय पुण्य स्मरण दिवस
श्री अनिल कुमार मित्तल जी
(06/02/2023)
आपकी यादें, प्रेरणा, आशीर्वाद, आपके होने का एहसास हर पल हमारे साथ हैं, आपको हमारी भावभीनी श्रद्धांजली।
सुधा, दिव्य, समीर, दीक्षा, शोभित, ऋचा, अयान, संमवेदया एवं समस्त मित्तल परिवार करोल बाग, नई दिल्ली 9810172081

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj: 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD
PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

गाय ने एक दिन में दिया 23 लीटर दूध

■ NBT न्यूज, कैथल : जिले के गांव खरक पांडवा गांव की देसी नस्ल की गाय यशोदा ने एक दिन में 23 लीटर 330 ग्राम दूध देकर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि देसी गायों की दुग्ध उत्पादन क्षमता को दर्शाती है। किसान सुनील सहारण ने गुरुवार को बताया कि इससे पर इस रिकॉर्ड को सत्यापित करने के लिए गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कुरुक्षेत्र में 41वां पशु मेला आज से

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : स्थानीय मेला ग्राउंड में 6 फरवरी से तीन दिवसीय 41वां पशु प्रदर्शनी और पशु मेला लगेगा। मेले का समापन 8 फरवरी को होगा। 6 फरवरी को हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मेले का उद्घाटन करेंगे, जबकि 7 फरवरी को केंद्रीय पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह शिरकत करेंगे। 8 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मेले के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे। मेले में प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले किसानों को ट्रैक्टर, बुलेट, दुग्ध उत्पादन से जुड़े उपकरण सहित अन्य कृषि औजार से श्रेणी के हिसाब से पुरस्कार दिए जाएंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल चंद्रमा और राहु वर्ष के स्वामी हैं। फरवरी के अंत के 10 दिनों में अच्छी नौकरी के योग हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे अथवा उलझन में व्यस्त हैं तो मार्च में इन सबसे छुटकारा मिल जाएगा। कुछेक जातक जिनके जन्म कालीन ग्रह पीड़ित हैं और वर्तमान में शनि राहु केतु की दशाओं से ग्रस्त हैं, उनके लिए अगामी अप्रैल महीने की शुरुआत से लेकर मई महीने के अंत तक विशेष परिश्रम के उपरांत संतोषजनक आर्थिक सफलता मिल जाएगी। जबकि व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा और आर्थिक तेजी-मंदी का प्रकोप जून माह की शुरुआत से लेकर जुलाई महीने के अंत तक झेलना पड़ेगा। बेहतर होगा इस दौरान जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। कुछ लोगों को अगस्त से लेकर सितंबर और अक्टूबर महीने तक अपने वाहन मशीनरी आदि का लाभ होगा। नवंबर से लेकर दिसंबर महीने के अंत तक में पुनः व्यापार में शैथिल्य रहेगा। यह समय है व्यापार में नवीनता लाने का। जनवरी 2027 से फरवरी और मार्च महीने के अंत तक में व्यापार तेज होकर लाभ मिलेगा। महिलाओं की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही अच्छी सफलता प्राप्त होगी। अच्छे परिणाम के लिए बुधवार को गाय को पालक खिलाते रहें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 7 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 18, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण षष्ठी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 25, शब्बान 18, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 7 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। षष्ठी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 29 मिनट तक उपरांत सप्तमी तिथि का आरंभ। चित्रा नक्षत्र रात्रि 11 बजकर 41 मिनट तक उपरांत स्वाति नक्षत्र का आरंभ। शूल योग का आरंभ। गर करण अपराह्न 2 बजकर 7 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा अपराह्न 1 बजकर 22 मिनट तक कन्या उपरांत तुला राशि पर संचार करेगा।

TELEVISION



big magic

09:00	बबलू डबलू	14:30	हम पांच
10:00	बुद्धू बुद्धक	15:00	अजब देश की गजब कहानी
11:00	रुद्र के रक्षक	16:30	प्यार मोहब्बत हैपी लकी
11:30	अलादीन	19:30	रुद्र के रक्षक
12:00	यशोमती अनेक कृष्णा	21:00	पीरा
13:30	भ से भड़े		

सुडोकू

		8	6			7	2	
	9	5					4	8
	2		5		6		3	
6		3		1		8		4
	1		8		2		5	
	8	9				1	6	
		2	1		4	3		

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आर्थिक तौर पर देखें तो आज का दिन कष्टपूर्ण होगा। बेहतर होगा आज आप किसी भी व्यक्ति से ज्ञान सोच-समझकर ही लें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। आज पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। रात का समय परिजनों के साथ आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

TAURUS 20 Apr - 20 May
आज का दिन बहुत व्यस्तता का होगा। दिनभर की भागदौड़ के बीच सावधानी बरतें। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आज आपको लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी। किसी काम में हिचकिचाहट करना पड़े तो दिल खोलकर करें, अच्छे व्यवहार उसका भरपूर लाभ मिलेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। आज आप जिस भी कार्य को करने की सोचेंगे, उसमें रुकावटों का सामना करेंगे। अचानक से कुछ लाभ होने से आपकी धर्म, अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ जाएगी। संतान पक्ष से भी शाम तक कोई हर्षदायक समाचार मिलेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल भी आपको आज के दिन मिल सकता है। संतान के प्रति अपना विश्वास रखें। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आप आज के दिन जरूरत से अधिक फिजूल खर्च कर सकते हैं।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा सहानुभूतिपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कुछ भी कार्य करने से पहले उनकी सलाह जरूर लें। आप मन से दूसरों का भला करने की सोचेंगे, किंतु लोग इसको आपकी मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए शुभ है। जिस भी कार्य को करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों का भला सोचेंगे एवं उनकी मदद के लिए तैयार भी रहेंगे। आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपका मन सुबह से ही किसी पुरानी बात को लेकर अशांत रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपके ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान-पुण्य एवं परोपकार की भावना भी विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको आज पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम से लेकर रात तक अच्छे अवसर मिलेंगे।



CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए कार्य में इन्वेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने परिजनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं में आप धन खर्च कर सकते हैं। सायंकाल में समीप की यात्रा भी हो सकती है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज चतुर्थ भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुश मिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ रहेगा।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

मैं अपने पुत्र अरुण तोमर को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कार्यों का मैं अथवा मेरे शेष परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। मुनेश कुमार, पुत्र आनंद प्रकाश, निवासी ग्राम छजारसी, सेक्टर-63, नोएडा, गौतमबुद्धनगर

निविदाएं (टेंडर्स)

REQUEST for Proposals: SAATHII, a national level NGO, invites bids from suitable audit firms for contracting of Internal audit for SAATHII. For detailed RFP please visit at: https://www.devnetjobsindia.org/jobdescription.aspx?job_id=205648

स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज
(सार्वजनिक उद्यमों का एक शीर्ष निकाय)
स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
फोन: 011-24368208
"ई-निविदा सूचना"
स्कोप कॉम्प्लेक्स के घटकों की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए एनआईटी में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुसार पात्र प्रतिष्ठित, विशेषज्ञ ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
स्कोप कॉम्प्लेक्स में फायर फिटेक्शन और पीए सिस्टम के लिए एएमसी।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया SCOPE की वेबसाइट www.scopeonline.in और https://scope.ewizard.in पर जाएँ या ऊपर बताए गए पते पर संपर्क करें। ई-टेंडरिंग सहायता के लिए- 9355030616, 9355030630.
सभी इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि आगे किसी भी नवीनतम जानकारी जैसे तिथियों में संशोधन (यदि कोई हो) आदि के लिए नियमित आधार पर उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें।
समूह महाप्रबंधक (टेक. एवं एचआर)

LIFT Capacity 10 Passengers, 11 Floors, good working condition, dismantle and carry. Email proposals at estateofficeiaoa@yahoo.com

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
उच्च स्तरीय सर्वर, स्टोरेज, नेटवर्किंग उपकरण, डेस्कटॉप, प्रिंटर, स्कैनर एवं अन्य आईटी परिसंपत्तियों को कवर करने वाली इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण पॉलिसी के नवीनीकरण (वित्त वर्ष 2026-27 हेतु) के लिए आरएफपी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीईएम पोर्टल (जीईएम बोली संख्या-जीईएम/2026/बी/7193200 दिनांक: 04.02.2026) के माध्यम से उच्च स्तरीय सर्वर, स्टोरेज, नेटवर्किंग उपकरण, डेस्कटॉप, प्रिंटर, स्कैनर एवं अन्य आईटी परिसंपत्तियों को कवर करने वाली इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण पॉलिसी के नवीनीकरण (वित्त वर्ष 2026-27 हेतु) के लिए दो बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। अतिरिक्त विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in, www.eprocure.gov.in और GeM पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02.03.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक है।
बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।
सहायक महाप्रबंधक

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

आवश्यकता है मेल / फीमेल अकाउंटेंट जिन्हें Tally का ज्ञान हो और सुपरबाजार की सुरेश मिलें: मंजीत इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, 33, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, नई दिल्ली फोन : 9818681219

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Rakesh Jain S/o Lt Mahendra Prasad Jain R/o D-39, 1st Floor, Chander Nagar, Ghaziabad U.P.-201011 have changed my name to Rakesh Kumar Jain

I, Sarla Devi W/o Jawala Singh Mehra R/o H.No 434, Sector-31, Faridabad, Amarnagar, Haryana-121003, have changed my name from Sarla Mehra To Sarla Devi for all future purposes.

IT is for general information that I Kareena Kumari D/o Laxman Shah R/o Kh No-486,St No-16,Blk-B,Jeevan Park,Siraspur Delhi-42 declare that name of my father & my mother have been wrongly Written as Laxman & Poonam in my 10th Class educational documents & birth certificate No. MCDOLR 07264337. The actual name of my father & my mother are Laxman Shah & Poonam Devi respectively which may be amended accordingly

I, Manoj S/o Yogeshwar Prasad R/o C-115, Kendriya Vihar, Gurgaon, Haryana-122011 have changed my name to Manoj Dimri for all purposes.

I Suneel Kumar Mishra S/o Ram Ji Mishra R/o Manol Puri have changed my name from Sunil Kumar to Suneel Kumar Mishra for all future purposes.

HEALTH & WELLNESS

गुप्त ज्ञान मुफ्त लें
अशोक क्लीनिक
पीतमपुरा दिल्ली
9811092140, 9868781011
डेली 10 से 5, संडे क्लोज्ड

बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल इलाज
पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज
(अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन खयाला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आज़ाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुलीवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

To book your Shopping ads
Please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

TIMES interact

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

मैं, हेमंत मिश्रा, पुत्र स्वर्गीय शिवानंद मिश्रा निवासी 1318पी, ईएसआईसी अस्पताल के पास, सेक्टर-9ए, गुड़गांव, हरियाणा-122001, ने सभी प्रयोजनों के लिए अपना नाम बदलकर हेमंत कुमार कर लिया है।

मैं, दिगेंद्र पुत्र श्री नरेंद्र कुमार निवासी गांव मोहम्मदपुर, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम नरेंद्र व मेरी माताजी का नाम गीता देवी गलत दर्ज है। अन्य दस्तावेजों के अनुसार भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु उनके सही नाम नरेंद्र कुमार व गीता है।

I, Pali S/o Krishan Lal R/o Gangayacha Ahir (222), Bikaner Rewari Haryana123401 have changed my name from Pali to Shispal.

I, Sweta Tewary W/o Manish Chawla R/o 201, T-1, Ashiyana Mulberry, Sec 3, Sohna, Haryana have changed my name to Shweta Chawla for all purposes

I Richa Kapoor W/o Sh. Lakshdeep Rajput R/o B-1001 Plot No 07 Sector-52 Mihir Apartment Wazirabad(75) PO Wazirabad Gurgaon Hr, have changed the name of minor daughter from Ananya Rajput to Ananya Kapoor for all purposes.

मैं भगवानी देवी पत्नि नं. JC 120001 स्वर्गीय सूबेदार लाल सिंह निवासी झोल्ली, रेवाड़ी हरियाणा - 123303, अपना नाम भगवानी से भागवनी देवी रख ली हूं। भविष्य में जाना जाए, एफिडेविट नं. GOC20481992 दिनांक 03/02/2026 गुरुग्राम।

मैं, राम प्रकाश यादव पुत्र कृष्ण यादव निवासी मकान नम्बर 66, ब्लाक -एच, न्यू पालम विहार फेज -1, गुरुग्राम। मैंने भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपना नाम राम प्रकाश से बदलकर राम प्रकाश यादव रख लिया है।

I, Prajapti Radheshyam S/o Sh. KrishnaKumar R/o H. No. 83, Near Mata Mandir Sundhroj, Post Office Pithrawas, Distt. Rewari (HR)-123101 have changed my name from Prajapati Radheshyam Krishnakumar (Old Name) to Prajapti Radheshyam (New Name) for all future purposes.

I, Manoj Kumar S/o Jagat Singh father of Kaashk R/o Vill. Ghurkawas P.O. Bikaner, Tehsil & Distt. Rewari-123401 have changed my minor daughter name from Kaashk to Karak.

I Ramesh S/o Ganga Bishan R/o 728/3 Gali No-1 Prem Nagar Gurgaon-122001 have changed my name to Ramesh Kumar for all purpose

मैं, अनिल कुमार यादव पुत्र राम प्रकाश यादव निवासी मकान नम्बर 66, ब्लाक -एच, न्यू पालम विहार फेज -1, गुरुग्राम। मैंने भविष्य के सभी कार्यों के लिए, अपना नाम अनिल कुमार से बदलकर अनिल कुमार यादव रख लिया है।

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

हम, प्रवीन कुमार कोछड़ पुत्र मदन लाल व अंजू कोछड़ पत्नी प्रवीन कुमार कोछड़ निवासीगण मकान नंबर 84, सेक्टर -12, नजदीक आरटी सिटी गेट नम्बर -3, गुरुग्राम। बयान करते हैं हमारा पुत्र साहिल कोछड़ व पुत्रवधू आरजू कथा हमारे व हमारे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। अपनी मनमानी करते हैं। इसको हम अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनके साथ किसी भी तरह का लेन-देन एवं व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता नहीं रहेगा।

JE समेत तीन पर SC-ST ऐक्ट में केस

■ NBT न्यूज, जींद : गांव नारायणगढ़ में विडियो बना रहे युवकों को जातिसूचक गालियां देने पर पुलिस ने गुरुवार को बिजली निगम के जेई तीन कर्मियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। गांव नारायणगढ़ निवासी एक युवक ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की दोपहर को बिजली निगम के जेई समीर और दो अन्य कर्मचारी उनकी गली में बिजली चोरी रोकने के लिए आए थे। उनके घर बिजली चोरी भी नहीं थी। वह बिजली कर्मियों की विडियो बनाने लगे, जिस पर जेई समीर तथा उसके साथी कर्मियों ने जातिसूचक गालियां दीं।

32 लाख का हाउस टैक्स न चुकाने पर दुकान सील


AI Image

■ NBT न्यूज, हिसार : हांसी नगर परिषद ने गुरुवार को बकाया हाउस टैक्स की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए शहर में सीलिंग अभियान चलाया। टैक्स न चुकाने वाले डिफॉल्टर मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप समेत कुल पांच इमारतों को सील किया गया। कार्रवाई से शहर के व्यापारियों और भवन मालिकों में हड़कंप मच गया। नगर परिषद सचिव एंजेल वालु ने गुरुवार को बताया कि बकायेदारों को पहले नोटिस जारी किए गए थे।

PGI रोहतक में डॉक्टरों की कमी : कमिटी

■ NBT न्यूज, रोहतक : हरियाणा विधानसभा की शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की विधायकों की कमिटी ने गुरुवार को पीजीआई रोहतक का दौरा किया। इस कमिटी ने यहां पीजीआई में सुविधाओं का जायजा लिया और कामकाज की समीक्षा की। पीजीआई में विधानसभा कमिटी को कई खामियां मिली। कमिटी ने मरीजों से बातचीत की। इस कमेटी की अध्यक्षता इंद्री विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामकुमार कश्यप ने की। कश्यप ने कहा कि अस्पताल में दवाइयों की कोई कमी नहीं है, लेकिन डॉक्टरों की कमी से अस्पताल जूझ रहा है। कमिटी में 10 अन्य विधायक भी शामिल थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 02-05-2026 22:17 Color:

फटाफट खबरें

बिहार में द्विअर्थी गाने बजे तो ऐक्शन

■ भाषा, पटना : बिहार के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को अश्लील-द्विअर्थी गीत बजाने पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। खासकर होली पर सभी जिलों में उन्होंने ऐसे मामलों में केस दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जरूरत पड़ी तो साउंड सिस्टम जब्त कर और आयोजकों, चालकों पर भी कार्रवाई होगी।

'विवादित टिप्पणी रोकने के निर्देश दें'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के हाल के भाषणों का हवाला देते हुए, इस्लामिक धर्मगुरुओं के संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली है। इसमें कोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को विभाजनकारी टिप्पणियां करने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करे।

'एमपी के चावल को मिले GI टैग'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा में कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री के मध्यप्रदेश से होने के बावजूद राज्य के बासमती चावल को अब तक जीआई टैग नहीं मिल पाया है। शिवराज सिंह चौहान 12 साल तक सीएम भी रहे, लेकिन अभी तक राज्य का बासमती चावल जीआई टैग से वंचित है। अगर जीआई टैग मिल जाता तो राज्य के 40 फीसदी बासमती चावल का निर्यात हो सकता था।

3,414 भारतीय US से डिपोर्ट: मंत्री

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि 2025 में अमेरिका से 3,800 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

140 करोड़ लोग मेरा रिमोट : PM

राज्यसभा में पीएम मोदी ने सरकार की उपलब्धियां गिना विपक्ष को निशाने पर लिया

Bhupender Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए विपक्ष को निशाने पर लिया। पीएम ने कहा, 'उनकी सरकार रिमोट से चलती थी। मेरी सरकार भी रिमोट से चलती है, लेकिन 140 करोड़ लोग मेरा रिमोट हैं। रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हम आगे बढ़े हैं। देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है।' पीएम ने कहा कि पूरा विश्व ग्लोबल साउथ की चर्चा करता है और भारत उसकी बुलंद आवाज बन गया है। देश के युवाओं के लिए पूरे विश्व का बाजार खुल चुका है। विश्व में पैदा हो रही चुनौतियों के समाधान के लिए भारत आशा की किरण है। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच पीएम ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला।

'बड़े देश भारत के साथ व्यापार संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। अनेक देशों के साथ आज भारत फ्यूचर रेडी ट्रेड डील्स कर रहा है।'

'देश की जनता को मानते थे समस्या'

पीएम मोदी ने कांग्रेस की नीतियों के साथ-साथ उसके नेताओं की सोच पर भी हमला बोला। कहा कि कांग्रेस इतने वर्षों तक सत्ता में रही और देश के लोगों के साथ विश्वासघात किया। लाल किले से कांग्रेस के पीएम के भाषण का विश्लेषण कर ले, इनमें कोई सोच नजर आएगी, न कोई विजन और न ही कोई इच्छाशक्ति थी। इसका परिणाम देश को भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा, 'पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू हों या फिर इंदिरा गांधी, वे देश की जनता को समस्या मानते थे। हमारी सोच है कि 140 करोड़ देशवासी, इतने सामर्थ्यवान हैं कि वे चुनौतियों को समाधान दे सकते हैं, क्योंकि हमें देशवासियों पर भरोसा है।

EU और US से ट्रेड डील पर क्या बोले?

दुनिया की मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों को लेकर पीएम मोदी ने देश की जनता को विश्वास दिलाया कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जब हमने EU के साथ ट्रेड डील साइन की, तो दुनिया को ग्लोबल स्थिरता की संभावना पर अधिक भरोसा हुआ। अमेरिका के साथ ट्रेड डील के बाद दुनिया को और भी भरोसा हुआ कि स्थिरता के साथ-साथ वे तेजी भी महसूस कर सकते हैं। यह दुनिया के लिए एक पॉजिटिव संकेत है। भारत का तेज आर्थिक विकास और कम मुद्रास्फीति एक दुर्लभ संयोग है। पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ भारत के समझौते हुए हैं। 'मदर ऑफ ऑल डील' में EU के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है। 21वीं सदी का पहला क्वार्टर पूरा हो गया है। यह दूसरा क्वार्टर निर्णायक है, ठीक वैसे ही जैसे पिछली सदी में भारत की आजादी की लड़ाई का दूसरा क्वार्टर था।

बंगाल के लोगों को संदेश

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव आने वाला है। पीएम ने वहां के लोगों को संदेश दिया है कि बीजेपी ही गुड गवर्नेंस दे सकती है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के साथियों ने बहुत कुछ कहा, लेकिन उन्हें अपने अंदर झांकना चाहिए। एक क्रूर सरकार गिरावट के सभी पैमानों पर नए रेकॉर्ड बना रही है, लेकिन वे हमें यहां उपदेश दे रहे हैं। दुनिया का समुद्र से समृद्ध देश भी अपने यहां गैरकानूनी नागरिकों को बाहर निकाल रहा है। लेकिन, लेकिन हमारे यहां घुसपैठियों को बचाने के लिए वकालत कर रहे हैं।

ये कैसी नफरत है?

पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे लोग 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वे 'मोहब्बत की दुकान' के साइन बोर्ड लगाते हैं। क्या सार्वजनिक जीवन में ऐसी नफरत होती है? मोदी ने तंज कसते हुए कहा, 'हमने 370 की दीवार गिरा दी, नार्थ ईस्ट में शांति और विकास की राह खोली, पाकिस्तानी आतंकियों को घर में घुसकर जवाब देते हैं, इसलिए मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। हम विकसित भारत की जमीन को मजबूत कर रहे हैं, उसे एक ताकत दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दिया संदेश

पीएम ने देशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि आने वाला समय अवसरों से भरा है। भारत के उत्पादों की मांग पूरे विश्व में बढ़ रही है, लेकिन हमें ध्यान रखना है कि क्वॉलिटी से समझौता न करें। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, 'हमारी एनर्जी का एक बड़ा हिस्सा पिछली गलतियों को सुधारने में खर्च हो रहा है। उस दौर में दुनिया के मन में जो इमेज बनी थी, उसे मिटाने में बहुत मेहनत लगती है। कांग्रेस ने चीजों को इतनी खराब हालत में छोड़ दिया था, इसीलिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीतियों पर जोर दिया है।

लोकसभा में बिना PM के जवाब के धन्यवाद प्रस्ताव पास

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में बिना चर्चा के राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पास हो गया। कांग्रेस ने साफ कह दिया था कि अगर नेता प्रतिपक्ष को सदन में नहीं बोलने दिया जाता है, तो वे भी पीएम को नहीं बोलने देंगे। पहले बुधवार शाम पांच बजे पीएम को लोकसभा में बोलने का वक्त तय किया गया था, लेकिन पीएम सदन में ही नहीं आए। गुरुवार को तीन बार के स्थगन के बाद दोपहर



तीन बजे जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री को जवाब देना था, लेकिन उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि कांग्रेस के कई सदस्य नेता सदन के आसन तक पहुंचकर कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। बिरला ने कहा, 'मैंने यह दृश्य खुद सदन में देखा। इसे टालने के लिए मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे सदन में न आएं। इसे मानकर पीएम ने सदन को एक अप्रिय स्थिति से बचाया।

स्पीकर के दावे को बताया झूठा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उस दावे पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों की ओर से अप्रत्याशित घटना की आशंका के चलते पीएम नरेंद्र मोदी उनके अनुरोध पर बुधवार को सदन में नहीं आए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस दावे को झूठ और बकवास करार देते हुए आरोप

लगाया कि पीएम स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं। मीडिया से बातचीत में प्रियंका ने कहा कि पीएम को चोट पहुंचाने या किसी भी तरह की हिंसा की कोई योजना नहीं थी। ऐसी किसी बात का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह आरोप भी खारिज किया कि कुछ महिला सांसदों के खड़े होने के कारण पीएम सदन में नहीं आ पाए। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक पुराने विडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि 2004 में बीजेपी ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान जवाब देने से रोका था।

वॉकआउट पर क्या बोले खरगे?

राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सत्तापक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी का अपमान किया। विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया। इसी वजह से प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। खरगे ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री को विपक्ष उन्हें सुनना चाहता था, लेकिन चार दिनों से नेता विपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में विपक्ष ने फैसला किया कि जब तक उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलेगा, तब तक पीएम का भाषण नहीं सुना जाएगा। सरकार उनकी बात सुन लेती तो गतिरोध खत्म हो सकता था।



सभी 294 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का एकला चलो रे...

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की बैठक में निर्णय

कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करने और सभी 294 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। यह निर्णय गुरुवार को दिल्ली में पार्टी नेतृत्व और पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई इस अहम बैठक में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शुभंकर सरकार, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी सहित कई नेता मौजूद रहे। कुछ नेता डिजिटल माध्यम से भी शामिल हुए। बैठक में पार्टी के भीतर लंबे समय से उठ रहे उस विचार को मजबूती मिली कि बीते दो दशकों से गठबंधनों पर अत्यधिक निर्भरता ने कांग्रेस के संगठन को कमजोर किया है। नेताओं ने चिंता जताई कि राज्य के लगभग दो-तिहाई सीटों पार्टी की पहचान कमजोर पड़ी है।

2016 से लेफ्ट के साथ चुनाव लड़ रही थी पार्टी

कांग्रेस और लेफ्ट का गठबंधन 2016 से रहा है। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों अलग हो गए थे, लेकिन 2021 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर साथ आए। पार्टी के आकलन में यह प्रयोग लगातार नुकसानदेह साबित हुआ। 2021 कांग्रेस 92 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत सकी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: cci Time: 02-05-2026 21:11 Color:

संसद की गरिमा इस पर निर्भर करती है कि शक्तियों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है - थॉमस एरस्कीन मे

सार्थक बहस हो

संसदीय व्यवस्था में कई परंपराएं लिखित नियमों से भी ज्यादा अहम होती हैं। इसी में है राष्ट्रपति के अभिभाषण से जुड़े धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री का जवाब। लेकिन, सरकार और विपक्ष का रिश्ता इतना कटु हो चुका है कि लोकसभा में न तो विपक्ष के नेता अपनी बात ढंग से रख सके और न ही प्रधानमंत्री का भाषण हो सका। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में भाषण दिया, जिसमें अमेरिका, EU समेत हाल में दूसरे देशों के साथ हुई ट्रेड डील का जिक्र था। लेकिन, विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

संसद में गतिरोध जारी

चिंताजनक हालात । पीएम को बुधवार शाम लोकसभा में जवाब देना था, लेकिन हंगामे के चलते वह नहीं आए। गुरुवार को कार्यवाही शुरू हुई, तब भी हालात नहीं बदले। पीएम के जवाब देने के लिए नहीं आने के पीछे जो वजह अब बताई जा रही है, उसके लिए चिंताजनक शब्द कहूं छोटा है। स्पीकर ओम बिरला के मुताबिक, पीएम के साथ विपक्षी सांसद अनुचित घटना कर सकते थे, जबकि कांग्रेस ने इसका जोरदार खंडन किया है।

भाषण की अहमियत । हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बहस सदन की कार्यवाही का हिस्सा है, लेकिन केवल इन्हीं का कार्यवाही पर भारी पड़ना स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीएम का भाषण सरकार की तरफ से वह आखिरी जवाब होता है, जिसमें विपक्ष के सवालों को संबोधित किया जाता है। ये सवाल विपक्ष के होते हैं, पर इंतजार इनका पूरा देश करता है।

दोनों की जिम्मेदारी । संसद के इस सत्र के आगे ऐसा गतिरोध है, जो सरकार और विपक्ष के आपस में बैठकर बातचीत किए बिना नहीं हटेगा। अभी मुश्किल लग रही है कि संवाद किसी की प्राथमिकता में नहीं दिख रहा। राहुल गांधी सदन में एक किताब के हवाले से बात रखना चाहते हैं और सरकार नियमों का हवाला दे रही है। दोनों पक्षों को सोचना चाहिए कि क्या कोई बीच का रास्ता निकल सकता है। सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार पर होती है, तो पहल उसी को करनी चाहिए।

बहस जरूरी । देश के बाहर और भीतर की परिस्थितियों को देखते हुए यह बजट सत्र महत्वपूर्ण है। विदेश नीति, अमेरिका के साथ डील, रूस संग रिश्ते, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बजट - इन सब मुद्दों पर चर्चा की दरकार है। सरकार ने समय-समय पर जवाब दिए हैं, लेकिन संसद में सार्थक बहस से विभिन्न दृष्टिकोण सामने आते हैं। सरकार को भी इससे संतुलित फैसले लेने और नीतियां बनाने में मदद मिलती है। बहस इस बात का सबूत है कि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना की जगह बची हुई है।

तिराहा

अर्थ'व्यवस्था'

सुखनंदन स्टडी रूम में थे। किताबों से आलमारियां भरी पड़ी हैं। हर पुस्तक मेले में ठेला भर खरीदते हैं। मोहब्बत इतनी कि दूसरे तो दूर, खुद भी उनको हाथ नहीं लगाने कि मैली न हो जाएं। तस्वीर भी उनकी ओर पीठ करके खिंचवाते हैं जिससे नजर न लगे। इससे किताबें भी सुरक्षित रहती हैं और श्रोताओं में सुखनंदन की तार्किक गहराई का अहसास भी बना रहता है।

प्रेम शंकर मिश्र

स्टडी रूम में खटर-पटर की आवाज ने सुधर्मा को वहां पहुंचा दिया। देखा, तो फर्श पर किताबें, कागज, फाइलें उलटी-पलटी थीं, जैसे कमरे में तूफान आ गया हो। देखते ही सुखनंदन ने सवाल दागा, 'तुमने विमर्श-2024 वाली फाइल देखी है क्या? बजट का विश्लेषण करना है।' सुधर्मा चौंकी, 'बजट इस साल का, विमर्श दो साल पहले का? विमर्श-2025 का अंक तो मेज पर रखा है, उसे क्यों नहीं पलट लेते?' 'तब मैं विपक्ष में था', झल्लाते हुए जवाब आया। विमर्श के बीच सुखनंदन का फोन बजा। सुखनंदन कह रहे थे, 'प्रारंभिक तौर पर ऐतिहासिक बजट! बाकी विशेषताएं विस्तार से तलाश कर जल्द बताता हूं, धन्यवाद।'



फोन कटा नहीं कि सुधर्मा टोक बैठी, 'यह बजट हमेशा ऐतिहासिक ही क्यों होता है?' सुखनंदन मुस्कुराए, 'प्रिये! क्योंकि इतिहास सवाल नहीं करता। वर्तमान समाधान और भविष्य जवाबदेही मांगता है। जबकि, कुर्सी उस लकड़ी से बनती है जिसमें जवाबदेही का घुन न लगे।'

'तो फिर विपक्ष के लिए हमेशा हकीकत से परे और कोरी कल्पना क्यों होता है?' सुधर्मा की जिज्ञासा बजट के आकार की तरह ही बढ़ रही थी। 'वह इसलिए, क्योंकि हकीकत जानने के लिए उनको भी जनता से नाता रखना होगा। जब हकीकत से वास्ता ही नहीं तो उन्हें सब हकीकत से परे दिखेगा। कोरी कल्पना इसलिए, क्योंकि उनका समय दरबारियों की ओर से दिखाए जा रहे कुर्सी के काल्पनिक आनंद में में ही बीत रहा है।' 'तो अर्थव्यवस्था का क्या?' 'कौन-सी अर्थ व्यवस्था'? देश की या वोट की?' सुखनंदन को घूरते हुए सुधर्मा कुत्ते को खाना खिलाने चली गई।

एकदा

संकलन • रेनू सैनी

'बिभा' एक तारा

यदि आप विज्ञान में भारतीय महिलाओं के योगदान को याद करना चाहते हैं, तो अपनी दूरबीन आकाश की ओर घुमाइए। एक ऐसे पीले तारे की तलाश कीजिए, जो सूर्य की तुलना में अधिक गर्म, बड़ा और अधिक पुराना दिखाई देता है। पृथ्वी से लगभग 340 प्रकाश-वर्ष दूर एक तारा 'बिभा' है। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने भारतीय भौतिक विज्ञानी बिभा चौधरी के सम्मान में इस तारे का नाम रखा। सन 1913 में कोलकाता के एक शिक्षित परिवार में जन्मी बिभा की बचपन से ही विज्ञान में गहरी रुचि थी। 1936 में उन्होंने भौतिकी में एम.एससी. किया। फिजिक्स विभाग में वह अकेली छात्रा थीं। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डी.एन. बोस के मार्गदर्शन में शोध कार्य शुरू किया। 1938 से 1942 के बीच उन्होंने दार्जिलिंग की ऊंची पहाड़ियों पर जाकर कॉस्मिक किरणों का अध्ययन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने 'हाफटोन' फोटोग्राफिक प्लेटों के माध्यम से 'मेसॉन' नामक कण की पहचान की। स्वतंत्रता के बाद जब होमी जहांगीर भाभा ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च की स्थापना की, तो बिभा चौधरी वहां शामिल होने वाली पहली महिला वैज्ञानिक बनीं। वह जीवनभर एक शोधकर्ता के रूप में ही कार्य करती रहीं।

Subrata Dhar

चीनी राष्ट्रपति सेना पर पूरा नियंत्रण चाहते हैं, भारत के लिए बढ़त का मौक़ा

अपने जनरलों से डरते हैं शी

AI Image

चीन ने पिछले दिनों अपनी सेना के दो बड़े अधिकारियों को हटा दिया। जनरल झांग यूशिया और जनरल ल्यू झेनली पर चेयरमैन रेस्पॉन्सिबिलिटी सिस्टम के उल्लंघन का आरोप है। इसका मतलब है कि उन्होंने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के अधिकारों को सीधी चुनौती दी और पार्टी व पीपल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की युद्ध क्षमता को नुकसान पहुंचाया।

हर्ष वी. पंत

खतरनाक इरादे । जनरलों के खिलाफ कार्रवाई इतनी तेजी से हुई, जो चीन में स्वतंत्र सत्ता को खत्म करने के चिनफिंग के इरादे जाहिर करती है। इस कार्रवाई का मकसद अगले साल 21वीं पार्टी कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन से पहले PLA के शीर्ष अधिकारियों को काबू में करना है। बड़ा सवाल है कि चिनफिंग की इस कार्रवाई का चीन की रक्षा नीति और भारत की सुरक्षा, खासकर वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर क्या असर होगा।

तालमेल नहीं बिठा । पद से बेदखल किए गए जनरल झांग, चिनफिंग के बचपन के दोस्त रहे हैं। वह 2012 से चिनफिंग के करीबी सहयोगी थे। झांग की तरह ही जनरल ल्यू भी PLA के पुराने सैनिक थे। उन्होंने वियतनाम युद्ध से काफी कुछ सीखा। स्वाभाविक है कि वह ताइवान को लेकर शी चिनफिंग के साथ तालमेल नहीं बैठा पाए। जितनी तेजी से नेतृत्व उनसे तैयारी चाहता था, वैसा हुआ नहीं। पोलित ब्यूरो के सदस्य ली होंगझेंग के मुताबिक, चिनफिंग ने अपनी किताब में लिखा है- जो पूरी तरह वफादार नहीं, वह गद्दार है। और उन्होंने सेना के इन दोनों बड़े अधिकारियों को हटा दिया।

क्षमता पर असर । चिनफिंग की इस कार्रवाई से चीन की राजनीति खासकर PLA के भीतर कई बरसों तक उथल-पुथल होगी। खाली हो चुके सेंट्रल मिलिट्री कमिशन (CMC) को नए चेहरों के साथ दोबारा भरने में भी वक्त लगेगा। भले ही अगले साल पार्टी कांग्रेस में CMC को नए नेता मिल जाएं, लेकिन जांच सख्त होगी। भले ही चीन में हाल के बरसों में सेना के कई बड़े अफसरों को हटाया गया हो, लेकिन PLA में अब भी मेजर जनरल रैंक के हजारों बड़े अधिकारी हैं। इसलिए, चिनफिंग भरोसेमंद अधिकारियों को जुटाने तक प्रमोशन और छंटनी करते रहेंगे।

ताइवान को राहत । इस कार्रवाई से ताइवान को थोड़ी राहत जरूर है। भले ही चिनफिंग जल्दबाजी में दिख रहे हैं, लेकिन वह समझदार हैं। लगता है कि ताइवान को लेकर उन्हें PLA की क्षमता पर पूरा भरोसा नहीं।

LAC पर असर । हाल के महीनों में भारत और चीन ने सावधानी से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। दोनों देशों ने आर्थिक संबंध सुधारे हैं और सरकारों, संस्थानों के बीच बातचीत आसान करने के लिए भी कदम उठाए हैं। लेकिन, इससे प्रतिस्पर्धा में कोई कमी नहीं आई है। LAC पर अब भी करीब 50,000 सैनिक हैं। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ चीन का करीबी सहयोग देखने को मिला था। हिंद महासागर में उसकी बढ़ती गतिविधियों से भी वह ज्यादा भरोसे के लायक नहीं है। ऐसे सफाई अभियान से भले ही PLA अपनी ताकत बढ़ा ले, मगर LAC पर शांति और यथास्थिति रह सकती है।

क्षमता बढ़ाए भारत । भारत लगातार चीन के साथ संबंधों को प्रभावित करने वाली संधि, समय और अस्पष्टता जैसी तीन रणनीतियों को लेकर गलत रहा है। भारत संधि को बाध्यकारी मानता है, जबकि चीन उन्हें विरोधी के व्यवहार को आकार देने का साधन। ऐसे में नई दिल्ली का संयम पेइचिंग का दुस्साहस बढ़ाता है। भारत के लिए द्विपक्षीय रिश्तों को समय देना स्थिरता का कारक है, जबकि चीन समय का उपयोग अपनी तैयारी को और मजबूत करने और धीरे-धीरे तथ्यों को बदलने के लिए करता है। वह कभी किसी अस्पष्टता को हल नहीं करता, बल्कि उसे अपनी ताकत बनाता है। इसलिए भारत को भी अपनी LAC नीति को प्रोएक्टिव बनाने पर ध्यान देना होगा। PLA के भीतर उथल-पुथल भारत के लिए क्षमता बढ़ाने और खुद को मजबूत करने का एक मौका है।

(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रफेसर हैं)

PLA पर एक्शन

- चीन में स्वतंत्र सत्ता को खत्म करना चाहते हैं चिनफिंग
- चीनी सेना में अब लंबे समय तक रहेगी हलचल
- LAC पर आगे भी शांति और स्थिरता देखने को मिल सकती है

सज़ा नहीं, इनाम देने से बचेगा पर्यावरण

इतिहास बताता है कि जब पर्यावरण बचाने की कोशिशें सिर्फ सजा और पाबंदी नहीं, आर्थिक प्रोत्साहन से जुड़ी होती हैं, तो नतीजे ज्यादा असरदार होते हैं। 1990 के दशक में अमेरिका ने 'कैप एंड ट्रेड' सिस्टम अपनाया। इसके जरिए फैक्ट्रियों को तय सीमा से अधिक प्रदूषण करने से रोका गया। साथ ही साफ तकनीक अपनाने वालों को आर्थिक फायदा भी मिला। नतीजा, एसिड रेन के लिए जिम्मेदार सल्फर डाइऑक्साइड का उत्सर्जन तेजी से घटा।

अविनाश चंद्र

कार्बन क्रेडिट । इसी तरह, लंदन की टेम्स नदी को 1950 के दशक में 'जैविक रूप से मृत' माना जाता था। सख्त प्रदूषण नियमों और पर्यावरण से जुड़े व्यापारिक उपायों की वजह से आज वही नदी दुनिया की सबसे साफ महानगरीय नदियों में गिनी जाती है। दुनिया भर में आज इस सोच को अपनाया जा रहा है। वैश्विक कार्बन क्रेडिट बाजार 2025 तक लगभग $87 अरब डॉलर का हो चुका था और 2026 में इसके 1.2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो जाने का अनुमान है। इस साल के बजट के जरिये भारत भी इसी तरह के बाजार आधारित समाधान को अपनाने की दिशा में बढ़ रहा है।

लाभदायक व्यवसाय । बजट में कार्बन क्रेडिट को धीरे-धीरे विकास का एक अनिवार्य हिस्सा बनाने की झलक दिखाई दी है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सरकार ने सजा देने वाली नीति की जगह प्रोत्साहन का रास्ता चुना है। कार्बन क्रेडिट इसी नीति का नतीजा है। इसमें प्रदूषण कम करना नैतिक जिम्मेदारी के साथ लाभदायक व्यवसाय भी बनता दिखाई दे रहा है।

तकनीक को बढ़ावा । बजट में सरकार ने उन उद्योगों के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जहां उत्सर्जन पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं। इन्हें कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन और स्टोरेज (CCUS) तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह तकनीक धुएं से कार्बन को सोखकर उसे ठोस कचरे या अन्य उत्पादों में बदल देती है। इससे कंपनियां 'कार्बन क्रेडिट' कमा सकती हैं।

किसानों के लिए मौका । बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' को कृषि से और किसानों को कार्बन बाजार से जोड़ना है। किसानों को अब पेड़ लगाकर, प्राकृतिक खेती अपनाकर और मृदा स्वास्थ्य में सुधार करके कार्बन क्रेडिट अर्जित करने का अवसर दिया जाएगा। इन क्रेडिट्स को इंटरनैशनल एयरलाइंस या गूगल और एपल जैसी टेक कंपनियां खरीद सकेंगी। ये कंपनियां जो कार्बन पैदा करती हैं, उसकी भरपाई इन क्रेडिट्स से होगी, जबकि किसानों को अच्छी-खासी कमा करने का भी मौका मिलेगा।

बाजार की जरूरत । बजट में भारतीय कार्बन बाजार को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की तैयारी दिखती है। भारी उत्सर्जन करने वाले उद्योगों के लिए विशिष्ट उत्सर्जन सीमा तय की गई है, नैशनल डिजिटल रजिस्ट्री का प्रावधान है, EU के कार्बन टैक्स से भारतीय निर्यातकों को बचाने के लिए देश का अपना मजबूत कार्बन बाजार होना जरूरी है।

(लेखक पब्लिक पॉलिसी के जानकार हैं)

कॉमन रूम

AI Image

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

बोलिए, लेकिन समय पर चुप रहना भी है ज़रूरी

संजय तेवतिया

हमारे जीवन में वाणी और मौन, दोनों महत्वपूर्ण हैं। आमतौर पर लोग बोलने को अपनी अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा साधन मानते हैं, लेकिन मौन की गहराई को नजरअंदाज कर देते हैं। सच कहा जाए तो मौन एक गहन साधना है और सोच-समझकर बोलना उच्च कोटि की कला। इन दोनों का संतुलन ही व्यक्ति को परिपक्व, विवेकशील और प्रभावशाली बनाता है।

जब व्यक्ति मौन में रहता है, तब अपने भीतर झांकने का अवसर पाता है। ऋषि-मुनियों और संतों ने सदियों से मौन को साधना का महत्वपूर्ण अंग माना है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में, जहां हर ओर शोर, तनाव और अव्यवस्था है, वहां मौन व्यक्ति को मानसिक शांति प्रदान करता है। मौन रहकर व्यक्ति न केवल स्वयं को, बल्कि दूसरों को भी बेहतर ढंग से समझने लगता है। मौन का एक बड़ा गुण है कि यह व्यक्ति को अनावश्यक विवादों से बचाता है। कई बार आवेश में आकर बोले गए शब्द रिश्तों में दरार डाल देते हैं। यदि ऐसे क्षणों में व्यक्ति मौन धारण कर ले, तो परिस्थितियों को बिगड़ने से रोका जा सकता है। मौन धैर्य सिखाता है और सहनशीलता को बढ़ाता है।

AI Image

दूसरी ओर, सोच-समझकर बोलना एक कला है, जो अभ्यास और विवेक से विकसित होती है। हर व्यक्ति बोल सकता है, लेकिन सही समय पर, सही शब्दों में और सही भाव के साथ बोलना सभी के वश की बात नहीं होती।

सोच-समझकर बोला गया एक वाक्य सामने वाले के मन को छू सकता है, जबकि बिना विचार के कही गई बात गहरा घाव भी दे सकती है। सोच-समझकर बोली गई बात विश्वास पैदा करती है और संबंधों को मजबूत बनाती है। इसके विपरीत कटु और असंतुलित वाणी व्यक्ति की छवि को नुकसान पहुंचाती है।

मौन और वाणी के बीच संतुलन अत्यंत आवश्यक है। हर परिस्थिति में न तो मौन उचित होता है और न ही हर समय बोलना। जहां अन्याय हो रहा हो, वहां मौन कायरता है और जहां शब्दों से स्थिति बिगड़ सकती हो, वहां मौन ही सबसे बड़ा उत्तर होता है। ऐसे में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि व्यक्ति बोलने से पहले विचार करे और आवश्यकता पड़ने पर मौन को अपनाए।

कांटे की बात

मारियानो ने कैंसर को भी 'चूहा' बनाया

पैंक्रियाज कैंसर को दुनिया की सबसे खतरनाक और जानलेवा बीमारियों में माना जाता है। लेकिन, स्पेन के नैशनल कैंसर रिसर्च सेंटर (CNIO) के प्रमुख वैज्ञानिक मारियानो बारबासिड (Mariano Barbacid) ने उम्मीद जगाई है।

मैं और मेरे भाई, पिता इमरान खान से मिलना चाहते हैं। 914 दिनों से उन्हें अकेले जेल में रखा गया है, जबकि उनकी सेहत खराब हो रही है। सरकार हमें वीजा नहीं दे रही है। बच्चों को उनके पिता से मिलने का अधिकार न देना सामूहिक सजा है।

कासिम खान, इमरान खान के बेटे

सप्ताह की शख्सियत

पैंक्रियाज कैंसर ठीक किया

मारियानो 40 बरसों से कैंसर पर रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने हाल में चूहों में पैंक्रियाज कैंसर को पूरी तरह ठीक कर दिया। उन्होंने टीम के साथ मिलकर तीन दवाओं के कॉम्बिनेशन से ऐसा असरदार इलाज तैयार किया, जो कैंसर बढ़ाने वाले प्रोटीन को रोकता है। इसका साइड इफेक्ट भी कम रहा। मारियानो ने 1980 के दशक में यह पता लगाने में मदद की थी कि कैंसर जेनेटिक बीमारी भी है।

बीमारी को समझने में मदद

मारियानो ने RAS oncogene की खोज में अहम भूमिका निभाई। इसी जीन के खराब होने पर कोशिकाएं बिना कंट्रोल के बढ़ने लगती हैं और कैंसर बनता है। उन्होंने CNIO को स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई, जो कैंसर पर काम करने वाले सबसे बड़े संस्थानों में है। रिसर्च से यह मदद मिली कि कैंसर को दवाओं के जरिये भी रोका जा सकता है। उनकी स्टडी के आधार पर कई दवाएं बनी हैं।

- अभिषेक मिश्र

जनता जंक्शन

इरफान

किताब छपी नहीं और सियासत गरमा गई

पूनम पाण्डे

एक किताब में लिखी बातों को लेकर हफ्ते की शुरुआत से लोकसभा में गतिरोध जारी है। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की ऑटोबायोग्राफी के हवाले से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी बात रखना चाहते हैं। लेकिन, सरकार की दलील है कि किसी अप्रकाशित किताब के हवाले से कुछ नहीं कहा जाना चाहिए। विपक्ष को किताबी भाषा में ही जवाब देने के लिए BJP सांसद निशिकांत दुबे दर्जनों किताबों के साथ लोकसभा पहुंच गए। जनरल नरवणे की ऑटोबायोग्राफी 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' भले अभी रिलीज नहीं हुई, लेकिन इसने सरकार, विपक्ष, जनता, लेखक-प्रकाशक जैसे फोर स्टार्स ऑफ पॉलिटिक्स को जन्म दे दिया है।

मंजूरी का इंतजार

किताब का हवाला देते हुए विपक्ष को सरकार पर पुराने आरोप दोहराने का मौका मिल गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने का ऐलान किया है, राहुल गांधी तब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'सरेंडर' करने का आरोप लगा रहे हैं। सदन में राहुल फिलहाल चीन का मसला उठा रहे हैं, लेकिन किताब में अग्निपथ पर जो लिखा है उस पर विपक्ष पहले भी सवाल उठा चुका है। राहुल गांधी जिस तरह आक्रामक दिख रहे, उससे लगता है कि यह मामला जल्दी शांत होने वाला नहीं है।



सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा था कि अप्रकाशित किताब के हवाले से कोई भी दावा कैसे किया जा सकता है। हालांकि किताब क्यों नहीं छपी, इस पर सरकार चुप है। दिसंबर 2023 में ही पेंगुइन ने जनरल नरवणे की 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का ऐलान किया था। तब इसका प्री-ऑर्डर भी लिया जा रहा था। किताब जनवरी 2024 में ही आनी थी, लेकिन इसकी रिलीज रोक दी गई। कहा गया कि रक्षा मंत्रालय से इसकी मंजूरी नहीं मिली है।

रक्षा मंत्रालय भी नहीं बता रहा है कि पूर्व सेना प्रमुख की इस किताब को क्लियरेंस कब मिलेगी और मिलेगी या नहीं। सवाल उठ रहे हैं कि रिव्यू के लिए कोई तय मियाद भी है क्या? अगर क्लियरेंस नहीं देनी है तो इसकी जानकारी लेखक और प्रकाशक को दी जाती है या नहीं, और क्या उन्हें इसकी वजह बताई जाती है?

राहुल को कैसे मिली किताब

संसद में यह मुद्दा उठने के बाद चर्चा तेज हो गई कि किताब कैसे मिलेगी? राहुल जब किताब लेकर सदन पहुंचे तो पूछा जाने लगा कि उन्हें यह कहां से मिल गई? राहुल ने कहा कि आप अंदाजा लगा सकते हैं। कहा जा रहा है कि प्री-ऑर्डर के लिए किताब की प्रिंटिंग हुई थी, लेकिन रिलीज पर रोक के बाद प्री-ऑर्डर कैंसल कर दिए गए। संसद में विवाद पर अब तक न तो लेखक और न प्रकाशक ने कुछ कहा है। ऐसे में सवाल है कि 432 पन्ने की यह किताब महज राजनीतिक विवाद बन कर रह जाएगी या लोगों के हाथ भी आएगी?

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

संवाद में संयम हो

5 फरवरी का संपादकीय 'हंगामा है बरपा' पढ़ा। संसद जैसे गरिमामय मंच पर शोर-शराबा ही चर्चा का विषय बन गया है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील जैसे गंभीर मुद्दों पर बहस की जगह व्यक्तिगत टिप्पणियां और शब्दों की तल्खी हावी है। बहस के दौरान कड़वे शब्द राजनीतिक मर्यादा तो तोड़ते ही हैं, लोकतांत्रिक संवाद को भी कमजोर कर देते हैं। विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, पर उसका उद्देश्य कामकाज ठप करना नहीं होना चाहिए। उम्मीद है कि सत्ता और विपक्ष दोनों देशहित को प्राथमिकता देंगे और संसद को संवाद का मंच बनाएंगे।

कौशल यादव, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: cci Time: 02-05-2026 21:47 Color:

लड़कियों को बचाने वाले मुकेश हमारे हीरो

ईव टीजिंग का किया विरोध तो चार लड़कों ने बेरहमी से मारा

■ नवीन निश्चल, संगम विहार

सरेआम जब कुछ लड़कियों को बदमाश छेड़ रहे थे तो उस वक्त रोड पर बहुत लोग मौजूद थे लेकिन इसके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत सिर्फ एक शख्स मुकेश सिंह ने ही की। भले ही उन चार बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला किया लेकिन मुकेश की यही बहादुरी उन्हें रियल लाइफ हीरो बना गई। इस घटना के बाद मुकेश सिर्फ एक आम युवक नहीं रहे, बल्कि वह उन चंद लोगों में शामिल हो गए जो आज भी गलत के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत रखते हैं।

अपने साथ हुई इस वारदात के बारे में मुकेश सिंह ने बताया कि वह संगम विहार इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। साथ ही ट्रांसपोर्ट का काम भी करते हैं। मामा के यहां शादी फंक्शन में गए थे, जब सुबह 5 बजे के आसपास लौट रहे थे, तो चाय पीने की तलब लगी। वह इग्नू रोड पर गाड़ी रोककर चाय की टपरी पर पहुंच गए। वहां पर देखा कि कुछ युवक अपशब्द का इस्तेमाल लड़कियों के साथ ईव टीजिंग कर रहे थे। मुकेश ने कहा कि उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा, 'भाई ऐसा नहीं बोलते, यह बात अच्छी नहीं है।' इतना ही बोला और उन लड़कों में से एक ने उनके पीछे से आकर ईंट नुमा कोई भारी चीज से उनके सर पर दे मारा।

उसके बाद मुकेश गिर गए और उन चारों ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। खींचकर कोने में ले गए और वहां लात घूंसों से उसपर हमला किया। लेकिन उस दौरान कोई भी शख्स मदद के लिए आगे नहीं आया। सब तमाशा देखते रहे थे, मुकेश ने बताया कि अचानक एक मुस्लिम बुजुर्ग मदद के लिए आगे आए और उन्होंने मुकेश को बचाया। क्योंकि वो लड़के पत्थर से हमला करने वाले थे, जिसमें उनकी जान भी जा सकती थी।

चारों आरोपी किए गए गिरफ्तार

मुकेश पर जानलेवा हमले के मामले में विशाल, जतिन, सोनू और विवेक को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ अलग-अलग कई धाराओं में FIR दर्ज किया गया है। डीसीपी साउथ ने सभी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को 3 फरवरी को PCR कॉल मिली कि अनुपम अपार्टमेंट इग्नू रोड साकेत के पास एक शख्स की पिटाई की गई है। मौके पर जब पुलिस टीम पहुंची तो पता चला कि घायल मुकेश को मदन मोहन मालवीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है।

बग्गी चलाने वाले की हत्या, महिला समेत दो गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सीलमपुर इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक बग्गी चालक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस वाले मौके पर पहुंचे और भाग रहे महिला समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। नॉर्थ ईस्ट जिला के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान 54 वर्षीय बनारसी दास के रूप में हुई है। वह अपने बेटे रिंकू और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सीलमपुर इलाके में रहते थे। वह मूलरूप से बुलंदशहर, यूपी के रहने वाले थे और गौतमपुरी इलाके में शादियों में घोड़ी बग्गी चलाते थे। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे सीलमपुर पुलिस को सूचना मिली कि एक बेहोश व्यक्ति को कुछ लोग जगप्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर गए हैं। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि बनारसी दास को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

लूटपाट का विरोध करने पर गला दबाकर कर दी हत्या

आपत्तिजनक नारे लिखने के आरोप में स्पेशल सेल ने दो पकड़े

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** 26 जनवरी से पहले दिल्ली में दो जगहों पर भारत विरोधी नारे लिखे मिलने की घटना के सिलसिले में स्पेशल सेल ने एंबुलेंस ड्राइवर बलविंदर और उसके साथी रोहित उर्फ कौशल को गिरफ्तार किया है। सिख्स फॉर जस्टिस के फाउंडर गुरपतवंत सिंह पन्नू के एक करीबी साथी ने इस काम को अंजाम देने के लिए दोनों आरोपियों को हायर किया था। स्पेशल सेल ने कहा कि पूरा प्लान कनाडा में बनाया गया था और पन्नू ने इस काम के लिए 2 लाख रुपये की पेशकश की थी। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड, जो तिलक नगर का रहने वाला है, वह 26 जनवरी से कुछ दिन पहले कनाडा गया था और पन्नू के सीधे संपर्क में था।

पुलिस अफसर के मुताबिक, आरोपियों ने दिल्ली में दो अलग-अलग जगहों पर भारत विरोधी नारे लिखकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। जांच में यह सामने आया है कि इस पूरी साजिश के तार विदेश से जुड़े हुए हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी बलविंदर दिल्ली में एंबुलेंस चालक के तौर पर काम करता है, जबकि रोहित उसका करीबी साथी है। दोनों आरोपियों से पुलिस की पूछताछ जारी है।

MATA RAJ KAUR INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
Vill.- Gangoli, PO - Saharanwas, Narnaul Road, Rewari (HR)-123401
Approved by the All India Council for Technical Education (AICTE), New Delhi,
Directorate of Technical Education, Haryana
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur, Rewari

ADVERTISEMENT FOR THE POST OF DIRECTOR
Applications are invited from eligible candidates for the following post:
1. Director (No.of Post - 01)
Qualifications, experience, and salary shall be as per AICTE/UGC/State Government/Indira Gandhi University, Rewari norms.
Eligible candidates may apply in the prescribed application form along with self-attested photocopies of all relevant testimonials and certificates within 21 days of the publication of this advertisement to: The Chairman, Mata Raj Kaur Institute of Engineering and Technology, Vill. Gangoli, P.O. Saharanwas, Distt. Rewari – 123401, Haryana.
Note:
1. Application may be submitted by hand or through registered post.
2. Application form are available in the Recruitment section of the Institute's website: www.mrk.ac.in
3. Only shortlisted candidates fulfilling the prescribed eligibility criteria will be called for interview.
4. No TA/DA shall be admissible for attending the interview.
5. No application processing fee is required.
6. Applications received after the due date shall not be considered.
7. Date of publication of advertisement: 06.02.2026
8. Last date for submission of application: 26.02.2026 (up to 05:00 PM)
Chairman
Contact No.: 8199933302, 9315244112, 9466776633
Email:admin@mrk.ac.in

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
वॉक-इन इंटरव्यू
पद का नाम
सहायक प्रबंधक (सुरक्षा-स्वास्थ्य-पर्यावरण)
संविदात्मक आधार पर
दिनांक: 17.02.2026
रिपोर्टिंग समय: 10.00 बजे से 12.00 बजे तक
स्थान: मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, द्वितीय तल, चर्चगेट स्टेशन भवन, चर्चगेट, मुंबई – 400020
विस्तृत अधिसूचना के लिए वेबसाइट www.mrvc.indianrailways.gov.in पर लॉगिन करें।
नोट: इस भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र अथवा अद्यतन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

To book online visit auto.mahindra.com.

SOUTH DELHI: KONCEPT AUTOMOBILES: LAJPAT NAGAR: 8448791672, SYNERGY CARS: SAFDARJUNG ENCLAVE: 8448791662, SHIVA AUTO: SAKET: 7669783680, MALWA MOTORS: MAHIPALPUR: 9289773666, UNITED AUTOMOBILES: MOHAN ESTATE: 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES: • OKHLA PHASE 1: 8448791672 • SOUTH WEST DELHI: SHUBAN SAI MAHINDRA MARBLE MARKET, DWARKA/SEC 20, 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI: MALWA MAHINDRA: KAROL BAGH: 9289524166, DARYAGANJ: 9289923362, 9289809360, • WEST DELHI: SRI DURGA: MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: JANAKPURI: 9821500363, MALWA MAHINDRA: NARAINA: 92056 66547 • EAST DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: ASHOK NAGAR: 9953424546, SHIVA AUTO: DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ/NIRMAN VIHAR: 8929172582 • NORTH DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: WAZIRPUR: 7290055619, SHAKTI NAGAR: 9311011260, NARELA 9289263814 • NORTH WEST DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: PRASHANT VIHAR: 9289263813 • FARIDABAD: UNITED AUTOMOBILES: NHPC CHOWK: 7428081661, PRIME AUTOMOBILES: YMCA CHOWK/HODAL/PALWAL: 9354601752 • NOIDA: KONCEPT AUTOMOBILES: NOIDA (SEC-2): 9289937566, NOIDA (SEC-63/75): 9289937566 • GREATER NOIDA: KONCEPT AUTOMOBILES: GREATER NOIDA WEST/JEWAR: 9289937566 • GURUGRAM: KONCEPT AUTOMOBILES: MG ROAD: 9289117279, SOHNA ROAD: 9289117279, RAJEEV CHOWK: 9289117279, SOHNA: 9289117279, ARAV MOTORS: MANESAR: 9289220861, DEE EMM: ATUL KATARIA CHOWK/PATAUDI/SECTOR-14:8929648040, GOLF COURSE: 8929648021 • GHAZIABAD: SHIVA AUTO: VAISHALI METRO STATION: 7290055615, LONI: 7290055612, MODINAGAR: 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA: LOHCHAB MOTORS: ROHTAK/JHAJJAR/BAHADURGARH/MEHAM: 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI: 8607600241, 8607600251, DHARUHERA: 8607600207, NARNAUL:8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH: 8743812345, SONIPAT DRIVE PVT. LTD: SONIPAT: 7082911250/270/279, GOHANA : 7082911300, GANAUR : 7082911321

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-05-2026 22:16 Color:

मुस्कुराहट और याददाश्त
रिसर्च बताते हैं कि जब आप मुस्कुराते हुए किसी से कोई जानकारी शेयर करते हैं, तो सामने वाला उसे काफी लंबे समय तक याद रखता है।

विचार

जो समय गुजर गया, उसे पलटकर फिर से जी पाना या नई शुरुआत करना किसी के हाथ मे नही होता।
लेकिन जिंदगी यही रुकती भी नही है। अगर आप आज, इसी पल हिम्मत जुटाकर पहला कदम बढ़ा दे, तो अपनी कहानी का आखिरी पन्ना बिल्कुल नया, बेहतर और उम्मीदो से भरा लिख सकते है।
- कार्ल बार्ड (Carl Bard)

ज़रा हंस लें

भिखारी : भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हू.
राहगीर : तीन दिन से भूखा है, तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी : वजन देखना है, कि कितना घटा है.....

कविता

कभी न तू मुरझाए

AI Image

तेरे चहरे पर मुस्कान रहे
तेरे चेहरे पे सदा मुस्कान रहे
तू जिंदगी मे सदा खुशहाल रहे
तेरा फूल सा चेहरा खिला रहे
तेरे चारो ओर खुशबू रहे
कभी न तू मुरझाए
कभी भी तुम पर कोई संकट आए नही
तेरे जीवन मे सदा बहार रहे
खुशियो की बरखत तुम पर होती रहे
तू हंसती रहे, मुस्कुराती रहे
खुशियो के फूल खिलाती रहे।

- श्रीचंद रैकवार, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमे ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक मे छपने का मौका।

नीली झील बनेगी दिल्ली की पहली रामसर साइट !

98 रामसर साइट्स है हमारे देश मे अब तक

11 से अधिक रामसर साइट्स घोषित हुई है 2025 मे

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली : नीली झील** को रामसर साइट का दर्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह दिल्ली की पहली रामसर साइट होगी। देश मे अभी तक कुल 98 रामसर साइट्स है। साल 2025 मे 11 से ज्यादा रामसर साइट्स घोषित की गई थीं, जबकि 2026 में अब तक दो नई साइट्स को यह दर्जा मिला है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि असोला भाटी वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में स्थित 5.16 हेक्टेयर एरिया वाली नीली झील को रामसर साइट घोषित करने की प्लनिंग की जा रही है। केंद्र सरकार से बातचीत चल रही है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय जल्द ही इससे जुड़ा पूरा प्लान तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि नीली झील को संभावित रामसर साइट के रूप मे देखा जा रहा है।

अभी तक दिल्ली में रामसर साइट के लिए सिर्फ इसी जगह पर विचार किया गया है। इस प्रस्ताव पर पिछले कुछ समय से काम चल रहा है और जल्द ही केंद्र सरकार के साथ एक रिपोर्ट साझा की जाएगी।

कम से कम 20 हजार पक्षी

किसी जगह को रामसर साइट तब घोषित किया जाता है, जब वहां हर साल कम से कम 20 हजार पक्षी आते हों या किसी एक प्रजाति की कुल आबादी का एक प्रतिशत वहां पाया जाता हो। ऐसे में संबंधित वन विभाग और जिला प्रशासन एक प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजता है। इसके बाद यह प्रस्ताव केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और फिर संयुक्त राष्ट्र को भेज जाता है। सभी मापदंडों की जांच के बाद UN रामसर साइट का दर्जा देता है। लिस्ट में शामिल होते ही उस झील को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल जाती है और वहां टूरिजम बढ़ता है।

क्या होती है रामसर साइट्स

रामसर साइट्स को रामसर कंवेंशन के तहत अंतरराष्ट्रीय महत्व की कैटिगरी दी जाती है। रामसर कंवेशन एक पर्यावरण संधि है, जो साल 1971 में ईरान के रामसर शहर में हुई थी। भारत इस संधि का एक फरवरी 1982 को हिस्सा बना था। किसी भी झील या नमभूमि को रामसर साइट माने जाने के लिए जैव विविधता का संरक्षण, इकोलॉजिकल बैलेंस और प्रवासी जल पक्षियों के लिए हैबिटेट होना जरूरी होता है।

इस साल दो रामसर साइट्स हो चुकी है घोषित
दिल्ली-NCR की रामसर साइट्स- सुल्तानपुर नैशनल पार्क, सिलीसेढ़ लेक



बुलाते है आर्टिफिशल झरने, यहां सेफ व्यू पॉइंट भी

नीली झील में सैलानियों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है। जंगल के बीच इस झील का पानी नीले रंग का नजर आता है। इसे इको टूरिजम के तौर पर डिवेलप किया गया है। यहां बने आर्टिफिशल झरने लोगों के लिए खास आकर्षण है। मैदानबढ़ी एंट्री पॉइंट से नीली झील करीब 5 किलोमीटर दूर है। इन आर्टिफिशल झरनों के लिए झील से पंप के जरिए करीब 100 फीट ऊंचाई तक पानी ले जाया जाता है और फिर वहां से पानी वापस झील में गिरता है। इसके लिए 15 हॉर्स पावर का पंप लगाया गया है, जो सोलर पावर से चलता है और शोर भी नही करता। झरनों को देखने के लिए सेफ व्यू पॉइंट बनाए गए हैं, जहां से पक्षी भी दिखाई देते है। लोगों की सुविधा के लिए वैफेटेरिया और पब्लिक टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। ये सभी सुविधाएं पूरी तरह इकोफ्रेंडली चीजों से बनाई गई हैं। इसके साथ ही इस पूरे इलाके को नो प्लास्टिक जोन बनाया गया है।

गिद्दा की ताल पर थिरकते कदम और उमंग की लहरें

Nitin Dhawan

मोहाली मे कार्निवल के रंगीन मंच पर पंजाब सखी शक्ति मेले की रौनक। झूमते कदम, रंग-बिरंगे परिधान और हंसी की लहरें। 10 दिनों के इस फेस्ट में ढोलक की थाप और गीतो की मिठास मिलकर ऐसा दृश्य रच रही हैं, जो दिलो मे रोशनी और उम्मीद भर दे।

NBT जन्मदिन मुबारक

नोरा फतेही

6 फरवरी 1992 को कनाडा मे जन्मी नोरा फतेही ने अपने डांस की बदौलत हिंदी सिनेमा मे अलग पहचान बनाई है। साउथ की कई फिल्मों मे भी उन्होंने काम किया है।

संजय निरुपम



शिवसेना नेता संजय निरुपम का जन्म 6 फरवरी 1965 को हुआ था। पत्रकारिता करते हुए 1993 मे सामना के मुख्य संपादक बने। वह कांग्रेस पार्टी से सांसद भी रहे है।

श्रीशांत

श्रीशांत का जन्म 6 फरवरी 1983 को हुआ था। वह 2007 T20 वर्ल्ड कप और 2011 वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा थे। 2007 के फाइनल मैच मे विनिंग कैच पकड़ा था।

अंगद सिंह बेदी

एक्टर और मॉडल अंगद बेदी का जन्म 6 फरवरी 1983 को हुआ था। कई हिंदी फिल्मों मे उन्होंने काम किया। इसके अलावा कई टीवी और वेब सीरीज मे भी नजर आए हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर हर परिवार को अब स्पेशल ट्रीटमेंट

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट ने Family@DEL नाम से एक नई सुविधा शुरू की है, जो परिवारों को आरामदायक सफर देगी। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि इस सर्विस के साथ एक अलग कॉरिडोर बना गया है, जहां से उन लोगों को अलग से एंट्री दी जाएगी, जो बच्चों या बुजुर्गों के साथ यानी परिवार के साथ हैं। इस सर्विस के साथ एंट्री गेट से लेकर बोर्डिंग गेट तक स्टाफ उनके साइड करता रहेगा।

Family@DEL सर्विस गुरुवार को लॉन्च हुई। इसका उद्देश्य बच्चों, बुजुर्गों और परिवार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को आसान और आरामदायक सफर देना है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यह पहल परिवारों की जरूरतों को ध्यान मे रखकर बनाई गई है, ताकि उनकी यात्रा अधिक आरामदायक, सुरक्षित और टेंशन फ्री हो सके। Family@DEL के साथ दिल्ली एयरपोर्ट यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक अनुभव देने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहा है। इस पहल के तहत फ्रीक्वेंट उड़ानों से यात्रा करने वाले परिवारों को एयरपोर्ट पर अलग एंट्री गेट, फैमिली चेक-इन काउंटर, जल्द सुरक्षा जांच और बैठने की खास व्यवस्था मिलेगी। जरूरत पड़ने पर यात्रियों को बग्गी सेवा भी दी जाएगी, जिससे वे आसानी से बोर्डिंग गेट तक पहुंच सकें।

यह सुविधा दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1, 2 और 3 पर फ्रीक्वेंट यात्रियों के लिए शुरू की गई है। Family@DEL सुविधा में बच्चों के लिए बेबी स्टोलर, बेबी केयर रूम, फूड कोर्ट में परिवारों के लिए अलग से जगह, बच्चों के हिसाब से स्पेशल मेन्यू, बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों के लिए अनुकूल वॉशरूम और मदद के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित स्टाफ भी मौजूद रहेगा।

Family@DEL से मिलेगा अब लाइन से छुटकारा, इंतजार होगा कम

AI Image

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

बकाया मामले में Vi आगे : केंद्र

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** टेलिकॉम कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 तक सरकार को AGR (एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) के बकाये के रूप में कुल 1.77 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान करना है। संसद में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया (Vi) पर सबसे ज्यादा 89,952 करोड़ रुपये की देनदारी है। भारती ग्रुप को 51,091 करोड़ रुपये, टाटा ग्रुप को 20,426 करोड़ रुपये, एमटीएनएल (MTNL) को 14,462 करोड़ रुपये और रिलायंस जियो इन्फ्लोकॉम को 1,984 करोड़ रुपये चुकाने है।

GST ई-वे बिल में बदलाव की तैयारी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर ई-वे बिल (e-way bill) के सिस्टम को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे पर अगली जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा की जाएगी।

REITs, InvITs के लिए नए प्रस्ताव

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने गुरुवार को एक नया प्रस्ताव रखा है। इसके तहत REITs और InvITs के लिए लिक्विड म्यूचुअल फंड स्कीमों में निवेश करने का दायरा बढ़ाया जाएगा। फिलहाल, ये संस्थान केवल उन्हीं लिक्विड स्कीमों में पैसा लगा सकते हैं जिनकी क्रेडिट रिस्क वैल्यू बहुत ज्यादा और रिस्क क्लास सबसे टॉप पर होती है।

सस्ते छातों के आयात पर रोक

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** सरकार ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए छातों के आयात पर 100 रुपये प्रति पीस का न्यूनतम आयात मूल्य (MIP) तय कर दिया है। अब 100 रुपये से कम दाम वाले छाते को विदेश से मंगाने की इजाजत नहीं होगी। इसका मकसद देश के कारोबार को मजबूत करना है।

अब खाड़ी के 6 देशों से FTA

भारत और GCC ने बातचीत शुरू करने के दस्तावेज़ पर दस्तखत किए

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** भारत और खाड़ी क्षेत्र के 6 देशों के समूह गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (GCC) ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। दोनों पक्षों ने FTA पर बातचीत औपचारिक रूप से शुरू करने के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर दस्तखत किए। इस मौके पर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि इस FTA से दोनों पक्षों के लिए ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

गोयल ने कहा, 'दोनों पक्ष एक-दूसरे से करीब 5000 साल से ज्यादा समय से व्यापार कर रहे हैं। GCC के देशों में पहले ही भारत के करीब 1 करोड़ लोग रह रहे हैं, काम कर रहे हैं और वहां की आर्थिक समृद्धि में योगदान कर रहे हैं। इस समझौते से हमारे संबंध और मजबूत होंगे। इनवेस्टमेंट बढ़ाने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों के लिए एनर्जी और फूड सिक्योरिटी को मजबूती मिलेगी। हमारे किसानों को फायदा होगा।'

कौन-कौन देश शामिल हैं?

GCC में सऊदी अरब, UAE, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन सहित 6 देश हैं। UAE के साथ FTA 2022 में हो चुका है और ओमान के साथ कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट पिछले साल हुआ था। हालांकि पूरे ब्लॉक के रूप में GCC से ऐसा करार नहीं है। गोयल ने कहा, 'इस ब्लॉक लेवल FTA से दोनों पक्षों के बिजनेस का तालमेल और बढ़ेगा। वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही ज्यादा आसानी से बढ़ेगी। पॉलिसी लेवल पर स्टेबिलिटी आएगी।'

टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर भारत के मुख्य वार्ताकार और अडिशनल कॉमर्स सेक्रेटरी अजय भादू और GCC के मुख्य वार्ताकार रजा अल मरजूकी ने दस्तखत किए। भारत और GCC के बीच FTA पर 2006 और 2008 में बातचीत हुई थी, लेकिन बाद में GCC ने सभी देशों से आर्थिक मामलों में बातचीत बंद कर दी थी।

नई दिल्ली में भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) के लिए नियम और शर्तों पर दस्तखत किए गए।

भारत का क्या कहना है?

गोयल ने कहा, 'हमारा द्विपक्षीय व्यापार अभी करीब 179 बिलियन डॉलर का है। मुझे विश्वास है कि GCC देशों को जिन उत्पादों और सेवाओं की जरूरत है, उन्हें हमारे युवा और टैलेंटेड भारतीय उपलब्ध करा सकते हैं, वहीं GCC देश हमें ऊर्जा स्रोतों का दायरा बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।'

> इस समझौते से हमारे संबंध और मजबूत होंगे। इनवेस्टमेंट बढ़ाने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों के लिए एनर्जी और फूड सिक्योरिटी को मजबूती मिलेगी। हमारे किसानों को फायदा होगा।
> *-पीयूष गोयल, वाणिज्य-उद्योग मंत्री*

इसलिए अहम है

रूस से क्रूड ऑयल की खरीद बंद करने के अमेरिकी दबाव के बीच भारत ने कई देशों से तेल खरीद शुरू की है। सऊदी अरब और कतर जैसे GCC के देशों से पहले से क्रूड ऑयल और LNG की बड़ी खरीद हो रही है। FTA के जरिए एनर्जी सिक्योरिटी बेहतर होगी। भारत के कुल वैश्विक व्यापार में GCC का हिस्सा 15.4% है। पिछले 5 वर्षों में इनसे द्विपक्षीय व्यापार सालाना 15.3% की दर से बढ़ा है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

5 वर्षों में US से कर सकते हैं 500 बिलियन डॉलर की खरीदारीः गोयल

तेज़ी से बढ़ते भारत की जरूरतों पर आधारित है अनुमानः मंत्री

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका से व्यापार समझौते के तहत वहां से 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी करने की जो बात है, वह देश की बढ़ती जरूरतों के अनुमान पर आधारित है।

पीयूष गोयल

गोयल ने कहा, '2047 में विकसित भारत बनने के लिए जिस तेजी से हम बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए हमें बड़ी मात्रा में एनर्जी, बड़ी संख्या में डेटा सेंटर उपकरण और स्टील उत्पादन की ज्यादा क्षमता जैसी चीजों की जरूरत होगी। अगले कुछ वर्षों में हमारी स्टील उत्पादन क्षमता दोगुनी होकर 30 करोड़ टन होने जा रही है।'

उन्होंने कहा, 'इसे देखते हुए हमने अमेरिका से अपनी जरूरतों का जो आकलन किया, उसके मुताबिक अगले 5 वर्षों में हम कम से कम 500 बिलियन डॉलर की खरीद अमेरिका से कर सकते हैं। जो तमाम ऑर्डर दिए गए हैं, उसके हिसाब से हमारी एयरक्राफ्ट की मौजूदा डिमांड ही करीब 70-80 बिलियन डॉलर की है। इंजन और दूसरे पार्ट्स को जोड़ दें तो यह लगभग 100 बिलियन डॉलर हो जाएगी। डेटा सेंटर्स को बजट में बड़ी रियायत दी गई है। अगर हमें 100-150 बिलियन डॉलर का निवेश डेटा सेंटर में मिले, तो इनके उपकरणों की भी बड़ी जरूरत होगी।'

गोयल ने कहा, 'पिछले साल फरवरी में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तो जाने की बात तय की थी। उसे हासिल करने के लिए हमें अमेरिका को काफी निर्यात करना होगा और वहां से काफी सेलिंग भी होगी।'

AI Image

'हमारी सप्लाई चेन मजबूत होगी'

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा, 'अमेरिका से समझौते ने हमने जो चीजें खरीदने का वादा किया है, दुनियाभर से उनकी हमारी मौजूदा खरीद 300 बिलियन डॉलर से ज्यादा की है। अगले 5 वर्षों यह खरीदारी 2 ट्रिलियन डॉलर तक हो जाने का अनुमान है। अगर हम अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी कर पाएंगे, तो डायवर्सिफिकेशन बढ़ाने में मदद मिलेगी और हमारी सप्लाई चेन मजबूत होगी। यह एक तरह से भारत के लिए फायदे की बात है।'

अब 200 करोड़ रु. वाली इकाइयां होंगी स्टार्टअप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सरकार ने स्टार्टअप्स की परिभाषा का दायरा बढ़ा दिया है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के नियमों के मुताबिक, 10 साल से कम समय की और 100 करोड़ रुपये तक सालाना टर्नओवर वाली इकाइयों को स्टार्टअप्स का दर्जा दिया जाता है। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने गुरुवार को बताया कि अब 200 करोड़ रुपये तक टर्नओवर की नई इकाइयों को स्टार्टअप का दर्जा मिलेगा।

> सरकार ने स्टार्टअप की परिभाषा का दायरा बढ़ाया

संशोधित परिभाषा के तहत डीप टेक स्टार्टअप्स को एक अलग कैटिगरी बनाई गई है। ऐसी इकाइयों के मामले में अब 20 साल तक की और पिछले वित्त वर्ष में 300 करोड़ रुपये तक टर्नओवर वाली इकाइयों को डीप टेक स्टार्टअप माना जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्टार्टअप्स का कारोबार मजबूत होने में लगने वाले ज्यादा समय, रिसर्च एंड डिवेलपमेंट की अधिक जरूरत और ज्यादा पैसे की आवश्यकता को देखते हुए इस कैटिगरी में स्टार्टअप्स माने जाने की पात्रता का दायरा बढ़ाया गया है और 10 के बजाय 20 साल तक पुरानी इकाइयों को डीप टेक स्टार्टअप कहा जाएगा। साथ ही, कृषि और संबंधित क्षेत्रों, ग्रामीण उद्योगों और समुद्राय आधारित उद्यमों में इनोवेशन आधारित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए को-ऑपरेटिव सोसायटीज को भी परिभाषा में शामिल किया गया है।

AI Image

RBI पॉलिसी से पहले निवेशक सहमे, सेंसेक्स 504 अंक टूटा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी बढ़त गुरुवार को थम गई। दुनिया भर के बाजारों में मंदी और देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच आरबीआई (RBI) के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों ने सावधानी बरती। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मेटल, आईटी और कैपिटल गुड्स के शेयरों में हुई भारी बिकवाली ने भी बाजार का सेंटिमेंट बिगाड़ दिया। सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60%) गिरकर 83,313.93 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 133.20 अंक (0.52%) गिरकर 25,642.80 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, भारती एयरटेल, BEL, ITC, इंफोसिस, रिलायंस, ICICI बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ट्रेंट, टाटा स्टील, SBI और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त देखी गई।

AI Image

चांदी 30,300 रु. सस्ती, सोना भी गिरा

दिल्ली में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखी गई। चांदी 10 प्रतिशत गिरकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं, सोना भी लुढ़कर कर 1.6 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी के दाम में 30,300 रुपये (10.16%) की गिरावट आई। अब चांदी (टैक्स सहित) 2,68,000 रुपये प्रति किलो पर बिक रही है। बुधवार को यह 2,98,300 रुपये पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी बड़ी गिरावट रही। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4,500 रुपये सस्ता होकर 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (टैक्स सहित) पर आ गया।

टाटा मोटर्स और एयरटेल पिछड़े, लाभ में रही LIC

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टाटा मोटर्स ने गुरुवार को दिसंबर 2025 में खत्म हुई तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी को 3,483 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 5,485 करोड़ का मुनाफा कमाया था।

■ **एयरटेल का मुनाफा आधे से भी कम :** टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल का मुनाफा तीसरी तिमाही में करीब 55 प्रतिशत गिरकर 6,630.5 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल कंपनी को 14,781.2 करोड़ रुपये का फायदा हुआ था। हालांकि, कंपनी की कुल कमाई (रेवेन्यू) 19.6 प्रतिशत बढ़कर 53,982 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

■ **LIC के मुनाफे में बढ़त :** पब्लिक सेक्टर की बीमा कंपनी LIC का मुनाफा 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल यह 11,056 करोड़ रुपये था।

AI Image

■ **IOC का मुनाफा चार गुना बढ़ा :** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) का मुनाफा चार गुना से ज्यादा बढ़कर 12,125.86 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी दौरान कंपनी ने 2,873.53 करोड़ रुपये कमाए थे।

■ **फायदे में हिंदुस्तान कॉपर और पीएफसी:** पब्लिक सेक्टर की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर का मुनाफा दो गुना से ज्यादा बढ़कर 156.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (PFC) का मुनाफा भी 6 प्रतिशत बढ़कर 8,211.90 करोड़ रुपये रहा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: vinay.vashisht@timesofindia.co Time: 02-05-2026 22:13 Color:

ऑनलाइन कैब सर्विस में अब भारत टैक्सी भी

अमित शाह ने देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की।

■ अमित शाह ने कहा कि फिलहाल यह टैक्सी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू की गई है।

■ अगले तीन साल में भारत टैक्सी सेवा को कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक पूरे देश में चालू कर दिया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि इस ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच से होने वाला लाभ इससे जुड़े ड्राइवरों को मिलेगा। यह सर्विस मौजूदा अन्य कैब सर्विस की तरह ऑनलाइन होगी। इस टैक्सी सेवा के तहत कस्टमर न केवल कार, बल्कि ऑटो और टू-व्हीलर की भी बुकिंग कर सकेंगे। इसमें सर्ज प्राइज नहीं होगा। महिलाओं के लिए महिला ड्राइवर मिलेंगी। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह औरों से बेहतर होगी। 5 लाख तक का सरकारी सुरक्षा योजना का लाभ भी मिलेगा। इमरजेंसी के लिए इसमें एसओएस बटन भी होगा। दिल्ली-एनसीआर में 3 हेल्पलाइन सेंटर भी बनाए गए हैं। इसमें कोई हिडन चार्ज यानी छिपी हुई कोस्ट कस्टमर से नहीं ली जाएगी। आने वाले समय में झारखंड और भी कई सारी सर्विस जोड़ी जाएंगी। इस सर्विस से अब तक करीब ढाई लाख ड्राइवर और साढ़े आठ लाख लोग जुड़ चुके हैं।

इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो, नागर विमानन मंत्रालय, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, नीएमआर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समेत कई स्टेक होल्डर के साथ एमओयू भी साइन किए गए। इस मंच से जुड़े ड्राइवरों को 'सारथी' कहा जा रहा है। यह उनके लिए स्वास्थ्य बीमा, ट्रांसपोर्ट बीमा, सेवानिवृत्ति बचत और समर्पित सहायता प्रणाली जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को भी प्राथमिकता देता है।

भारत टैक्सी के बारे में अधिकारियों ने बताया कि यह सर्विस भी अन्य ऑनलाइन कैब सर्विस जैसी होगी। फिलहाल देश के ऑनलाइन टैक्सी बाजार पर उबर, ओला और रैपिडो जैसी कुछ चुनिंदा कंपनियों का वर्चस्व है। बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत भारत टैक्सी मंच की स्थापना छह जून, 2025 को की गई थी। इस मंच पर न तो किसी कमिशन का प्रावधान है और न ही व्यस्त समय में किसी तरह की किराया बढ़ोतरी का प्रावधान होगा। इसमें मुनाफे का सीधा वितरण ड्राइवरों के बीच किया जाता है।

बंगाल के कर्मियों को मिलेगा DA

सुप्रीम कोर्ट का आदेश, 20 लाख सरकारी कर्मचारियों को राहत।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लगभग 20 लाख सरकारी कर्मचारियों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार को वर्ष 2008 से 2019 की अवधि के लिए अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (DA) के भुगतान का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि महंगाई भत्ता एक कानूनी रूप से लागू किए जाने वाला अधिकार है। बेंच ने राज्य को 6 मार्च तक कर्मचारियों को बकाया डीए का 25% भुगतान करने का आदेश दिया है।

जिम कॉर्बेट पार्क में मोबाइल बैन

DSR कैमरे ले जा सकेंगे, पर शुल्क जमा करना होगा।

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद जिम कॉर्बेट पार्क के भीतर कोर जोन में मोबाइल ले जाना बैन कर दिया है। कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने सभी जोन में इस आदेश को लागू कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जंगल सफारी के दौरान स्मार्ट फोन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

हिमाचल: विद्यार्थी नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

■ भाषा, शिमला : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों के मोबाइल के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध की गुरुवार को पोषणा की। यह नियम एक मार्च 2026 से प्रभावी होगा।

इनामी नक्सली उधम सिंह ढेर

नक्सली उधम सिंह पर 8 लाख रुपये का इनाम था।

■ पीटीआई, बीजापुर : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 8 लाख रुपये के इनामी टॉप नक्सली मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि उसकी पहचान उधम सिंह के रूप में हुई, जो प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के दक्षिण बस्तर डिवीजन का डिवीजनल कमिटी सदस्य था। बीजापुर जिले में गुरुवार को 12 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: A-15, अशोक विहार, फेज-I, दिल्ली-110052
सीआईएन: L74899DL1985PLC020401, टेलीफोन: +91-0120 - 4442500
कॉर्पोरेट कार्यालय: D-6-11, सेक्टर – 59, नोएडा – 201301, उत्तर प्रदेश,
ई-मेल: investor@mindacorporation.com, वेबसाइट: www.sparkminda.com

SPARK MINDA — Powered by Passion

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए समेकित और एकल अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

₹ (लाख में)

	विवरण	समेकित						एकल					
		तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31-दिसंबर-25	30-सितंबर-25	31-दिसंबर-24	31-दिसंबर-25	31-दिसंबर-24	31-मार्च-25	31-दिसंबर-25	30-सितंबर-25	31-दिसंबर-24	31-दिसंबर-25	31-दिसंबर-24	31-मार्च-25
		अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1.	परिचालन से कुल आय	1,56,366	1,53,831	1,26,165	4,49,114	3,76,404	5,08,863	1,29,254	1,25,288	1,04,708	3,68,992	3,09,337	4,18,209
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और असाधारण मदों से पहले)	10,062	9,279	9,039	26,414	27,076	33,566	10,035	6,298	7,884	21,735	23,166	27,738
3.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद कर से पहले)	9,652	9,279	9,039	26,004	27,076	33,566	9,743	6,298	7,884	21,443	23,166	27,738
4.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर के बाद)	8,427	8,464	6,480	23,422	20,334	25,537	7,940	4,699	5,785	16,822	17,212	20,590
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) सहित)	8,552	8,780	6,082	23,887	20,396	25,425	7,946	4,778	5,785	16,907	17,248	20,592
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782	4,782
7.	अन्य इक्विटी	2,47,735	2,39,181	2,11,542	2,47,735	2,11,542	2,15,436	2,11,450	2,03,629	1,84,118	2,11,450	1,84,118	1,86,291
8.	निवल मूल्य	2,52,517	2,43,963	2,16,324	2,52,517	2,16,324	2,20,218	2,16,232	2,08,411	1,88,900	2,16,232	1,88,900	1,91,073
9.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 2/- का) (वार्षिक नहीं)												
	(ए) मूल (₹ में)	3.64	3.60	2.75	10.01	8.64	10.85	3.32	1.97	2.42	7.04	7.20	8.61
	(बी) मंदित (Diluted) (₹ में)	3.58	3.54	2.71	9.86	8.51	10.68	3.32	1.97	2.42	7.04	7.20	8.61
10.	ऋण इक्विटी अनुपात (गुना में)	0.51	0.53	0.39	0.51	0.39	0.61	0.62	0.64	0.44	0.62	0.44	0.73
11.	ऋण सेवा कवरेज अनुपात (गुना में)	0.82	0.85	1.17	1.91	3.07	2.73	0.76	0.63	1.04	1.55	2.63	2.27
12.	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (गुना में)	5.97	5.57	10.68	5.39	11.72	7.84	5.41	4.05	9.54	4.35	10.15	6.64
13.	पूंजी मोचन आरक्षित	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920	1,920

टिप्पणियाँ:-

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा 05 फरवरी, 2026 को की गई थी और निदेशक मंडल द्वारा उसी तिथि को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।
2. उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानकों (Ind AS) के मान्यता और मापन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित है।
3. कंपनी के निदेशक मंडल ने 05 फरवरी, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में वर्ष 2025-2026 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 0.60 रुपये (30%) (2 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य) के अंतरिम लाभांश का प्रस्ताव किया है, जो कुल 1,434 लाख रुपये है।
4. उपरोक्त SEBI (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52(4) के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल किए गए 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए विस्तृत वित्तीय परिणामों का एक उद्धरण है। एकल और समेकित परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट(ओं): www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sparkminda.com पर उपलब्ध है।"

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 फरवरी, 2026

विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

निदेशक मंडल की ओर से और उसके लिए
हस्ताक्षर/-
अशोक मिंडा
अध्यक्ष एवं ग्रुप सीईओ

मिंडा कॉर्पोरेशन, स्पार्क मिंडा की एक प्रमुख कंपनी है, जो भारत में एक अग्रणी ऑटोमोटिव घटक निर्माता है और इसकी अखिल भारतीय उपस्थिति और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न हैं।

QUALITY IN MOTION

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

टेक्नॉलजी से बेहतर प्रदर्शन

डिजिटल टूल्स, प्रमाणित टेक्निशियन और मॉड्यूलर पार्ट्स भारत के ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट को नई तकनीक वाली आधुनिक कारों के लिए नए सिरे से आकार दे रहे हैं।

Archana Ajith
@timesofindia.com

भारत का ऑटोमोटिव आफ्टर-सेल्स और ऑटो कंपोनेंट उद्योग एक बुनियादी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। अब यह सेक्टर सिर्फ स्पेयर पार्ट्स और रूटीन सर्विसिंग तक सीमित नहीं रहा। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, डायग्नॉस्टिक्स, एक्सेसरीज, री-मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और डेटा-आधारित मेंटेनेंस सॉल्यूशंस भी शामिल हो चुके हैं। जैसे-जैसे वाहन अधिक सॉफ्टवेयर-आधारित होते जा रहे हैं, आफ्टरमार्केट को पूरी वैल्यू चेन में रिकल्स, सिस्टम और मानकों को अपग्रेड करना पड़ रहा है।

ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ACMA) के डायरेक्टर जनरल विन्नी मेहता बताते हैं, "भारत का ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट अब अधिक संगठित, गुणवत्ता-केंद्रित और वैश्विक मानकों के अनुरूप भविष्य की ओर बढ़ रहा है। ऑटो कंपोनेंट उद्योग में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे स्थिर घरेलू मांग, मजबूत आफ्टरमार्केट और क्षमता विस्तार, लोकलाइजेशन तथा तकनीकी उन्नयन में निरंतर निवेश का समर्थन मिला है।"

तकनीक है अब केंद्रबिंदु

ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट में नवाचार का सबसे बड़ा कारण वाहनों में बढ़ती इलेक्ट्रॉनिक हिस्सेदारी है। एडास (ADAS), ईवी बैटरी मैनेजमेंट, टेलीमैटिक्स और डिजिटल डायग्नॉस्टिक्स अब वाहन के प्रदर्शन और सुरक्षा का अहम हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में आफ्टरमार्केट को केवल मैकेनिकल रिपेयर से आगे बढ़ना होगा। आईआईटी रुड़की के ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के स्टूडेंट सिद्धार्थ सुथेका कहते हैं, "लगभग हर नया वाहन प्लेटफॉर्म जटिल इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल सिस्टम से लैस है। प्रासंगिक बने रहने के लिए आफ्टरमार्केट को एडवांस्ड डायग्नॉस्टिक्स, फर्मवेयर कम्पैटिबिलिटी और तकनीशियनों के रिस्किल अपग्रेड में निवेश करना होगा।" इसके साथ ही BS6 उत्सर्जन मानक, AIS सेफ्टी नियम और कंपोनेंट ट्रेसबिलिटी जैसी रेगुलेटरी जरूरतों ने गुणवत्ता और डॉक्यूमेंटेशन की अपेक्षाएं भी बढ़ा दी हैं।

कंपोनेंट डिजाइन और सर्विस प्रैक्टिस

अब आफ्टरमार्केट में इंजीनियरिंग का फोकस मॉड्यूलर कंपोनेंट्स, री-मैन्युफैक्चर किए गए पार्ट्स, टिकाऊ सामग्री और आसान सर्विस-डिजाइन पर है। इससे वाहन का डाउनटाइम कम होता है, लाइफ-साइकिल लागत घटती है और वाहन लंबे समय तक सड़क पर सुरक्षित रहते हैं।

मेरसे फ्रैंकफर्ट एशिया हेल्टिंग्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राज माणिक बताते हैं, "भारत का ऑटो कंपोनेंट और आफ्टरमार्केट उद्योग निर्णायक विकास चरण में प्रवेश कर चुका है। खास बात यह है कि उद्योग अब गुणवत्ता-आधारित विकास, निर्यात-तैयारी और भविष्य-केंद्रित समाधानों—जैसे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सस्टेनेबल कंपोनेंट्स—की ओर बढ़ रहा है।"

सर्विस स्तर पर भी मरम्मत और मेंटेनेंस के तरीके बदल रहे हैं। ऑटोफिक्स के फाउंडर देवांश कपूर कहते हैं, "जो वर्कशॉप्स संगठित प्रक्रियाएं और डिजिटल ट्रैकिंग अपनाती हैं, वे न सिर्फ रिपीट रिपेयर कम करती हैं बल्कि ग्राहकों का भरोसा भी बढ़ाती हैं। जब हर पार्ट ट्रेसेबल हो और तकनीशियन सर्टिफाइड हों, तो सर्विस क्वालिटी भरोसेमंद बन जाती है और वही ग्राहक सबसे ज्यादा महत्व देते हैं।" कुल मिलाकर, भारतीय ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट आधुनिक वाहनों की जरूरतों के अनुरूप खुद को ढाल रहा है। स्मार्ट कंपोनेंट्स, संगठित वर्कशॉप्स और डिजिटल टूल्स के साथ यह सेक्टर अब अधिक कुशल, भरोसेमंद और भविष्य के लिए तैयार बन रहा है।

इन सम्मेलनों में भाग लें

दिन 2 और 3

भारतीय ऑटोमोटिव वैल्यू चेन
सेमीकंडक्टर R&D से लेकर आफ्टरमार्केट उत्तमता तक – उन्नत तकनीक | सेफ्टी | स्थिरता**

लाइव प्रोडक्ट वर्कशॉप का हिस्सा बनें

पेंट प्रोटेक्शन फिल्म्स – सर्विस रेवेन्यू (सेवा आय) को कैसे बढ़ाएं? (रोडिम ग्रुप द्वारा)*

CV BS6 ट्रेनिंग:
LCV (1 टन+ पेलोड), MCV और HCV का अनुभव (ASDC द्वारा, Banco® के सहयोग से)

आधुनिक वाहनों के लिए एडवांस्ड ऑटो डायग्नोस्टिक्स, एडवांस्ड EV डायग्नोस्टिक्स और ADAS

आधुनिक वाहनों के लिए (MKAT ऑटो LLP द्वारा)*

क्वालिटी को अपने व्यवसाय का सबसे मजबूत आधार बनाएं (एसकेएफ इंडिया द्वारा)*

पूरी जानकारी के लिए देखें:
www.acmaautomechanikaindia.com

नोट: *निःशुल्क प्रवेश | **सशुल्क प्रवेश

आखरी दो दिन

ACMA automechanika NEW DELHI

5 6 7 फ़रवरी 2026

यशोभूमि
हॉल 1 और 2, द्वारका, दिल्ली

भारत का अब तक का सबसे बड़ा सोर्सिंग एक्सपो

आफ्टरमार्केट एवं ऑटो कंपोनेंट्स के लिए

51,000 वर्ग मीटर प्रदर्शनी क्षेत्र

870+ प्रदर्शक

20+ देशों की भागीदारी

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

+91 86554 38478

विजिटर सहायता के लिए संपर्क करें.

प्रवेश निःशुल्क । केवल ट्रेड विजिटर्स के लिए । आयु सीमा: 15 वर्ष से ऊपर

ACMA Mobility Foundation · messe frankfurt

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-05-2026 22:15 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब एस्ट्रोनॉट ने चांद पर खेला गोल्फ

आज ही के दिन 1971 में अपोलो 14 मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री एलन शेफर्ड (Alan Shepard) ने चांद पर गोल्फ खेलकर इतिहास रचा था। उन्होंने गोल्फ क्लब के हेड को सैंपल कलेक्ट करने वाले टूल से जोड़कर एक गोल्फ स्टिक तैयार की थी। कम ग्रैविटी की वजह से उन्होंने जब बॉल को हिट किया, तो वह मीलों दूर जाकर गिरी। शेफर्ड द्वारा मारी गई दो गेंदें आज भी चांद की सतह पर मौजूद हैं।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर
शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

चांद होगा नए खेलों का नया प्लेग्राउंड

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में चांद पर जाना उतना ही आसान हो होगा, जितना आज प्लेन से लंबी यात्रा करना। इसी वजह से वहां कई तरह के खेल भी संभव होंगे। कम ग्रैविटी में क्रिकेट और गोल्फ बिल्कुल अलग नजर आएंगे। गेंद देर तक हवा में तैरती रहेगी और एक शॉट बहुत दूर जाकर गिरेगा। ट्रांसपेरेंट डोम में धरती जैसा माहौल होगा। खिलाड़ी हल्के स्पोर्ट सूट पहनेंगे, AI अंपायर होंगे और रोबोटिक कोच मदद करेंगे। चांद नए खेलों का नया प्लेग्राउंड होगा।



AI Images

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता कहां होगी?
A. तुर्किये B. ओमान C. कतर

2 एयरफोर्स के प्रस्तावित युद्धाभ्यास का क्या नाम है?
A. वायुशक्ति B. नभशक्ति C. गगनशक्ति

3 पूर्व सेना प्रमुख कौन है, जिनकी किताब पर संसद में विवाद हुआ?
A. जनरल बिपिन रावत B. जनरल M M नरवणे C. जनरल वी. के. सिंह

4 किस राज्य ने स्कूलों में स्टूडेंट्स के लिए मोबाइल पर बैन का ऐलान किया है?
A. आंध्र प्रदेश B. केरल C. हिमाचल प्रदेश

5 प. बंगाल में कितनी विधानसभा सीटें हैं, जिनपर कांग्रेस ने अकेले लड़ने का ऐलान किया
A. 294 B. 296 C. 292

कल के जवाब

A1 B. ममता बनर्जी A2 C. कैरोलिन लेविट A3 A. शैख अल-इस्लाम मदनी A4 B. स्टार स्टार्स ऑफ डेस्टिनी A5 C अनुपम मित्तल

लकी विनर्स

1. स्वर्णिका, दिल्ली
2. कमलेश शर्मा, दिल्ली
3. राकेश कुमार, दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

IAS-IPS जैसे ग्रुप-A अफसरों को शर्तों के साथ अब सिर्फ एक मौका

रैंक को सुधारने पर UPSC नियम बदले



■ NBT रिपोर्ट: संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने सिविल सर्विसेज एग्जाम 2026 में अथेंटिकेशन, एप्लीकेशन और आरक्षण से जुड़े बड़े बदलाव किए हैं। TOI के अनुसार जारी नोटिफिकेशन में योग्यता, परीक्षा के चरण, आवेदन की तारीखें और कुल 933 पदों की जानकारी दी गई है। जिन्हें ग्रुप-ए पोस्ट मिली, उन्हें दोबारा परीक्षा देने से रोक की बात है।

1 ग्रुप-A अफसरों को सिर्फ एक मौका जो उम्मीदवार ग्रुप-A सेवा में चुने जा चुके हैं, वे दोबारा परीक्षा नहीं दे सकेंगे। अब अगर ग्रुप-A या IPS मिलती है, तो उसे सिर्फ एक बार यानी 2027 में रैंक सुधारने का मौका मिलेगा वो भी तब जब उसे ट्रेनिंग जॉइन न करने की एक बार की तय छूट मिले। 2028 में परीक्षा के लिए इस्तीफा देना अनिवार्य होगा।

2 भाषा परीक्षा से छूट
नॉर्थ ईस्ट के उम्मीदवारों को अनिवार्य भारतीय भाषा पेपर (पेपर-A) से पहले की तरह छूट मिलेगी। यह नियम CSE नियम 2025 के अनुसार लागू रहेगा।

3 चार स्टेज में एप्लीकेशन
डिजिटल एप्लीकेशन चार चरणों में होगा। एक लाइफटाइम यूनिवर्सल रजिस्ट्रेशन नंबर मिलेगा, जो आगे सभी परीक्षाओं के लिए होगा।

4 लाइव फोटो, चेहरा सत्यापन जरूरी
नकल और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए आवेदन के समय लाइव फोटो लेना और परीक्षा केंद्र पर फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है।

5 करेक्शन का दूसरा मौका नहीं
सबसे सख्त नियम यह है कि एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उसमें कोई भी बदलाव या वापसी नहीं हो सकेगी। इसका मतलब है कि आवेदन भरते समय पूरी सावधानी जरूरी होगी।

6 पहचान के लिए आधार को प्राथमिकता
हालांकि पहचान के लिए दूसरे दस्तावेज भी मान्य रहेंगे, लेकिन यूपीएससी ने तेज जांच के लिए आधार कार्ड इस्तेमाल करने की सलाह दी है। इससे प्रक्रिया आसान और तेज होगी।

7 आरक्षण के नियम भी सख्त
अब OBC (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को चार वित्तीय वर्षों की आय के आधार पर सर्टिफिकेट देना होगा। वहीं EWS सर्टिफिकेट वित्त वर्ष 2024-25 से जुड़ा होना चाहिए और तय समय में जारी होना जरूरी है।

8 Pre और Mains के बाद लॉगिन जरूरी
पहली बार यह नियम लाया गया है कि प्रीलिम्स और मेंस के नतीजे आने के बाद उम्मीदवारों को तय समय में लॉगिन करना होगा। ऐसा न करने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

9 ऑब्जेक्शन का समय कम
अब प्रश्नपत्र पर आपत्ति दर्ज करने के लिए सात की जगह सिर्फ पांच दिन मिलेंगे। इससे परीक्षा प्रक्रिया जल्दी आगे बढ़ सकेगी।

DGP नियुक्ति में देरी हो तो UPSC देखे: SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : DGP की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने में बहुत देरी पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) को कई अधिकार दिए। कुछ राज्यों में कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त करने के चलन को भी गलत ठहराया। कोर्ट ने यूपीएससी को यह भी हक दिया कि वह डीजीपी नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए राज्यों को रिमाइंडर भेज सके। अगर राज्य चूक करते हैं तो यूपीएससी को अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता होगी। प्रकाश सिंह मामले में 2006 के निर्देशों के अनुसार, राज्य का डीजीपी राज्य सरकार द्वारा विभाग के तीन सबसे सीनियर अफसरों में से चुना जाना चाहिए, जिन्हें उस पद के लिए प्रमोशन के लिए यूपीएससी द्वारा पैनल में शामिल किया गया हो। 2018 के निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारों को मौजूदा डीजीपी की रिटायरमेंट से तीन महीने पहले अपने प्रस्ताव भेजने होते हैं, जिसके बाद यूपीएससी नामों का एक पैनल तैयार करती है, और उसी पैनल में से राज्य सरकार को नियुक्ति करनी होती है।

> कोर्ट ने UPSC को ऐसे मामलों को अपने संज्ञान में लाने का अधिकार दिया

भारत टैक्सी सेवा का उद्घाटन!

आज ओमान में ईरान-US की परमाणु पर बातचीत

FILE

■ **एपी, दुबई (UAE)** : ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता ओमान में होगी। ईरान के विदेश मंत्री की बुधवार को की गई इस घोषणा से पहले ऐसे संकेत मिल रहे थे कि बातचीत के फॉर्मेट में बदलाव के कारण बातचीत में बाधा आ रही है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बातचीत से पहले ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को कड़ी चेतावनी दी।

ट्रंप ने एक इंटरव्यू में खामेनेई के बारे में कहा, मुझे लगता है कि उन्हें बेहद चिंतित होना चाहिए।

ऊर्जा सुरक्षा हमारी प्राथमिकता: MEA

■ पीटीआई, नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को कहा कि अपने 140 करोड़ लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद को लेकर उसका नजरिया मुख्य रूप से इसी बात पर आधारित है।

भारत ने कहा कि इसमें वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद के विकल्प पर विचार करना भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ये टिप्पणियां अमेरिका के इस दावे के जवाब में कीं कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका-वेनेजुएला से ज्यादा तेल खरीदने पर सहमत हो गया है।

PTI

MEA प्रवक्ता ने भारत के वेनेजुएला से तेल खरीदने पर जानकारी दी।

जायसवाल ने उस मीडिया रिपोर्ट को गलत बताया, जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल पिछले साल सितंबर में व्यापार समझौते पर दोबारा बातचीत शुरू करने के लिए वॉशिंगटन गए थे।

'हमारे नाविक रिहा'

ईरान की सेना ने पिछले साल दिसंबर में एक तेल टैंकर को जब्त किया था। इस जहाज पर सवार 16 भारतीय नाविकों में से आठ को रिहा करने की मंजूरी मिल गई है। जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ये नाविक जल्द भारत लौट आएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत बाकी आठ भारतीय नाविकों की रिहाई के लिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उन्हें हर संभव मदद दे रही है।

US के क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉक को समर्थन: जयशंकर

■ **भाषा, न्यू यॉर्क(US):** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अहम खनिजों की सप्लाई कुछ ही देशों या इलाकों तक सीमित होने से कई तरह की दिक्कतें पैदा होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग बहुत जरूरी है। वॉशिंगटन में 'क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल' सम्मेलन में उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉक का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और इसके विवरण को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

असली आवाज़ का अहसास... अपनी भाषा में देख सकेंगे YouTube विडियो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

YouTube पर अब विडियो अपनी पसंद की भाषा में देख सकेंगे। हिंदी, अंग्रेजी समेत 27 भाषाओं में देखने का विकल्प मिलेगा। कंपनी की प्रोडक्ट मैनेजर चंद्रलेखा मोताती (Chandralekha Motati) ने गुरुवार को बताया कि YouTube पर ऑटो डबिंग फीचर उपलब्ध है।

इस बार फोकस सिर्फ शब्दों पर नहीं, बल्कि भावनाओं पर भी है। YouTube ने एक्सप्रेसिव स्पीच नाम का फीचर लॉन्च किया है, जो फिलहाल हिंदी समेत 8 भाषाओं में है। इससे क्रिएटर की आवाज का उतार-चढ़ाव, जोश और इमोशन भी काफी हद तक महसूस होंगे। YouTube का स्मार्ट फिल्टर खुद पहचान लेगा कि कौन सा विडियो डब नहीं होना चाहिए, जैसे म्यूजिक विडियो या साइलेंट व्लॉग।

मिलेगा पूरा कंट्रोल

नए अपडेट में दर्शक अपनी पसंदीदा भाषा सेट कर सकते हैं। अगर किसी विडियो को उसकी मूल भाषा में ही देखना चाहते हैं, तो यह भी संभव है। YouTube एक कदम और आगे बढ़ते हुए लिप सिंक टेक्नॉलजी भी टेस्ट कर रहा है। इसमें विडियो में बोलने वाले व्यक्ति के होंठ, डब की गई भाषा से मेल खाते हुए दिखेंगे, जिससे विडियो और ज्यादा नेचुरल लगेगा।

The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offers are valid only on Grand Vitara (up to ₹30 000) and Invicto (up to ₹50 000).

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-05-2026 20:31 Color:

88825 20000

RERA NO - UPRERAPRJ939595/03/2025
RERA WEBSITE - WWW.UP-RERA.IN/PROJECTS | PROJECT LAUNCH DATE: 25.03.2025
PROJECT COLLECTION BANK A/C DETAILS- BANK NAME: HDFC BANK LTD.,
BRANCH: ANSALS FORTUNE ARCADE, K BLOCK , SECTOR-18, NOIDA
A/C NAME: THREE C HOMES PVT. LTD. | RERA COLLECTION ACCOUNT ACE HIVE
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NUMBER: 99999916111213

UNRIVALED CONNECTIVITY TO EVERYTHING THAT MATTERS



Positioned along one of North India's fastest-growing corridors, this destination enjoys unmatched visibility and movement-bridging international travel, high-speed access, and future-ready infrastructure. A strategic address that keeps businesses within minutes of key landmarks while placing them miles ahead in growth.

- ~30 Mins. To Noida International Airport
- ~15 Mins. To Gautam Buddha University
- ~10 Mins. To Noida International University
- ~14 Mins. To Galgotias University
- ~40 Mins. To Delhi–Noida Direct Flyway (DND)
- A Walk Away From Buddh International Circuit
- Moments Away From Olympic City And Film City

Managed by

ACE fulfilling ACEpirations | SAROVAR HOTELS

COMING SOON AT YAMUNA EXPRESSWAY

Site Add: Plot No C1, In Plot No TS 1, Sector 22A, Yamuna Expressway, Gautam Buddha Nagar - 203201 | UP RERA Registration Number: UPRERAPRJ939595/03/2025 | www.up-rera.in/projects | www.acegroupindia.com

Disclaimer: Images, layouts and amenities are indicative and artist's impressions only and do not constitute a legal offer; actual deliverables shall be as per sanctioned plans, approvals and the Agreement for Sale. RERA Reg. No.: UPRERAPRJ939595/03/2025, Promoter: M/s Three C Homes Pvt. Ltd. ("ACE Hive"), project land approx. 20,243 sq. m. at Plot No. C 1, TS 01, Sector 22A, Yamuna Expressway Industrial Development Area, YEIDA. Project Collection Account Number: 99999916111213. Project Launch Date: 25.03.2025. Sarovar Hotels shall act only as hospitality operator/manager for designated areas; all development and interiors of units and common areas are by ACE Group/its contractors and not by Sarovar Hotels. For complete and updated project information, please refer only to www.up-rera.in and www.acegroupindia.com; the Promoter is not responsible for information on unauthorised third party platforms. * Sign denotes that the distances mentioned are approximate.

T&C Apply*

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK3 User: cci Time: 02-05-2026 21:08 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 > माघ 17 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 32 > पेज 20* > मुहमाव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का ग्रुप प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



शहबाज़ बोले, T20 वर्ल्ड कप में भारत के साथ मैच नहीं

▶देखें अंदर

रूसी तेल खरीद पर विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

▶देखें अंदर

भारत TAXI

भारत TAXI

भारत टैक्सी के साथ, देश का होगा विकास

पेश है, भारत की पहली चालक-स्वामित्व वाली सहकारी टैक्सी सेवा.

चालक-स्वामित्व सहकारिता बाक़ी सबसे अलग क्यों है?

- उचित, स्पष्ट और पारदर्शी लेन-देन
- हर राइड में आपातकालीन मदद की सुविधा, साथ ही दिल्ली पुलिस द्वारा चालकों और यात्रियों की तुरंत सहायता
- महिला यात्रियों के लिए महिला चालक-ऑटो, कार और बाइक तीनों में.
- चालक और यात्री दोनों के लिए हितकारी.
- 0% कमीशन

भारत टैक्सी केवल एक सेवा नहीं बल्कि सशक्तिकरण की एक यात्रा है, जहाँ **चालक को बिना किसी काट-छाँट के हर ट्रिप का 100% किराया मिलता है, साथ ही पेंशन, बीमा, वित्तीय लोन** जैसी अन्य सामाजिक सुविधाओं का फ़ायदा भी मिलता है. **सुरक्षा और चालकों की भलाई** इसकी नींव है इसलिए इसके साथ **3 लाख से ज़्यादा सारथी** जुड़े हैं. जो केवल टैक्सी नहीं चलाते बल्कि मालिक बनकर भारत के यात्रियों के सफ़र की सुरक्षा का बीड़ा उठाते हैं. उनसे **किफ़ायती और उचित किराया लेकर मंजिल तक पहुँचाते हैं.**

भारत की अग्रणी सहकारी संस्थाओं के सहयोग से आगे बढ़ती,

सहकार से समृद्धि की सोच के साथ, भारत टैक्सी को देश की आठ बड़ी सहकारी सहकारी संस्थाओं का समर्थन हासिल है.

ऐप डाउनलोड करें और भारत टैक्सी के अपने पहले सफ़र पर चलें

द्वारा सशक्त

सारथी

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
NCDC
Assisting Cooperatives. Always!
सहकारिताओं की सहायता में सदैव तत्पर!

एनडीडीबी | एनसीईएल | नाफेड | नाबार्ड | कृभको | इफको | अमूल

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK4 User: cci Time: 02-05-2026 22:20 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"अगर भारत टूर्नामेंट से एक महीने पहले कहता कि हमारी सरकार हमें एक देश में नहीं खेलने देना चाहती तो क्या ICC इतना ही सख्त रहता और कहता कि हम आपको टूर्नामेंट से बाहर कर रहे हैं? -नासिर हुसैन, पूर्व कप्तान, इंग्लैंड

123

रन बनाए थे ब्रेंडन मैकुलम ने बांग्लादेश के खिलाफ 2012 के टी20 वर्ल्ड कप में। यह टूर्नामेंट इतिहास में किसी प्लेयर द्वारा एक पारी में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अमेरिका की कप्तानी कौन कर रहा है?
A) सौरभ नेत्रवलकर B) मोनांक पटेल C) कोरी एंडरसन D) एंड्रीज गौस

2. भारत के पूर्व बल्लेबाज विक्रम राठौड़ मौजूदा वर्ल्ड कप में किस टीम से जुड़े हुए हैं।
A) इंग्लैंड B) स्कॉटलैंड C) श्रीलंका D) ऑस्ट्रेलिया

कल के जवाब
1. C) विराट कोहली 2. A) सात

लकी WINNERS



1 यश राज, लखनऊ, यूपी

2 रवि माथुर, गुरुग्राम, हरियाणा

3 किरन चौधरी, द्वारका, दिल्ली

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

भारतीय कप्तान ने भारत-पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच की संभावना पर साफ की टीम इंडिया की रणनीति

हमारी फ्लाइट बुक है, हम कोलंबो जा रहे हैं: सूर्य

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टी20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर उठे सियासी-कूटनीतिक तूफान के बीच भारतीय टी20 टीम ने अपना रुख पूरी तरह साफ कर दिया है। टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को सीधे लफ्जों में कहा है कि भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए कोलंबो जरूर जाएगी। सूर्य ने कहा, 'हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। हमारी फ्लाइट बुक है, हम कोलंबो जा रहे हैं। बाकी जब हम वहां पहुंचेंगे तब देखेंगे। सूर्यकुमार का यह बयान साफ संकेत देता है कि भारतीय टीम मैदान के बाहर की अनिश्चितताओं से खुद को अलग रखते हुए सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है।'

हमने ना नहीं कहा है: गुरुवार को मुंबई में हुई कैप्टंस मीट के दौरान सूर्यकुमार ने यह भी माना कि यह स्थिति (पाकिस्तान का भारत के खिलाफ मैच खेलने से इंकार करना) इससे जुड़े सभी पक्षों के लिए आसान नहीं है, जिनमें ICC भी शामिल है, जिसने पाकिस्तान को गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। कप्तान ने कहा, 'यह मेरा फैसला नहीं है। मुझे यकीन है कि ICC भी कुछ न कुछ समाधान निकालने की कोशिश में होगी, लेकिन जब यह फैसला किसी दूसरी सरकार या देश की ओर से आता है तो ICC भी कितना मदद कर सकती है?' मौजूदा हालात में कप्तान के तौर पर अपनी मानसिकता के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, 'मानसिकता बिल्कुल साफ है। हमने 'ना' नहीं कहा है। यह फैसला उनकी (पाकिस्तान) ओर से आया है। ICC ने शिड्यूल (मैचों का कार्यक्रम) दिया है और BCCI तथा भारत सरकार ने ICC के साथ मिलकर फैसला किया कि भारत-पाकिस्तान मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।'

...तो हम जरूर खेलेंगे: सूर्य ने कहा कि उनका (पाकिस्तान) यह फैसला भारत के नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता, लेकिन यह उनका फैसला है। भारतीय कप्तान ने यह भी याद दिलाया कि हाल के वर्षों में एशिया कप जैसे टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। सूर्य ने कहा कि हमें बताया गया है कि 15 फरवरी को हमें वहां (कोलंबो में) मैच खेलना है। हमने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच खेले थे, हम सभी मैच जीते थे और बहुत खुश थे। उसी तरह अगर कोलंबो में खेलने का मौका मिलता है तो हम जरूर खेलेंगे।

15 फरवरी को निर्धारित है भारत-पाक ग्रुप स्टेज मैच। यदि भारत की टीम मैदान पर उतरती है और पाकिस्तान टीम मैदान पर नहीं आती है तो भारत को मैच के पूरे अंक मिल जाएंगे

23 फरवरी 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच पिछली टक्कर हुई थी। यह मुकाबला वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी, जहां भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी

टी20 वर्ल्ड कप 2026

मुंबई में गुरुवार को 'कैप्टंस कार्निवाल' में मौजूद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव

फोकस विश्व कप अभियान पर: टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत शनिवार से हो रही है। शनिवार को ही भारतीय टीम मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम अपने तय कार्यक्रम के अनुसार कोलंबो के लिए रवाना होगी। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं। फिर नामीबिया के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली जाएंगे और उसके बाद हमें कोलंबो जाना है।

गंभीर ने बदल डाला है ड्रेसिंग रूम का माहौल

सूर्यकुमार ने कहा कि टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों के भीतर टीम के हित को सबसे ऊपर रखने की सोच पैदा की है। उन्होंने ने कहा कि तिरुवनंतपुरम में पिछले मैच में ईशान 90 के आसपास थे और उन्होंने छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। यही वह चीज है, जो वह ड्रेसिंग रूम में ला रहे हैं। व्यक्तिगत उपलब्धियों से दूर रहकर टीम के लक्ष्यों पर फोकस करना।

हर टूर्नामेंट में एक जैसी सोच: सूर्यकुमार का मानना है कि टी20 क्रिकेट में भारत की लगातार सफलता का सबसे बड़ा कारण हर टूर्नामेंट में एक जैसी मानसिकता के साथ खेलना है। उन्होंने कहा कि पहले द्विपक्षीय सीरीज और ICC टूर्नामेंट में खेलने का तरीका अलग होता था, लेकिन अब यह फर्क खत्म हो चुका है। चाहे ICC इवेंट हो, एशिया कप हो या कोई द्विपक्षीय मुकाबला टीम एक ही अंदाज में क्रिकेट खेलने की कोशिश करती है। सूर्यकुमार के मुताबिक, इसी सोच की वजह से 2024 का टी20 वर्ल्ड कप भी किसी नए टूर्नामेंट जैसा नहीं लगा, बल्कि ऐसा महसूस हुआ जैसे टीम पूरे साल से इसी पैटर्न में खेल रही हो। उन्होंने कहा कि अगर यही क्रिकेट आगे भी खेली गई, तो नतीजे अपने आप टीम के पक्ष में आएंगे।

भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नही है: सलमान

■ **कोलंबो:** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार का फैसला है और हम इसका सम्मान करते हैं। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे।'

सरकार की सलाह मानेंगे: सलमान ने कहा कि अगर दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी नॉकआउट में फिर आमने-सामने होते हैं तो वे फिर से पाकिस्तान सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे। सलमान ने कहा, 'मैंने यह बात पहले भी कही है। यह सरकार का फैसला है और हम उसका सम्मान करते हैं। वे जो कहेंगे, हम वही करेंगे। मुझे नहीं पता कि मैच होगा या नहीं लेकिन सरकार ने एक बात कही है और हम वही करने जा रहे हैं। मुझे मैच के बारे में नहीं पता।' उन्होंने कहा, 'अगर हमें सेमीफाइनल या फाइनल में उनके साथ फिर से खेलना पड़ा तो हमें उनके (सरकार के) पास वापस जाना होगा और

पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा

उनकी सलाह पर काम करना होगा।' सलमान ने कहा कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट में नहीं खेलना दुख की बात है। उन्होंने कहा, 'वे हमारे भाई हैं। मैं कहूंगा कि वे टूर्नामेंट में हमारा समर्थन कर सकते हैं। और उन्हें देखकर बेहद दुख होता है। वे विश्व कप नहीं खेल रहे हैं।'

अमेरिका से हार पुरानी बात: प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सलमान को टूर्नामेंट के पिछले एडिशन में अमेरिकी टीम के खिलाफ पाकिस्तान की हार के बारे में भी याद दिलाया गया। सलमान ने कहा, 'हां, हम पिछले वर्ल्ड कप में अमेरिका से हार गए थे लेकिन अब वह इतिहास है। यह एक नया विश्व कप है। एक नई टीम और एक नया संयोजन है और हम इसके बारे में बहुत उत्साहित हैं।'

जेमिमा ने कप्तानी पारी से जमाया रंग

RCB Vs DC
WPL फाइनल

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** लगातार तीन बार फाइनल में पहुंचकर खिताब से चूकने का सिलसिला तोड़ने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुरुवार को विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ मैच में नए इरादे के साथ मैदान पर उतरी। टीम को पहली बार चैंपियन बनाने का दारोमदार जिस नई लीडर जेमिमा रॉड्रिग्स पर था, उन्होंने अपनी कप्तानी पारी से उस दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिए।

वडोदरा के मैदान पर चैंपियन बनने की जंग में हुए इस मैच में जेमिमा ने मोर्चे से अगुआई करते हुए टीम के लिए सर्वाधिक रन बटोरे। उन्होंने 37 गेंदों में 57 रनों की अपनी सधी हुई पारी में कोई सिक्स तो नहीं लगाया, लेकिन

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

कुल आठ चौके जड़ते हुए 154.05 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। जेमिमा ही नहीं, बल्कि लॉरा वोल्वार्ट (44 रन, 25 बॉल, 3 फोर, 2 सिक्स), लिजेल ली (37 रन, 30 बॉल, 3 फोर, 3 सिक्स) और पांचवें नंबर पर उतरीं चिनेल हेनरी (सिर्फ 15 गेंदों पर नाबाद 35* रन, 4 फोर, 2 सिक्स) ने भी उम्दा योगदान दिया। ओपनर शेफाली वर्मा ने 20 रन बनाए। टॉप ऑर्डर के इस उम्दा प्रयासों की बदौलत दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 203 रन बनाकर आरसीबी के सामने कठिन लक्ष्य रखा।

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने मुकाबले में टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। दिल्ली ने मौके को अच्छी तरह भुनाया और दबाव रहित बल्लेबाजी की। दोनों ही टीमें अपने पिछले मैच के प्लेइंग इलेवन में बिना किसी बदलाव के फाइनल मैच में उतरीं।

मिला उम्दा आगाज: दिल्ली कैपिटल्स की ओपनर ली और शेफाली ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने ओपनिंग विकेट के लिए 35 बॉल में 49 रनों की साझेदारी की। शेफाली ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल पर चौका लगाकर पहला आक्रामक शॉट खेला। दूसरी ओर, ली ने चौथे ओवर में आक्रामक तेवर दिखाते हुए मीडियम पेसर सयाली सातघरे की शुरुआती दोनों गेंदों पर लगातार सिक्स जड़ दिए।

कप्तान जम गई क्रीज पर

जेमिमा ने वोल्वार्ट के साथ मिलकर मिडल ऑर्डर को बखूबी सहारा देने का काम किया। कप्तान जेमिमा ने राधा यादव पर पहला चौका जड़ने के बाद अपनी पारी में सात और खूबसूरत फोर जमाए। उन्होंने पारी के 12वें ओवर में श्रेयंका को तीन चौके लगाए। उन्होंने पारी के 15वें ओवर में अपनी अर्धशतक पूरा किया, हालांकि इसके बाद वह भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाईं और 16वें ओवर की अंतिम बॉल पर सयाली का शिकार बनकर पविलियन लौटीं। सयाली की फुल टॉस बॉल को जेमिमा टाइम नहीं कर पाईं।

मुंबई-कर्नाटक की भिड़ंत पर निगाहें

■ **एजेंसियां, मुंबई:** रणजी ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में मुंबई और कर्नाटक की भिड़ंत आज से शुरू होगी। 42 बार की चैंपियन मुंबई और आठ बार की विजेता कर्नाटक के बीच यह नॉकआउट भिड़ंत रोमांच से भरपूर रहने की संभावना है।

कप्तान शार्दुल ठाकुर के अलावा यशस्वी जायसवाल की वापसी से मुंबई का आत्मविश्वास बढ़ा है। सरफराज खान की फिटनेस पर हालांकि संशय बना हुआ है। कर्नाटक के लिए करुण नायर की वापसी अहम है। केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल और मयंक अग्रवाल के साथ उनका बल्लेबाजी क्रम मजबूत दिखता है। अन्य क्वॉर्टर फाइनल में झारखंड का सामना उत्तराखंड से होगा। बंगाल-आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश-जम्मू कश्मीर भी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी।

रणजी का रण

खिताबी 'सिक्स' पर यंग इंडिया की नज़र

■ **एजेंसियां, हरारे:** रेकॉर्ड छठा खिताब जीतने के इरादे से उतरी भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम शुक्रवार को ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। इंग्लैंड सिर्फ तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में उतरेगी और उसके फैंस को दूसरा खिताब जीतने की उम्मीद होगी। इंग्लैंड ने आखिरी बार इस टूर्नामेंट को 1998 में जीता था, जिसके बाद वो 2022 में फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी।

टीम का संतुलित प्रदर्शन: भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत इस टूर्नामेंट में उनका संतुलित टीम कॉम्बिनेशन रहा है। भारत अभी तक टूर्नामेंट में अजेय है और बल्ले व बॉल दोनों से मैच जीतता हुआ आ रहा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब तक तीन अर्धशतक जड़ चुके हैं। उनसे फाइनल में बड़ी पारी की उम्मीद होगी। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा की निरंतरता और विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के दो अर्धशतक भारत को संतुलन देते हैं। गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और आरएस अंबरीष ने प्रभाव छोड़ा है, जबकि स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका पिच के मिजाज के अनुसार अहम हो सकती है। दूसरी ओर, इंग्लैंड भी अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट टीम की ताकत बल्लेबाजी रही है। बेन मायस (399) और थॉमस रियू (299) इस बल्लेबाजी की धुरी के रूप में उभरे हैं।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

आमना-सामना

संभावित प्लेइंग XI

भारत: आरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), आरएस अंबरीष, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन

इंग्लैंड: बेन डॉकिंस, जोसेफ मूर्स, बेन मायस, थॉमस रियू (कप्तान, विकेटकीपर), कैलेब फैल्कनर, राल्फी एल्बर्ट, फरहान अहमद, सेबस्टियन मॉर्गन, जेम्स मिंटो, मैनी लम्सडेन, एलेक्स फ्रेंच

टेलिकास्ट: दोपहर 1 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

आयुष शामिल होंगे एलीट क्लब में!

भारत के लिए अभी तक पांच कप्तानों ने अंडर-19 का वर्ल्ड कप जीता है। इस सूची में मोहम्मद कैफ (2000 में), विराट कोहली (2008 में), उन्मुक्त चंद (2012 में), पृथ्वी साव (2018 में) और यश ढुल (2022 में) का नाम शामिल है। अगर भारत आज इंग्लैंड को हरा देता है तो आयुष यह टूर्नामेंट जीतने वाले छठे भारतीय कप्तान बन जाएंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

फटाफट खबरें

अनुराग को राहत

■ **नई दिल्ली:** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने जनवरी 2017 के आदेश में संशोधन किया और कहा कि वह नियमों के अनुसार क्रिकेट बोर्ड के कार्यों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। जनवरी 2017 में शीर्ष अदालत ने अनुराग ठाकुर को बीसीसीआई के कार्यों से जुड़े रहने से "रोकने" और उससे दूर रहने का निर्देश दिया था।

भारत ने जीता तीसरा मैच

■ **नई दिल्ली:** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने तुर्किये दौरे में अपना तीसरा फ्रेंडली मैच जीत लिया। भारत ने रूस की ज्वेज्दा-2005 पर्म को 2-0 से हराया। अंजू तमांग ने नौवें मिनट में बढ़त दिलाई जबकि लिंडा कोम सर्टो ने 89वें मिनट में गोल किया।

PSL में खेलेंगे रहमान

लाहौर: लाहौर कलंदर्स ने बताया कि IPL फ्रेंचाइजी KKR द्वारा रिलीज किए गए बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) के लिए उन्होंने अनुबंधित किया है।

पूजा हुई निलंबित

■ **नई दिल्ली:** भारत की लॉन्ग डिस्टेंस रनर पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण ऐथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने अस्थाई निलंबित कर दिया है।

पैट, जोश की नहीं खलेगी कमी: मार्श

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने गुरुवार को अपनी टीम की गहराई पर भरोसा जताया कि वे शनिवार से शुरू हो रहे आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी नहीं खलने देंगे। वर्ल्ड कप से पहले यहां कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मार्श ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने कई पहलुओं को कवर किया है। पैट और जोश के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वे तीनों फॉर्मेट के खिलाड़ी हैं जिससे हम अपनी टीम में काफी गहराई बना पाए हैं और जो खिलाड़ी आए हैं, उन्होंने हमारे लिए काफी क्रिकेट खेला है।'

अपने स्पिनरों पर जताया भरोसा: मार्श को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर श्रीलंकाई पिचों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे जो आमतौर पर धीमी गति के गेंदबाजों के लिए बेहतरीन होती हैं। उन्होंने कहा, 'हमें उन पर पूरा भरोसा है कि वे मैदान पर जाकर जरूरत पड़ने पर काम करेंगे और फिर हम परिस्थितियों के आधार पर टीम चुनेंगे। हमारे पास एडम जांपा भी हैं और हमारे पास कुछ स्पिन ऑलराउंडर भी हैं जैसा कि ज्यादातर टीमों के पास होंगे।'

कैप्टंस टॉक



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श

स्पिन फ्रेंडली कंडिशंस का फायदा तो निश्चित रूप से है, लेकिन सभी टीमों के मुख्य खिलाड़ी यहां लंबे समय से आईपीएल खेलते आ रहे है और वे यहां की परिस्थितियों के अभ्यस्त है। मुझे नहीं लगता कि अफगानिस्तान को ज्यादा फायदा है और बाकी टीमों को नहीं है। - *राशिद खान, कप्तान, अफगानिस्तान*

कोच विक्रम राठौड़ की शनाका ने की तारीफ

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी20 विश्व कप से पहले बैटिंग कंसल्टेंट विक्रम राठौड़ के टीम से जुड़ने की तारीफ करते हुए कहा कि उनके आक्रामक रवैया अपनाने पर जोर देने से बल्लेबाजों को ज्यादा स्वच्छंदता से खेलने में मदद मिली है। राठौड़ ने भारत के साथ अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान टीम को 2024 टी20 विश्व कप जीतने में मदद की थी। उन्हें पिछले महीने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए श्रीलंका का बैटिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया गया। शनाका ने कहा, 'विक्रम राठौड़ का हमारी टीम से जुड़ना अच्छा है। उनका ज्ञान और उनका स्वभाव इस तरह का है, वह हमेशा चाहते थे कि हम आक्रामक होकर खेलें जिससे ज्यादातर खिलाड़ियों को खुद को स्वच्छंद बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है जो मुझे सच में पसंद है।'

इन टीमों के सामने खुद को साबित करने की है चुनौती

■ **एजेंसियां, मुंबई:** शनिवार से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के मंच पर असोसिएट देशों के लिए यह सिर्फ भागीदारी नहीं, बल्कि खुद को साबित करने का बड़ा मौका है। नेपाल के अलावा आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल हुए स्कॉटलैंड और पहली बार वर्ल्ड कप खेल रहा इटली, तीनों टीमें सीमित संसाधनों और अलग-अलग परिस्थितियों के बावजूद इस वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ने के इरादे से उतरेंगी।

इन टीमों का यहां तक का सफर अलग रहा है। नेपाल लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खेल रहा है और पिछले कुछ वर्षों में उसने अपनी आक्रामक शैली से सबका ध्यान खींचा है। दूसरी ओर, स्कॉटलैंड को आखिरी क्षणों में मौका मिला। इटली की मौजूदगी यूरोप में क्रिकेट के बढ़ते दायरे और नए बाजारों के उभरने का संकेत मानी जा रही है।

इटली के कप्तान वेन मैडसेन ने इसे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा, 'इटली में मुख्य खेल फुटबॉल है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप खेलना इटली को क्रिकेट के नक्शे पर लाने की बात है।' नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल के लिए यह टूर्नामेंट भावनात्मक भी है। रोहित शर्मा के प्रशंसक पौडेल मुंबई में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। इसी तरह भारत में जन्मे अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत में वर्ल्ड कप खेलूंगा और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करूंगा।'

छोटी टीमें, बड़ा चैलेंज

इटली के कप्तान मैडसेन (बाएं) और अमेरिका के कप्तान मोनांक

सम्राट-सुरुचि के हाथ आया सिल्वर

एजेंसियां, नई दिल्ली: भारत की उभरती हुई शूटर सुरुचि सिंह और वर्ल्ड चैंपियन सम्राट राणा को गुरुवार को यहां एशियन चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सिल्वर से संतोष करना पड़ा। बुधवार को ईशा सिंह के महिलाओं के एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड जीतने के बाद भारत के लिए दिन अच्छा रहा लेकिन सीनियर वर्ग में कोई गोल्ड मेडल नहीं मिला। सुरुचि और राणा की जोड़ी ने 479.6 अंक जुटाए जो एक नया वर्ल्ड और एशियन जूनियर रेकॉर्ड है। उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने 481.3 अंक के वर्ल्ड रेकॉर्ड के साथ गोल्ड पर कब्जा किया।

भारतीय जोड़ी ने पहली सीरीज में 100.5 के स्कोर से चार टीम के फाइनल में बढ़त बनाई, लेकिन निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव की उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने तीसरी सीरीज तक बढ़त बना ली और 'एलिमिनेशन' चरण तक बढ़त बनाए रखी और गोल्ड जीता। चीनी ताइपे की जोड़ी 412.2 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। मनु भाकर और श्रवण कुमार की दूसरी भारतीय जोड़ी 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

सुरुचि (बाएं)-सम्राट सिल्वर मेडल के साथ

सीनियर वर्ग में 4 मेडल

भारत के सीनियर वर्ग में अब तक चार मेडल हो गए हैं जिसमें दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। जूनियर वर्ग में पिछले साल की जूनियर वर्ल्ड कप और एशियन चैंपियनशिप विजेता रश्मिका सहगल ने एक और गोल्ड जीता। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 237.9 अंक हासिल किए। उनकी हमवतन वंशिका चौधरी ने 236.7 अंक के साथ सिल्वर जीता।

हार के बावजूद भारतीय टीमें क्वॉर्टर फाइनल में

■ **एजेंसियां, किंगदाओ (चीन):** बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में गुरुवार को भारत की पुरुष और महिला टीमों को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम को थाईलैंड ने 2-3 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने भी इसी अंतर से जापान के खिलाफ मैच गंवाया। इस हार के बावजूद दोनों ही भारतीय टीमें क्वॉर्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित करने में सफल रहीं। भारतीय महिला टीम क्वॉर्टर फाइनल में चीन से भिड़ेगी।

तन्वी लय में: युवा तन्वी शर्मा शानदार ने विमिंस में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगबामरुंगफान को हराकर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की जोड़ी ने विमिंस डबल्स में जीत दर्ज की। हालांकि रक्षिता रामराज, मालविका बंसोड और डबल्स में तनीषा क्रास्टो-श्रुति मिश्रा को हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के मैच में आयुष शेट्टी और चिराग शेट्टी व सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी की जीत के बाद अन्य खिलाड़ियों ने अपने मैच गंवा दिए।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

भारतीय शटलर तन्वी शर्मा

बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट

लवलीना की दमदार शुरुआत, हितेश जीते

■ **एजेंसियां, अलीकांटे (स्पेन):** ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल टूर्नामेंट-2026 में यूक्रेन की ओलहा फिलिपचुक को 5-0 से हराकर अभियान का शानदार आगाज किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश गुलिया ने कनाडा के विन्सेंट सांतोऑरियलो को 5-0 से मात दी। अन्य मैच में मंजू रानी (48 किग्रा) ने फ्रांस की ग्लोरिया डिअलेमेडा को 5-0 से हराया, जबकि नीतू (51 किग्रा) ने स्पेन की लॉरा कालडेरोन को पहले राउंड में ही RSC (रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट) से शिकस्त दी। कुसुम (51 किग्रा) ने स्पेन की क्लॉडिया अल्कानिज को 4-1 से मात दी।

लवलीना

भारत की 24 सदस्यों वाली मेंस हॉकी टीम हुई घोषित

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** हॉकी इंडिया ने राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले FIH प्रो लीग के पहले राउंड के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। इस चरण में भारत के अलावा बेल्जियम और अर्जेंटीना भाग लेंगी। भारत पहला मैच 11 फरवरी को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि 13 फरवरी को अर्जेंटीना से खेलना है। फिर 14 फरवरी को बेल्जियम से और 15 फरवरी को अर्जेंटीना से मैच होगा। इसके बाद भारत होबार्ट जाएगा जहां 21 और 24 फरवरी को स्पेन से और 22 तथा 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। लीग का यूरोपीय राउंड जून में होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हेड कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।'

FIH प्रो-लीग

भारतीय टीम- गोलकीपर: सूरज करकेरा, पवन। **डिफेंडर:** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, नीलम संजीप सेस, अमनदीप लाकड़ा। **मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, नीलाकांता शर्मा, रोशन कुजूर। **फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्ति, मनदीप सिंह, आराइजीत सिंह हुंदल, आदित्य।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFL1 User: cci Time: 02-05-2026 22:15 Color:

भारत Vs इंग्लैंड
U-19 वर्ल्ड कप
फाइनल आज
1:00 PM (जिंबाब्वे) में
जियो हॉटस्टार, स्टार
स्पोर्ट्स नेटवर्क पर
▶ खेल पेज

NB नवभारत

मंत्री ने कहा, US डील पर साझा बयान 4-5 दिन में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर संयुक्त बयान 4-5 दिनों में जारी हो सकता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह बयान इस समझौते के पहले चरण के लिए होगा। बयान जारी होने के एक-दो दिन में ट्रंप प्रशासन इग्जेक्युटिव ऑर्डर जारी कर देगा, जिससे भारतीय निर्यात पर 50% के बजाय 18% टैरिफ की व्यवस्था लागू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि ट्रेड डील के इस पहले चरण से जुड़े औपचारिक कानूनी दस्तावेज पर मार्च तक दस्तखत हो सकते हैं। अमेरिकी टैरिफ जहां उसके इग्जेक्युटिव ऑर्डर के जारी होते ही 18% पर आ जाएगा, वहीं अमेरिकी चीजों पर भारत का टैरिफ मार्च में कानूनी दस्तावेज पर दस्तखत के बाद घटाए जाएंगे। गोयल ने कहा, द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग तैयार हो गया है। जॉइंट स्टेटमेंट के बयान के आधार पर हमारे इस समझौते की पहली कड़ी की शुरुआत हो जाएगी। बयान पर दस्तखत वर्चुअल तरीके से होंगे। ▸▸ पेज 8

मार्च के मध्य में डील के कानूनी दस्तावेज पर दस्तखत होंगे

साझा बयान के एक-दो दिन में ट्रंप प्रशासन इग्जेक्युटिव ऑर्डर जारी करेगा, जिससे टैरिफ घटकर 18% हो जाएगा।
-पीयूष गोयल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री

गल्फ से FTA पर... भारत और गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल ने FTA पर बातचीत शुरू करने की शर्तें तय कीं।

मुख्य अनाजों के लिए बाज़ार नहीं खोलेंगे: कृषि मंत्री

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि समझौते में खेती-बाड़ी और डेयरी सेक्टर के हितों से समझौता नहीं किया गया। मुख्य अनाज, फल, मिलेट्स, डेयरी उत्पाद पूरी तरह सुरक्षित हैं। बाजार इस तरह नहीं खुलेगा कि किसानों पर दबाव बने।

अमेरिकी दूत ने कहा, रिश्तों में हैं 'असीम संभावनाएं'

सर्जियो गोर

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका में हुई उच्चस्तरीय बैठकों को सराहा और कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में 'असीम संभावनाएं' हैं। उधर, जयशंकर ने डील पर कहा कि रिश्तों में मजबूत रफ्तार साफ दिख रही है।

NBT इरा
BEAUTY & BRILLIANCE
भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।
IRA 2026
बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के।
अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।
सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।
हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।
वट्सऐप नंबर
7003890071

पाक ने कहा, T20 वर्ल्ड कप में भारत से लीग मैच नहीं

■ पीटीआई, कराची (पाकिस्तान)

पाकिस्तान सरकार ने साफ कर दिया है कि उनकी टीम T20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ लीग मैच नहीं खेलेगी। यह मैच कोलंबो में 15 फरवरी को है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बहिष्कार को सोचा-समझा फैसला बताया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस फैसले के लिए गुरुवार को पाकिस्तान को धन्यवाद दिया। सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार किया तो ICC ने इस टूर्नामेंट से उसे हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। इस पर पाकिस्तान ने 1 फरवरी को सोशल मीडिया पोस्ट कर भारत के खिलाफ लीग मैच खेलने से इनकार किया। ICC ने PCB से फैसले पर फिर विचार को कहा था। अब पाकिस्तानी पीएम ने साफ कर दिया कि उनकी सरकार फैसला नहीं बदलने वाली है।



हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे। यह सही और सोचा-समझा फैसला है। हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। -शहबाज शरीफ, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

हम मैच खेलने जाएंगे: सूर्य

टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हमारी टीम पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच के लिए कोलंबो जाएगी, भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्य कुमार ने कहा - मुझे यकीन है कि वे (ICC) भी कुछ ना कुछ कर रहे होंगे।

हैपी मॉर्निंग

परीक्षा में एक छात्र कॉपी पर फूल बना रहा था।
टीचर: फूल क्यों बना रहे हो?
छात्र: सर, यह फूल मेरी याददाश्त को समर्पित है जो अभी-अभी गुजर गई।

अर्थसार

सेंसेक्स	83,313.93 (-503.76)
निफ्टी	25,642.80 (-133.20)
रु/यूएस डॉलर	90.39 (-0.07)
रु/यूरो	106.54 (-0.50)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,60,600 (-4,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,68,000 (-30,300)

मौसम

अधिकतम तापमान 23.9°
10.2° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय शुक्रवार 6:04 | सूर्यास्त शनिवार 7:06
मौसम विभाग ने आज और कल हल्के कोहरे का पूर्वानुमान जताया।

मांझे से मौतें हत्या जैसी, मर्डर केस दर्ज होगा: योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सीएम योगी आदित्यनाथ ने पतंग में इस्तेमाल किए जा रहे चाइनीज मांझे से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि किसी व्यक्ति की चाइनीज मांझे की वजह से होने वाली मृत्यु हत्या की तरह है। मर्डर केस दर्ज होगा। इस तरह के मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चाइनीज मांझे पूरी तरह बैन है और इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। चाइनीज मांझा आमजन, बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा भी है। योगी ने शुक्रवार को पुलिस को छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए।

कोरियन जुनून

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में तीनों बहनों की मौत ब्रेन हैमरेज से

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए: कोरियन जुनून में गाजियाबाद की तीन बहनों के आत्महत्या के मामले में पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए। बुधवार शाम दिल्ली में अंतिम संस्कार हुआ। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, कंचाई से गिरने से खून अधिक बह गया, ब्रेन हैमरेज होने से मौत हुई। परिजन खजूरी स्थित गांव गए, लेकिन तड़के फिर गाजियाबाद के फ्लैट लौट आए। इस बीच पिता ने करोड़ों के कर्ज की बात से इनकार किया और कहा कि मुझे पर 30 लाख का कर्ज है, जिसे चुका रहा हूं।

मेघालय की कोयला खदान में धमाका, 18 मौतें

■ पीटीआई, शिलांग: मेघालय में एक कथित अवैध कोयला खदान में विस्फोट से 18 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसा थांगस्कू क्षेत्र में हुआ और अब तक 18 शव निकाले जा चुके हैं। बचाव दल तलाश अभियान में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में संकेत मिलता है कि यह कोयला खदान अवैध रूप से चल रही थी। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं ताकि विस्फोट के सही कारण का पता लगाया जा सके और अवैध खदान चलाने वालों की पहचान हो सके।

बड़ी राहत कोर्ट ने साफ किया कि पानी, बिजली, सीवर, पार्क जैसी सुविधाएं हो

सुप्रीम कोर्ट का आदेश, सुपरटेक के प्रोजेक्ट अब NBCC पूरे करेगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक के हजारों फ्लैट खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए नैशनल कंपनी लॉ अपीलीय ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा। इसमें सरकारी कंपनी NBCC को कंपनी की 16 पेंडिंग हाउसिंग परियोजनाएं पूरी करने की जिम्मेदारी दी गई है। बेंच ने कहा कि फ्लैट बॉयर्स के मुताबिक रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक ने साल 2010 से 2012 के बीच लगभग 51,000 मकानों की बुकिंग की थी। बेंच ने साफ किया है कि कर्ज में डूबी इस रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के हितों और बकाया का निपटारा केवल तब किया जा सकता है, जब परेशान घर खरीदारों को पूरी तरह सुसज्जित मकान सौंप दिए जाएं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पानी, बिजली, सीवर, सड़क और पार्क जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

AI Image

खबरें कोर्ट से

- राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी 'फ्रीबीज' के वादों के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट तैयार ▸▸ देखें अंदर
- संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को आपत्तिजनक टिप्पणी से रोकने के लिए जारी हो दिशा निर्देश, SC में अर्जी ▸▸ पेज 5
- बिहार चुनाव के दौरान 10 हजार बांटे जाने के खिलाफ याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई ▸▸ देखें अंदर

वोटर्स को 'मुफ्त की रेवड़ी' के खिलाफ SC करेगा सुनवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट राजनीतिक दलों के चुनावी 'फ्रीबीज' के वादों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। गुरुवार को कोर्ट ने उस जनहित याचिका (PIL) को मार्च में सुनवाई के लिए लिस्ट करने पर सहमति जताई, जिसमें अतार्किक फ्रीबीज (मुफ्त उपहार) का वादा करने, उन्हें वितरित करने वाले दलों का चुनाव चिह्न जब्त करने या रजिस्ट्रेशन रद्द करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

> जनहित याचिका पर मार्च में सुनवाई के लिए लिस्ट करने पर जताई सहमति।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने यह मामला उठाया। बेंच को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। एडवोकेट ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर, चुनावों के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से सब कुछ देने का वादा करते हैं और यह भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। आप कृपया इसका उल्लेख कर हमें याद दिलाइए। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।'

25 जनवरी 2022 को तत्कालीन चीफ जस्टिस एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव से पहले इस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा था।



बिहार: 10 हजार बांटे जाने के खिलाफ आज सुनवाई

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को अवैध प्रथाओं के आधार पर चुनौती देते हुए और नए सिरे से चुनाव कराने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है। पार्टी ने विशेष रूप से अदालत में यह मुद्दा उठाया है कि आदर्श आचार संहिता के लागू रहने के दौरान राज्य में महिला मतदाताओं को सीधे 10,000 का हस्तांतरण किया गया। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

महिलाओं और युवाओं के लिए ममता बनर्जी ने खोला खज़ाना

■ **भाषा, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के लिए खजाना खोला है।

> ■ लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर माह 500 रुपये ज्यादा मिलेंगे।

महिलाओं के लिए फरवरी से 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। अब महिलाओं को एक हजार की जगह हर महीने डेढ़ हजार रुपये मिलेंगे।

राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए 'बांग्ला युवा साथी' योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत 21-40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक या अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए डेढ़ हजार रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। अगर टीएमसी सत्ता में वापसी करती है तो यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के भत्तों में एक हजार रुपये की वृद्धि की गई है। उनकी मृत्यु होने पर परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का प्रस्ताव भी है। नागरिक स्वयंसेवकों और 'ग्रीन पुलिस' कर्मचारियों के लिए एक हजार रुपये की मासिक वेतन वृद्धि की घोषणा की गई।

'बाड़ के लिए भूमि देने में आपत्ति नहीं'

■ **भाषा, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में आपत्ति नहीं है। लेकिन, केंद्र सरकार को पहले राज्य में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किमी से बढ़ाकर 50 किमी करने के फैसले को रद्द करना होगा।

SIR के खिलाफ चर्चा की अनुमति नहीं

■ **भाषा, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में SIR पर प्रस्तावित चर्चा को लेकर गुरुवार को खींचतान देखने को मिली। विधानसभा अध्यक्ष ने मामला SC में लंबित रहने के कारण इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं दी।

NTA ने UGC-NET दिसंबर 2025 का रिजल्ट किया जारी

Bhupender.Shama
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** NTA ने UGC-NET दिसंबर 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसके लिए 9.93 लाख रजिस्ट्रेशन हुए थे। 7.35 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। एनटीए ने सब्जेक्ट और कैटिगरी के हिसाब से कटऑफ मार्क्स भी जारी किए हैं। जेआरएफ और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए 5108 कैंडिडेट्स क्वालिफाई हुए हैं। पीएचडी में एडमिशन और असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए तय की गई कैटिगरी में 54713 कैंडिडेट्स क्वालिफाई हुए हैं। तीसरी कैटिगरी में 117058 कैंडिडेट्स ने एग्जाम क्लियर किया है।

> सब्जेक्ट और कैटिगरी के हिसाब से कटऑफ भी जारी किए गए हैं।

शादी के तीन महीने बाद ही पति की हत्या में गिरफ्तार

■ **पीटीआई, जयपुर :** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में शादी के तीन महीने बाद पति आशीष (27) की हत्या की साजिश रचने के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपी महिला के साथ-साथ उसके कथित दोस्त और दो अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है।



शुरू में यह लूट और हत्या का मामला लग रहा था जांच में पता चला कि पत्नी ने ही हत्या की साजिश रची थी। SP अमृता दुहान ने बताया कि आरोपियों की पहचान अंजलि (23), दोस्त संजय, उसके दोस्त रोहित (20) और सिद्धार्थ (20) के रूप में हुई। सभी को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। घटना 30 जनवरी की रात को हुई थी। शादी पिछले साल 30 अक्टूबर को हुई थी।

5 LCA MK1A डिलिवरी को तैयार, फिर भी तेजस मिलने में होगी देरी ?

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

File

■ **नई दिल्ली :** इंडियन एयरफोर्स को करीब दो साल से तेजस (LCA) MK1A का इंतजार है। अब हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने कहा है कि पांच तेजस मार्क-1 A डिलीवरी के लिए तैयार हैं। हालांकि सूत्रों के मुताबिक एयरफोर्स को ये फाइटर जेट मिलने में अभी पांच-छह महीने का वक्त और लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक एयरफोर्स की जरूरत के हिसाब से अभी ये एयरक्राफ्ट क्वॉलिटी रिक्वायरमेंट, जिसे सर्विस क्वॉलिटेटिव रिक्वायरमेंट यानी SQR कहा जाता है, पूरी नहीं करते हैं। इन्हें पूरा करने में अभी कुछ और महीने लग सकते हैं।

> ■ HAL ने कहा, 5 तेजस MK1A डिलिवरी के लिए तैयार हैं।
> ■ सूत्रों के मुताबिक, अभी ये एयरक्राफ्ट एयरफोर्स की जरूरत पूरी नहीं करते हैं।
> ■ जरूरी रिक्वायरमेंट पूरी होने में लग सकते हैं 5-6 महीने।

HAL ने बयान जारी कर कहा कि पांच LCA MK1A पूरी तरह डिलीवरी के लिए तैयार हैं और इनमें तय किए गए समझौते के अनुसार सभी जरूरी क्षमताएं शामिल हैं। इसके अलावा नौ एयरक्राफ्ट पहले ही बनाए जा चुके हैं और उनकी उड़ान भी हो चुकी है। GE से इंजन मिलते ही इन एयरक्राफ्ट को भी डिलीवरी के लिए तैयार कर दिया जाएगा। HAL ने कहा कि डिजाइन और डिवेलपमेंट से जुड़ी जो दिक्कतें बताई गई थी उन्हें तेजी से दूर किया जा रहा है। साथ ही कहा कि HAL इंडियन एयरफोर्स से लगातार बातचीत कर रहा है ताकि एयरक्राफ्ट जल्द से जल्द सौंपे जा सकें।

हालांकि सूत्रों ने कहा कि एयरफोर्स ने HAL को जो सर्विस क्वॉलिटेटिव रिक्वायरमेंट (SQR) दिया था, वह अभी पूरा नहीं हुआ है। किसी भी एयरक्राफ्ट को एयरफोर्स को सौंपने की प्रक्रिया ये है कि HAL एयरफोर्स को बताएगा कि सभी SQR पूरे हो गए हैं और वे इंडक्शन टेस्ट (एयरक्राफ्ट को एयरफोर्स में शामिल करने से पहले एयरफोर्स जो टेस्ट लेता है) के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक HAL की तरफ से ही इसकी टाइमलाइन दी जाएगी लेकिन अभी तक HAL की तरफ से एयरफोर्स को इंडक्शन टेस्ट के लिए नहीं कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक SQR पूरे होने में पांच-छह महीने लग सकते हैं और बिना SQR पूरा हुए एयरफोर्स किसी भी एयरक्राफ्ट को शामिल नहीं करेगा। एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि ऑपरेशनल जरूरतों और सेफ्टी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी SQR पूरे होने पर ही कोई प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

एंफीबियन विमानों के लिए 3500 करोड़ का ऑर्डर

File

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** देश में बढ़ते एविएशन सेक्टर में गुरुवार को दो और प्लेयर्स ने हाथ मिलाया। आर्मी और सिविल दोनों के लिए एंफीबियन यानी सी-प्लेन की डिमांड को पूरा करेंगे। दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में एक रणनीतिक साझेदारी के रूप में अपोजी एयरोस्पेस (Apogee Aerospace) ने ऑस्ट्रेलिया की एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (AAI) को 15 एंफीबियन विमानों के लिए 3,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया।

> देश में बढ़ रहा एविएशन सेक्टर, दो प्लेयर्स ने मिलाया हाथ।

इसके अलावा यह भारतीय कंपनी भारत में टेल-सेक्शन (विमान का पिछला हिस्सा) को बनाने, इसकी मेंटेनेंस और ओवरहॉल (MRO) सर्विस देने के लिए भी देश में इन्हें स्थापित करेगी। इसके लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

आर्मी ने कई सड़कों, इमारतों के नाम बदले

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** इंडियन आर्मी कई सड़कों, इमारतों के नाम बदल रही है। औपनिवेशिक दौर के नामों की जगह अब वीरता पुरस्कार विजेताओं, युद्ध नायकों के नाम पर जगहों के नाम रखे गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि अपनी सैन्य विरासत को मजबूत पहचान देने और अंग्रेजों के समय के प्रतीकों से दूरी बनाने के लिए यह पहल की गई है।

> भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में कॉलिन्स ब्लॉक का नाम बदलकर गुफा ब्लॉक रखा गया।

भारतीय सेना ने 246 सड़कों, इमारतों और अन्य सुविधाओं के नाम बदले हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं, युद्ध नायकों और प्रमुख सैन्य नेताओं के योगदान को सम्मान देते हुए नए नाम उनके नाम पर रखे गए हैं। कुल 124 सड़कें, 77 रिहायशी कॉलोनियां, 27 इमारतें और सैन्य सुविधाएं, 18 अन्य सुविधाएं, जैसे पार्क, ट्रेनिंग एरिया, खेल मैदान, गेट और हेलिपैड के नाम बदले गए हैं।

एयरफोर्स इसी महीने पाकिस्तान बॉर्डर पर करेगी बड़ा युद्धाभ्यास

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** इंडियन एयरफोर्स इसी महीने पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर में 27 फरवरी को वायु शक्ति नाम से बड़ा युद्धाभ्यास करने जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद होने वाली इस बड़ी एक्सरसाइज में विदेशी मेहमान भी ये देख पाएंगे कि किस तरह ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान के विरुद्ध चक्रव्यूह रचा था।

> ■ विदेशी मेहमान भी देखेंगे कैसा था ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयरफोर्स का चक्रव्यूह।
> ■ 27 फरवरी को जैसलमेर में होगी एक्सरसाइज वायुशक्ति।
> ■ 100 से ज्यादा एयरक्राफ्ट होंगे एयरफोर्स के।

File

एक्सरसाइज वायुशक्ति में एयरफोर्स के वेस्टर्न और साउथ वेस्टर्न कमांड के एयरबेस पूरी तरह सक्रिय होंगे। एयरफोर्स के 100 से भी ज्यादा एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। वे फाइटर जेट और दूसरे एयरक्राफ्ट भी इस एक्सरसाइज का हिस्सा होंगे जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई थी। पहले भी वायुशक्ति एक्सरसाइज होती रही है। तब इस एक्सरसाइज में जो किया गया, वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जीवंत होता दिखा दिल्ली स्थित मित्र देशों के दूतावासों से करीब 40 अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रह सकते हैं। एक्सरसाइज में फाइटर जेट रफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 दिखेंगे। अटैक हेलिकॉप्टर प्रचंड भी हिस्सा होंगे।

ऑपरेशन सिंदूर में लॉइटरिंग एम्युनिशन का इस्तेमाल किया गया था। वायुशक्ति में लॉइटरिंग एम्युनिशन से भी युद्धाभ्यास होगा। पहली बार C-295 से नाइट असॉल्ट लैंडिंग ड्रिल दिखेगी। C-130J सुपर हरक्यूलिस छोटे रनवे पर लैंड कर गरुड़ कमांडो को 'वॉर जोन' में उतारेगा। एयरफोर्स ने युद्धाभ्यास की जानकारी के लिए NOTAM (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। एयरफोर्स के एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हैं। एयर डिफेंस की कई लेयर तैयार की गई हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 02-05-2026 22:37 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 6 फरवरी 2026 > माघ 17 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 32 > पेज 20* > मुहमांग > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

'कब्र, बोफोर्स...' राज्यसभा में विपक्ष पर बरसे पीएम

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा में भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन टल गया, लेकिन गुरुवार को राज्यसभा में जब उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया तो निशाने पर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल रहे। लोकसभा में अभिभाषण पर चर्चा न हो सकने को मोदी ने संविधान और आदिवासी परिवार से आई महिला राष्ट्रपति का अपमान बताया। उन्होंने कांग्रेस पर सिख गुरुओं के अपमान का आरोप लगाते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को भी घेरा।

राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' बताया था। पीएम ने इस पर कहा कि कांग्रेस के 'युवराज' जिनका शातिर दिमाग है, उन्होंने इस सदन के एक सांसद को 'गद्दार' कहा। उनका अहंकार चरम पर है। उन्होंने कांग्रेस छोड़ने वाले किसी और को गद्दार नहीं कहा, लेकिन उस सांसद को गद्दार इसलिए कहा कि वह सिख है। यह सिखों का अपमान था, गुरुओं का अपमान था। यह सिखों के प्रति उस नफरत का इजहार था जो कांग्रेस में भरी हुई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोग कांग्रेस को डुबो देंगे।

विपक्ष पर तंज मे पीएम ने कहा कि कांग्रेस हो, तृणमूल हो, डीएमके हो, लेफ्ट हो- ये दशकों से केंद्र में सत्ता में रहे हैं। सत्ता के भागीदार रहे हैं। राज्यों में भी उन्हें सरकार चलाने का अवसर मिला है। लेकिन उनकी पहचान क्या बनी है। आज डील की चर्चा होती है तो गर्व से कहते हैं, लेकिन तब बोफोर्स डील याद आता था।

पीएम के संबोधन के शुरू से ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। मोदी ने सभापति से कहा कि खरगेजी की उम्र को देखते हुए आग्रह करता हूं कि उन्हें बैठकर नारेबाजी करने दें। कुछ देर नारेबाजी के बाद विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। ▸▸ पेज 5

राहुल गांधी, कांग्रेस समेत कई निशाने पर

जो मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, वही मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे हैं। यह कौन से संविधान से सीखा है।
- नरेन्द्र मोदी, पीएम

राहुल के 'गद्दार' वाले बयान पर सिख गुरुओं के अपमान का आरोप लगाया

'लोकसभा में PM के साथ कुछ भी हो सकता था'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि सदन में बुधवार को कांग्रेस के कई सांसद सदन (प्रधानमंत्री) के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए मेरे अनुरोध पर पीएम सदन में नहीं आए। इसी वजह से बुधवार शाम उनकी स्पीच टालनी पड़ी थी। गुरुवार को बिरला ने सदन को यह जानकारी दी। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच पीएम के जवाब के बिना राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पास हो गया। कांग्रेस ने पुराने विडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि 2004 में बीजेपी ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को इसी तरह जवाब देने से रोका था।

समय बीतने के साथ खोज लिए जाते हैं गुम हुए लोग : दिल्ली पुलिस

'लापता पर डरें नहीं न मामले बढ़े और न ही गिरोह सक्रिय'

NBT पड़ताल

■ अश्विनी शर्मा, नई दिल्ली: लापता व्यक्तियों, खासकर बच्चों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही आशंकाओं पर दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बरामदगी एक सतत और समय लेने वाली प्रक्रिया है, जिसे केवल एक साल के आंकड़ों से नहीं आंका जा सकता। पुलिस के अनुसार पुराने वर्षों के मामलों में समय के साथ बड़ी संख्या में लोगों को खोज लिया गया है, जैसे 2016 के 23 हजार से अधिक मामलों में करीब 85% का समाधान बाद के नौ साल में हुआ और इसी तरह 2025 में दर्ज 63% मामलों की बरामदगी उसी साल हो चुकी है, जबकि शेष मामलों में भी सुधार की उम्मीद है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस साल जनवरी में 1,777 लापता मामले की रिपोर्ट हुई, जो पिछले साल के औसत मासिक आंकड़े और जनवरी 2025 से कम है। साफ है कि हाल में लापता मामलों में असामान्य बढ़ोतरी नहीं हुई है।

1,777 लापता मामले
जनवरी 2026 में, जो कि 2025 जनवरी और पिछले साल के औसत मासिक आंकड़े भी कम

इस मामले में पांच ज़रूरी बातें

1. दिल्ली में बच्चों के लापता होने या अपहरण के मामलों में किसी भी प्रकार की संगठित गिरोह की सक्रियता सामने नहीं आई है। ऐसे मामलों को लेकर फैल रही अफवाहें पूरी तरह भ्रामक हैं।
2. पहले की तुलना में दिल्ली में लापता व्यक्तियों की रिपोर्टों में बढ़ोतरी नहीं हुई है, बल्कि जनवरी 2026 में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट किए गए मामलों में कमी दर्ज की गई है।
3. पुलिस के अनुसार निर्धारित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) के तहत सभी लापता व्यक्तियों के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाती है। विशेष रूप से लापता बच्चों के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और उनके शीघ्र पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं।
4. सभी जिलों में Dedicated Missing Persons Squads तैनात है। क्राइम ब्रांच में Anti Human Trafficking Unit भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, ताकि लापता व्यक्तियों और मानव तस्करी से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जा सके।
5. पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इस संवेदनशील विषय में किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कानून के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरकार और पुलिस बोली

डरने वाली कोई बात नहीं है, पुलिस मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करने के बाद लापता लोगों को तलाशने का प्रयास करती है और करीब 90 प्रतिशत लोग रिकवर भी हो जाते हैं।
- आशीष सूद, गृह मंत्री, दिल्ली

पैनिक पैदा करने वाले मैसेज वायरल करने वालों की पहचान हो रही है। इनपर कार्रवाई की जाएगी, ताकि भ्रामक जानकारी ना फैला सके।
- देवेश चंद्र श्रीवास्तव, स्पेशल कमिश्नर, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट

काम की खबरें

UPSC ने सिविल सेवा परीक्षा में बदले नियम
UPSC ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया। जो सुप-A रोज में चुने गए है, वे रैंक सुधार के लिए एक बार एग्जाम दे सकेंगे। ▸▸ पेज 10

पहली सहकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी शुरू
देश की पहली सहकारिता आधारित 'भारत टैक्सी' की गुरुवार को शुरुआत हुई। फिलहाल दिल्ली-NCR, गुजरात में शुरू हुई। ▸▸ पेज 9

UGC-NET रिजल्ट
नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने UGC-NET दिसंबर 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। सब्जेक्ट और कैटिगरी के हिसाब से मार्क्स भी जारी। ▸▸ देखें ऊपर

IGI के तीनो टर्मिनल में Family@DEL सर्विस
इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट ने Family@DEL नाम से नई सुविधा शुरू की है, जो परिवारों को आरामदायक सफर देगी। ▸▸ पेज 8

शिकायतों के निपटारे के लिए लॉन्च होगा ऐप
दिल्ली सरकार विभागों से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए दिल्ली मित्र ऐप/पोर्टल जल्द लॉन्च करेगी। निपटारे की निगरानी AI से होगी।

नॉर्दर्न रेलवे चलाएगा 108 स्पेशल ट्रेनें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 1410 होली स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। इसी क्रम में नॉर्दर्न रेलवे ने भी 108 होली स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। यह स्पेशल गाड़ियां 1 मार्च से 22 मार्च के बीच चलेंगी। जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए 1 मार्च से पहली होली स्पेशल ट्रेन दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग के बीच चलाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यात्री रेलवे की वेबसाइट चेक करते रहें, जिससे उन्हें पता चल सके कि कौन सी गाड़ी कब से चलेगी।

सीवर में गंदा पानी छोड़ने पर मिठाई दुकान मालिक को HC से राहत नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने एक मिठाई की दुकान के मालिक को फर्श और बर्तन या कंटेनर धोने से निकलने वाले गंदे पानी को बिना किसी ट्रीटमेंट के पब्लिक सीवर में छोड़ने के मामले में दोषी ठहराने के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने साफ कहा कि किसी को सिर्फ उसके छोटे आकार या काम के पैमाने के आधार पर छूट नहीं दी जा सकती। पानी के स्रोतों के प्रदूषण के गंभीर और लंबे समय तक रहने वाले असर पर जोर देते हुए जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि छोटी खाने की दुकानें, रेस्टोरेंट और फूड प्रोसेसिंग यूनिट मिलकर बिना ट्रीटमेंट किया गंदा पानी पब्लिक सीवर और नालियों में छोड़ते हैं, जो आगे चलकर नदियों तक पहुंचता है। याचिकाकर्ता की चांदनी चौक में मिठाई की दुकान है। ट्रायल कोर्ट ने उसे साल 2017 में वॉटर एक्ट के तहत सीवर में प्रदूषित पदार्थ डालने का दोषी ठहराया था। हालांकि 31 जनवरी को सुनाए गए फैसले में हाई कोर्ट ने दो साल की जेल की सजा को रद्द कर दिया। कोर्ट ने पहले लगाए गए 2 लाख रुपये के जुर्माने को बरकरार रखा। साथ ही, मिठाई दुकान मालिक को दो महीने के भीतर 10 लाख रुपये का एक्स्ट्रा जुर्माना देने का आदेश दिया।

कोर्ट बोला, दुकान छोटी है कहकर छूट नहीं मिल सकती

कर्मयोगी आवास योजना में फ्लैट खरीदने वालों को मिलेगा हर्जाना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कर्मयोगी आवास योजना में फ्लैट खरीदने वाले खरीददारों को डीडीए ने नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है। इस स्कीम को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, लेकिन इसके बाद डीडीए की नागरिक आवास योजना लॉन्च हुई। इसमें नरेला में ही उसी साइज के सस्ते फ्लैट उतार दिए गए। जिसके बाद सरकारी कर्मचारियों ने खुद को ठगा महसूस किया। इस सिलसिले में लोगों ने डीडीए ऑफिस में नारेबाजी भी की थी। कर्मयोगी अलॉटी असोसिएशन के सदस्य अशोक के अनुसार, नरेला में सुविधाओं की कमी होने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों ने कर्मयोगी आवास योजना को लोगों तक पहुंचाया था। अलॉटियों का कहना है कि उनके साथ गलत हुआ है और वह चाहते हैं कि DDA उन्हें हुए नुकसान की भरपाई करे। अलॉटियों का कहना है कि उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि जल्द से जल्द ठोस फैसला चाहिए ताकि वे अपने घरों में परिवार के साथ शिफ्ट हो सकें।

असोसिएशन के अनुसार अब डीडीए अधिकारियों ने दावा किया है कि कर्मयोगी आवास योजना में फ्लैट खरीदने वाले खरीददारों के नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस योजना में सरकारी कर्मचारी, अधिकारियों और रिटायर सरकारी कर्मियों के लिए फ्लैट्स उतारे गए थे। स्कीम सिर्फ इन्हीं के लिए सीमित थी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कब से शुरू हुआ यह विवाद?

कर्मयोगी अलॉटी असोसिएशन के अनुसार इस आवास योजना में नरेला के पॉकेट-9 में बने फ्लैट्स शामिल थे। स्कीम में पहले ही दिन 700 लोगों ने इसमें अपने फ्लैट बुक करवाए थे। इसके बाद 30 जनवरी को बसंत पंचमी पर डीडीए ने एक और हाउसिंग स्कीम नागरिक आवास योजना लॉन्च की। इस स्कीम में उसी साइज के फ्लैट उसी लोकेशन पर सस्ते में दिए जाने लगे। यहीं से विवाद शुरू हुआ।

मेगा सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की समय पर पहचान करने की दिशा में दिल्ली के नोवेनियो हॉस्पिटल ने एक नई पहल कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। अस्पताल ने 8 घंटे में सर्वाइकल कैंसर (पैप और एचपीवी) की जांच के सबसे ज्यादा सैंपल इकट्ठा करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

बुधवार को वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर अस्पताल ने एक मेगा कैंप लगाकर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 500 से अधिक महिलाओं की सफलतापूर्वक कैंसर स्क्रीनिंग की, जो एक दिन में हॉस्पिटल बेस्ड सबसे बड़े जांच अभियानों में से एक है। शिविर का मुख्य उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर जैसे व्यापक, लेकिन काफी हद तक रोके जा सकने वाले रोग की प्रारंभिक पहचान को बढ़ावा देना था। जांच के साथ-साथ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं को जोखिम के कारकों, प्रारंभिक लक्षणों, नियमित स्क्रीनिंग और फॉलोअप देखभाल के महत्व के बारे में परामर्श भी दिया।

उत्तर मध्य रेलवे

No. : AGC/PU/2026/01 Date : 03.02.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, परियोजना इकाई, आगरा उत्तर मध्य रेलवे द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या : AGCPU202601	अनुमानित लागत : ₹ 26056254.81
कार्य का नाम : मथुरा-पलवल खंड में मथुरा यार्ड के पास हजरतपुर, कासगंज लाइन और मालगाड़ी लाइन की 2x25 केवी लाइनों को बिजली की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त आपूर्ति व्यवस्था का प्रावधान।	
धरोहर राशि : ₹ 280300/-	कार्य पूर्ण करने की अवधि : 4 माह

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकता है। 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 24.02.2026 को 15:00 Hrs. तक भरा जा सकता है। 239/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-20 के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

1.	कार्य का विवरण	'Cleaning of under Gear Equipment of WAP5 / WAP7 / WAG9 locomotives during Minor Schedule (ICO/IA/IB/IC) and unscheduled visit of locomotives' for a period of 36 months at Electric Loco Shed-Ghaziabad.
2.	कार्य की अनुमानित लागत	₹ 41,70,012.00
3.	धरोहर राशि	₹ 83,400.00
4.	निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय	07.03.2026 (15:00 Hrs.)
5.	निविदा खोलने की तिथि और समय	07.03.2026 (After 15:00 Hrs.)
6.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in

नोट : (i) निविदाकारों को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है। संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-20 दिनांक : 04.02.2026 401/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/ई-निविदा सूचना/51/2025-26/W-3 दिनांक: 05.02.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

1	कार्य का नाम	सीनियर डीईएन-III/डीएसआई के अधिकार क्षेत्र में छठ, होली, दिवाली जैसे त्योहारों की भीड़भाड़ के दौरान, साथ ही ग्रीष्म और शीत ऋतु की भीड़भाड़ और अन्य उद्घाटन/विशिष्ट कार्यक्रमों आदि के लिए टेंट की व्यवस्था।
2	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)	रु. 1,48,22,336.49/- (रुपये एक करोड़ अड़तालीस लाख बाईस हजार तीन सौ छत्तीस और उनचास पैसे मात्र)
3	बयाना राशि (रुपये)	रु. 2,24,100/- (दो लाख चौबीस हजार एक सौ मात्र)
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	रु. 0.00
5	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	26.02.2026 को 15:00 तक।
6	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 398/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 82/2025–2026 दिनांक 23.01.2026

निविदा संख्या 07260207, अंतिम तिथि 23.03.2026

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, अंतिम तिथि 23.03.2026 से 27.02.2026 कर दी गई है। अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। 392/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

SHORT TENDER NOTICE

GOVERNMENT OF JHARKHAND
DEPARTMENT OF MINES AND GEOLOGY
DIRECTORATE OF GEOLOGY
(Engineers' Hostel No-2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004)

The Directorate of Geology, Department of Mines & Geology, Government of Jharkhand invites **sealed tenders**, vide **tender reference no.-10/2025-26 dated: 06.02.2026**, from experienced and technically competent agencies for undertaking **"Geophysical Survey in Sokra Graphite Block, Palamu District of Jharkhand." The Tender Document**, including Terms and Conditions and Application Form, can be downloaded from the official website of the Government of Jharkhand: www.jharkhand.gov.in. Any corrigendum, addendum, or updates related to this tender shall be published only on the above-mentioned website. Interested agencies are advised to regularly visit the portal for updates. Agencies fulfilling the eligibility criteria as specified in the Tender Document are invited to submit their applications/bids within the stipulated time and in the prescribed manner.

Sd/-
Director, Geology
Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology,
Government of Jharkhand

PR 372357 Mines and Geology(25-26).D

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.
विद्युत वितरण मण्डल, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

ई–निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल रुद्रपुर निम्न कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

क्र० सं०	ई–निविदा संख्या	कार्य का नाम	ई–निविदा क्य करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा हार्ड प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	ई–निविदा की तकनीकी बिड पार्ट–I (EMD & Tender Cost, Bid Validity) ऑफ लाइन खुलने की तिथि एवं समय	ई–निविदा तकनीकी बिड ऑफ लाइन/ ऑन लाइन खुलने की तिथि एवं समय
1	वि०वि०म०(रु0) 63/2025–26	विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, रुद्रपुर के अन्तर्गत गावा चौक से डी०डी० चौक तक काशीपुर बाईपास रोड के चौड़ीकरण कार्य हेतु विद्युत पोलों, परिवर्तकों एवं लाईनों को स्थानान्तरित करने का कार्य।	23.02.2026 12:00 बजे तक	24.02.2026 12.00 बजे	24.02.2026 14:00 बजे

कार्य, शर्तें एवं शर्तें विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
Customer Toll Free No- 1800 419 0405

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल रुद्रपुर

पत्रांक– 835/वि.वि.म.(रु.) दिनांक 05.02.2026

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB08sT-OT-3-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी द्वारा एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक : 1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB08sT-OT-3-2026 : कार्य का नाम : वाराणसी डिवीजन में RPF थाना/CPR के अधिकार क्षेत्र में (Ex BSBS)-PRRB सेक्शन और स्टेशनों में यार्ड मॉनिटरिंग के लिए CCTV कैमरे लगाने का प्रावधान, अनुमानित लागत : ₹ 2,36,49,768.44, बयाना की राशि : ₹ 2,68,300.00, निविदा प्रपत्र की कीमत : रु. 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 180 दिवस, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय : 26.02.2026 को 15:00 बजे।

1. ई-निविदा दिनांक 26.02.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-160 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सी.एस.आई.आर.–राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
डा. के.एस. कृष्णन् मार्ग, नई दिल्ली - 110012

विज्ञापन सं. रिक्रूट./01/2026 के तहत
"परियोजना स्टाफ के आबंधन हेतु प्रवेश साक्षात्कार (वॉक–इन इंटरव्यू)"

सीएसआईआर–एनपीएल में विभिन्न बाहरी संस्थान के वित्तीयन से वर्तमान में जारी एवं समयबद्ध विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत दस (10) **परियोजना स्टाफ** के पूर्णतः अस्थायी पदों पर वॉक–इन इंटरव्यू किया जाना प्रस्तावित है।

प्रोजेक्ट्स स्टाफ हेतु योग्य उम्मीदवार दिनांक **12.02.2026** को सुबह **09:00** बजे से लेटेस्ट सुबह **10:00** बजे तक उम्मीदवार प्रयोगशाला में उपस्थित हों। शैक्षणिक योग्यताओं, आवेदन पत्र आदि के पूर्ण विवरण की जानकारी के लिए विस्तृत विज्ञापन एनपीएल की वेबसाइट **www.nplindia.in** पर देखें।

प्रशासन नियंत्रक

CBC 36209/12/0003/2526

नोएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नोएडा-201301, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट : www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

S.N.	Job No.	Name of Work	Amount (Rs.)
1.	34/महा०प्र०/वरि० प्रबन्धक (एन०टी०सी०)/2025-26	सेक्टर-121 व 122 पर्थला गोलचक्कर का सुधारीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण का कार्य, नौएडा।	4,45,02,960.44
2.	35/महा०प्र०/वरि० प्रबन्धक (एन०टी०सी०)/2025-26	नौएडा क्षेत्र में, नौएडा भूतल पार्किंग स्थलों (क्लस्टर-I के अन्तर्गत वर्क सर्किल-1, 2, 3, ऑफ स्ट्रीट/ऑन स्ट्रीट) के संचालन हेतु पार्किंग संविदाकार का चयन।	8,80,64,742.00

जिन्हें दिनांक 06.02.2026 से दिनांक 19.02.2026 को सायं 05.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 20.02.2026 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

S.N.	Job No.	Name of Work	Amount (Rs.)
3.	28/महा०प्र०/वरि० प्रबन्धक (एन०टी०सी०)/2025-26	वर्क सर्किल-6, 7 व 8 के क्षेत्रान्तर्गत गति अवरोधकों पर थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का वार्षिक अनुरक्षण कार्य, नौएडा।	1,39,05,840.00
4.	29/महा०प्र०/वरि० प्रबन्धक (एन०टी०सी०)/2025-26	एम.पी.-3 रोड पर्थला गोलचक्कर से हिंडन ब्रिज व एफ.एन.जी. रोड पर्थला गोलचक्कर से सैक्टर-80 टी–पॉईंट तक थर्मोप्लास्टिक पेन्ट व रोड सेफ्टी आईटम का कार्य, नौएडा।	1,50,52,663.55

जिन्हें दिनांक 06.02.2026 से दिनांक 12.02.2026 को सायं 05.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 13.02.2026 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (एन.टी.सी.)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 03.02.2026 को अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No. 76 A, दिनांक 03.02.2026** पुलिस थाना सिविल लाइंस, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नामः अज्ञात, उम्रः लगभग 55 वर्ष, कदः 5'4"–5'5", रंगः गोरा, चोटः सिर पर मामूली चोट, पहचान चिन्हः लंबी ग्रे दाढ़ी, पहनावाः काले रंग की जैकेट, पीले रंग की हुडी और काले रंग का ट्राउजर।

अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना सिविल लाइंस, दिल्ली
फोनः 011–23815444, 8750870127

DP/1591/N/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गणेश**, पुत्रः स्व. अमर सिंह, पताः मकान नं. सी–431, नवजीवन कैम्प, गोविंदपुरी, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 134/2022 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः चितरंजन पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 134/2022 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः चितरंजन पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गणेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04 (दक्षिण–पूर्व)
कमरा नं. 10, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/375/SD/2026
(Court Matter)

लापता/अपहृत की तलाश



रवीना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नामः रवीना, पुत्रीः उमेद, पताः मकान नं. एच–90, गली नं. 01, मंडावली, दिल्ली, लिंगः महिला, उम्रः 10 साल, कदः 3'4", रंगः सांवला, पहनावाः पीले रंग का स्वेटर, हरे रंग की पजामा पैंट तथा पैरों में लाल जुराब के साथ चप्पल पहने है, जो 09.01.2026 से जगतपुरी, शाहदरा, दिल्ली स्थित कड़कड़ी मोड़ रेड लाइट से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 09/26 U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, दिनांकः 09.01.2026, थानाः जगतपुरी, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः जगतपुरी, दिल्ली
फोनः 8595868063

DP/563/SHD/2026

पहचान की अपील

अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार **अज्ञात** है, उक्त पुरुष की उम्र लगभग 50 वर्ष थी, उक्त पुरुष शराब के ठेके के पास मलका गंज में हिंदू राव अस्पताल में मृत पाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत पुरुष के शव को एचआरएच मुर्दाघर में रखा गया है। इस सिलसिले में **डीडी संख्या 138ए दिनांक 02.02.2026 पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** में दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

लिंगः पुरुष, **उम्रः** 50 वर्ष, **ऊँचाईः** 5'6" ft, **रंगः** सांवला, **शरीरः** मजबूत, **चेहराः** लंबा, **पहनावाः** पीले रंग का लोअर, **पहचानः** काली दाढ़ी। इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी/सब्जी मंडी, दिल्ली को सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना, सब्जी मंडी, दिल्ली
फोन नं. 8750870126

DP/1534/N/2026

ऊनो मिंडा लिमिटेड

UNO MINDA — DRIVING THE NEW

(सीआईएनः L74899DL1992PLC050333)
पंजीकृत कार्यालयः बी-64/1, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110052
कॉर्पोरेट कार्यालयः ग्राम नवादा फतेहपुर, डाकघर सिकंदरपुर बढ़ा, आईएमटी मानेसर के पास, गुरुग्राम (हरियाणा) - 122004
दूरभाषः +91 9810238396
ई-मेलः investor@unominda.com, वेबसाइटः www.unominda.com

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के उद्धरण

(करोड़ रुपये में) (करोड़ रुपये में)

समेकित								स्टैंडअलोन					
तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त		विवरण	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
31-12-2025	30-09-2025	31-12-2024	31-12-2025	31-12-2024	31-03-2025			31-12-2025	30-09-2025	31-12-2024	31-12-2025	31-12-2024	31-03-2025
अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित			अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
5,018.06	4,814.03	4,183.99	14,321.18	12,246.29	16,774.61	1	परिचालन से कुल आय	3,746.62	3,631.53	3,136.22	10,768.68	9,082.43	12,455.66
399.45	409.25	300.99	1,207.81	914.53	1,298.06	2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदों से पहले)	231.85	400.80	173.34	973.44	725.70	957.78
371.88	409.25	300.99	1,180.24	923.07	1,306.60	3	कर-पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	196.67	400.80	173.34	938.26	725.70	957.78
300.48	322.79	254.37	932.30	731.33	1,020.57	4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	156.20	338.54	157.26	768.60	617.13	796.26
301.37	318.39	233.56	932.45	690.09	933.00	5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) सहित]	153.52	332.50	144.63	764.71	575.63	707.75
115.41	115.34	114.83	115.41	114.83	114.83	6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 2 रुपये प्रति शेयर)	115.41	115.34	114.83	115.41	114.83	114.83
-	-	-	-	-	5,612.37	7	आरक्षितियाँ (पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाए गए पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	-	-	-	-	-	4,691.01
						8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 2 रुपये के अंकित मूल्य का) (जारी और बंद हो चुके परिचालनों के लिए) वर्ष समाप्त को छोड़कर वार्षिकृत नहीं						
4.80	5.28	4.05	15.13	11.79	16.42		क) बेसिक ईपीएस (रुपये में)	2.71	5.88	2.74	13.35	10.74	13.86
4.79	5.27	4.04	15.11	11.76	16.37		ख) डायल्यूटेड (Diluted) ईपीएस (रुपये में)	2.70	5.87	2.73	13.33	10.72	13.83

स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों पर अतिरिक्त जानकारीः

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त		वर्ष समाप्त
		31-12-2025	31-12-2024	31-03-2025
		अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1.	प्रतिभूति प्रीमियम खाता (करोड़ रुपये में)	1,632.31	1,462.98	1,462.98
2.	निवल मूल्य (करोड़ रुपये में)	5,618.92	4,708.48	4,805.84
3.	बकाया ऋण (करोड़ रुपये में)	1,926.74	1,721.53	1,856.04
4.	ऋण इक्विटी अनुपात (गुना में)	0.36	0.38	0.40
5.	पूंजी मोचन आरक्षित निधि (करोड़ रुपये में)	18.39	18.39	18.39
6.	ऋण सेवा कवरेज अनुपात (गुना में)	2.76	3.60	4.23
7.	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (गुना में)	8.49	7.81	10.59

नोट्सः–

1. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए समेकित और स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा उनकी बैठकों में 05 फरवरी, 2026 को अनुमोदित किया गया है।
2. बोर्ड ने प्रति शेयर 0.90 रुपये वाली इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 2 रुपये अंकित मूल्य) पर 45% अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी और घोषित किया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 42 के तहत, बोर्ड ने अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से बुधवार, 11 फरवरी, 2026 को "रिकॉर्ड तिथि" के रूप में तय किया है। सेबी विनियम, 2025 (18 नवंबर 2025 को संशोधित) के अनुसार, चेक/वारंट के माध्यम से लाभांश का भुगतान हटा दिया गया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे लाभांश के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान को सक्षम करने के लिए कंपनी/आरटीए के साथ अपने केवाईसी और बैंक खाता विवरण को अपडेट करें।
3. उपरोक्त 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जिसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52 के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों के पास दायर किया गया है। इन दोनों परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों जैसे एनएसई वेबसाइट (www.nseindia.com), बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.unominda.com) पर उपलब्ध है।
4. सूचीकरण विनियमों के विनियम 52(4) में उल्लिखित असाधारण और अन्य लाइन मदों के लिए, संबंधित खुलासे स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई और बीएसई) को किए गए हैं और एनएसई वेबसाइट (www.nseindia.com), बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.unominda.com) पर देखे जा सकते हैं।

बोर्ड की ओर से और उसके नाम पर
ऊनो मिंडा लिमिटेड

निर्मल के. मिंडा
अध्यक्ष
डीआईएनः 00014942

स्थानः गुरुग्राम (हरियाणा)
दिनांकः 05 फरवरी, 2026

हमें फॉलो करेंः

"ऊनो मिंडा लिमिटेड ऊनो मिंडा ग्रुप की एक प्रमुख कंपनी है। यह ग्रुप भारत और पूरे विश्व में सभी प्रमुख ओईएम्स को टियर 1 ऑटो कंपोनेंट सप्लायर है। यह ऑटोमोटिव स्विच, लैंप, बैटरियां, हॉर्न, सीएनजी/एलपीजी किट, फ्यूल कैप, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट, अलॉय व्हील, डाई कास्टिंग और सभी मोल्डिंग कंपोनेंट बनाती है।"

15 मामलों में था शामिल, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नॉर्थ ईस्ट जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने लूटपाट के एक मामले में फरार चल रहे वॉन्टेड बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ब्रह्मपुरी के रहने वाले आरिफ उर्फ पारो (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिला से ठग लिए गहने और कैश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दो ठगों ने 50 साल की महिला को नकली नोटों की गड्डी दिखाकर उनसे सोने के गहने और कैश ठग लिए। महिला के बयान पर न्यू अशोक नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज खंगाल पुलिस आरोपियों का पता कर रही है।

दो ठगों ने 50 साल की महिला को बनाया शिकार

छात्रा से मोबाइल छीनने वाले 2 पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जीटीबी एनक्लेव इलाके में परीक्षा देने जा रही एक छात्रा से मोबाइल छीनकर फरार दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से छीना गया मोबाइल और बाइक भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान, मानसरोवर पार्क निवासी राहुल पंचाल (34) और न्यू मॉडर्न शाहदरा निवासी राजेश कुमार सैनी (36) के रूप में हुई है।

लूटपाट मामले में दो नाबालिग पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रानी झांसी रोड के पास सर्जिकल ब्लेड दिखाकर लूटपाट करने वाले दो नाबालिग को शिदीपुरा चौकी पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से 17 हजार रुपये से अधिक कैश और अपराध में इस्तेमाल सर्जिकल ब्लेड भी बरामद हुआ। सेंट्रल जिले के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि 28 जनवरी की रात 10:30 बजे ईदगाह गोलचक्कर के पास लूट की यह वारदात हुई।

सुपरटेक फ्लैट बायर्स को SC से राहत

12 दिसंबर 2024 के आदेश को रखा बरकरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



■ NCLAT के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें NBCC से प्रोजेक्ट पूरा करने को कहा गया था

■ सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने को कहा

एक दशक से अधिक समय से अपने सपनों का घर मिलने का इंतजार कर रहे हजारों परेशान घर खरीदारों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नैशनल कंपनी लॉ अपीलीय ट्रिब्यूनल (NCLAT) के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें सरकारी कंपनी NBCC (नैशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन) को कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने तमाम ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट को ऐसे किसी भी आदेश को पारित करने से भी रोक दिया, जिससे NBCC द्वारा पूरी की जाने वाली निर्माण प्रक्रिया बाधित हो रहा हो।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का उपयोग करते हुए 12 दिसंबर 2024 के NCLAT के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें घर खरीदारों के हित में NBCC को परियोजनाओं का जिम्मा सौंपा गया था। बेंच ने कहा कि फ्लैट बायर्स के मुताबिक रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक ने साल 2010 से 2012 के बीच लगभग 51,000 मकानों की बुकिंग की थी। चीफ जस्टिस ने साफ किया है कि कर्ज में डूबी इस रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के हितों और बकाया का निपटारा केवल तब किया जा सकता है, जब परेशान घर खरीदारों को पूरी तरह सुसज्जित मकान सौंप दिए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मकानों में पानी, बिजली, सीवर कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं, साथ ही आसपास सड़कें और पार्क भी उपलब्ध होने चाहिए। कोर्ट ने कहा कि 12 दिसंबर 2024 को NCLAT द्वारा पारित आदेश, जिसमें लंबित आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए NBCC को रिकॉर्ड पर लाया गया है, न तो अनुचित है और न ही यह दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC) के प्रावधानों के विपरीत है।

शाहदरा ड्रेन से अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कर्दमपुरी के शाहदरा बरसाती नाले से सभी तरह के अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटा लिए गए हैं। एनजीटी के आदेश के बाद बाढ़ एवं सिंचाई विभाग ने इसकी पूरी रिपोर्ट एनजीटी में सबमिट की है।

बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सोमनाथ कश्यप की तरफ से यह एफिडेविट सबमिट किया गया है। एनजीटी ने एक आवेदन पर यह रिपोर्ट मांगी थी। इसमें बताया गया है कि आवेदक ने कहा है कि शाहदरा ड्रेन में कूड़ा जमा हो गया है। वहीं कर्दमपुरी में अतिक्रमण होने के साथ एक अवैध बरात घर और अवैध पार्किंग भी बन गई है। इसके जवाब में अधिकारी ने एनजीटी को बताया है कि कर्दमपुरी में ढलावघर के निर्माण का काम 2024 में हुआ था। यह अर्बन डिवेलपमेंट डिपार्टमेंट ने किया था। इस निर्माण के पूरा होने के बाद यहां कुछ अवैध गतिविधियां भी नाले के साथ शुरू हो गई। अतिक्रमण पहले किसी अज्ञात व्यक्ति ने अवैध पार्किंग के तौर पर किया। यह अवैध पार्किंग ट्रंक ड्रेन नंबर एक पर बने ढलाव घर के पास थी।

बाढ़ एवं सिंचाई विभाग ने सबमिट की रिपोर्ट

GDMA ने MCD से मांगा टोल कलेक्शन का 50%

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Sudama.Yadav@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: टोल प्लाजा को लेकर एमसीडी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। एक तरफ नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) लगातार टोल प्लाजा हटाने की मांग कर रहा है तो दूसरी तरफ अब गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (GDMA) ने मांग की है कि NH-48 पर रजोकरी/सिरहौल टोल प्लाजा से एमसीडी जितना टैक्स कलेक्शन करती है, उसका आधा जीडीएमए को शेयर करें या टोल हटाएं।

जीडीएमए ने भी कोर्ट में एक याचिका दायर की है और मांग की है कि एनएच-48 पर रजोकरी/सिरहौल टोल प्लाजा से एमसीडी जितना टैक्स कलेक्शन करती है, उसका 50 प्रतिशत जीडीएमए को दे या फिर टोल प्लाजा हटाए। जीडीएमए का तर्क है कि एमसीडी का टोल प्लाजा जीडीएमए के कार्य क्षेत्र में बना है और उसे भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

एनएचएआई पहले से ही एमसीडी के 9 टोल हटाने की मांग कर रहा है। NHAI अफसरों की दलील है कि एमसीडी के टोल का कोई खास फायदा नहीं है, एमसीडी ने इसे सिर्फ रेवेन्यू के उद्देश्य से बनाया है। जिससे रोजाना लोगों को परेशानी हो रही है।

GDMA ने कहा- सिरहौल टोल प्लाजा के टैक्स कलेक्शन का आधा हिस्सा दें, नहीं तो टोल प्लाजा हटाएं

अफसरों का कहना है कि MCD के 126 टोल प्लाजा हैं, जिसमें से 13 ऐसे हैं जहां गाड़ियों की एंट्री RFID टैग से होती है। MCD टोल टैक्स के साथ ही एनवायरनमेंट कंपनसेशन चार्ज (ईसीसी) भी वसूल करती है। पिछले साल दिसंबर तक ईसीसी के रूप में कुल 1753 करोड़ रुपये वसूले थे, जिसमें से दिल्ली की आबोहवा को ठीक करने के लिए सिर्फ 781.4 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए। ईसीसी का 971.8 करोड़ रुपये इस्तेमाल ही नहीं हो पाया है।

IIT-दिल्ली ने फंड जुटाने के लिए NGT से मांगी मदद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: यमुना नदी से जुड़े 14 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) की सैंपलिंग और जांच के लिए IIT दिल्ली ने फंड की मांग की है। IIT दिल्ली ने नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) को पत्र लिखकर DJB और दिल्ली पल्यूशन कंट्रोल कमिटी (DPCC) से फंड दिलाने में मदद करने की मांग की है। IIT दिल्ली के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (लीगल) दीपक राना की ओर से NGT में सबमिट किए गए पत्र में कहा गया है कि 23 दिसंबर को NGT ने यमुना से जुड़े STP की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के पालन के लिए IIT दिल्ली को फंड की जरूरत है। संस्थान को 14 से ज्यादा STP का दौरा करना है, वहां से सैंपल कलेक्ट करने हैं और उनकी जांच कर एनालिसिस तैयार करना है। IIT दिल्ली ने इसके लिए कुल अनुमानित खर्च 60 लाख 70 हजार 500 रुपये बताया है। इसमें 11 लाख 8 हजार रुपये एक्स्ट्रा खर्च और 9 लाख 26 हजार 400 रुपये जीएसटी शामिल हैं। पत्र में NGT से मांग की गई है कि वह DJB और DPCC को निर्देश दे ताकि यह फंड समय पर IIT दिल्ली को मिल सके।

DPCC और DJB को फंड देने के लिए निर्देश देने की मांग

कमला नगर मार्केट से अतिक्रमण हटाए पुलिस

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नॉर्थ दिल्ली के जवाहर नगर, मंडेलिया रोड, कमला नगर और इसके आसपास नो वेंडिंग/नो हॉकिंग जोन में अतिक्रमण के संबंध में पारित आदेश का नियमित और कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि संबंधित इलाकों में पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हॉकरों/रेहड़ी वालों/विक्रेताओं द्वारा कोई रुकावट पैदा न हो, जिन्होंने अवैध रूप से सार्वजनिक सड़क, गलियों और फुटपाथों पर कब्जा कर लिया है। आदेश के मुताबिक यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्रवाई होने के बाद, संबंधित इलाके पर हॉकरों/विक्रेताओं द्वारा दोबारा कब्जा न किया जाए।

HC ने दिल्ली पुलिस को दिया निर्देश

हाई कोर्ट सरदार कुलदीप सिंह और अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर विचार कर रहा है। दुकानदारों ने 11 दिसंबर, 2023 के आदेश की अवमानना का सिविक एजेंसियों और स्थानीय पुलिस पर आरोप लगाया है और इसके लिए उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश देने की मांग की है।

टर्मिनल-3 पर बिना नोटिस दिए 60 स्टाफ को नौकरी से निकाला

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

IGI टर्मिनल-3 पर प्रीपेड बूथ कर्मचारियों द्वारा यात्रियों के साथ सेवा शुल्क में हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। इसके बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एयरपोर्ट प्रीपेड बूथ पर काम करने वाले करीब 60 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी शशांक जायसवाल ने 31 दिसंबर 2025 यह ऑर्डर जारी किया था।

ऑर्डर में यह लिखा गया है कि रोहित कुमार ने मंडावली फैजलपुर के रहने वाले हैं, वह टी-3 पर प्रीपेड बूथ पर कर्मचारी हैं। आरोप है कि यह लोग रसीद पर कम शुल्क लिख रहे हैं और यात्रियों से वास्तविक शुल्क ले रहे हैं। एनबीटी के पास करीब 60 स्टाफ की लिस्ट है, जिन्हें काम से हटाने का आदेश दिया गया है। अचानक हटाने के बाद से सभी परेशान हैं। कई ऐसे कर्मचारी हैं जो वहां 25 से 30 साल से काम कर रहे हैं। मंडावली फैजलपुर के रहने वाले पवन कुमार ने बताया कि वह एयरपोर्ट पर 14 मार्च 2000 से प्रीपेड बूथ पर नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें और उनके कई साथियों को बिना नोटिस दिए हटा दिया गया। यहां तक की उन्हें ग्रैच्युअटी भी नहीं दी गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रीपेड बूथ पर हेराफेरी करना आसान नहीं है। अब ऑनलाइन का समय है। अगर यात्री 500 देता है तो आप कम का रसीद कैसे दे देंगे? बूथ कर्मचारियों का एक रसीद पर करीब 7 पर्सेंट कमिशन होता है। ऐसे में जब बूथ वाले कमिशन समेत पैसे मांगते हैं तो लोगों को लगता है कि ठगी की जा रही है।

पहले रेस्टोरेंट में लूटा, फिर थाने में भी पीटा

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

बदमाशों ने बचपन के दो दोस्तों के साथ क्रॉसरिवर मॉल के रेस्टोरेंट में मारपीट की। एक पीड़ित से आरोपियों ने जबरदस्ती पैसे मांगे और पैसे ट्रांसफर कराए। इसके बाद पुलिसवाले आरोपियों और पीड़ितों को लेकर आनंद विहार थाने पहुंचे तो करीब 15 से 20 की संख्या में बदमाश वहां भी पहुंच गए और थाने के अंदर ही दोनों दोस्तों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस के सामने दो दोस्तों की हुई पिटाई

दोनों पीड़ित किसी तरह थाने के SHO के पास पहुंचे और जान बचाई। सूत्रों के मुताबिक, इसके बाद भी तुरंत मामला दर्ज नहीं किया गया। मामला सीनियर अधिकारियों तक पहुंचने के बाद आनंद विहार पुलिस ने सिर्फ एक आरोपी शिवम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तुगलकाबाद के रहने वाले दीपक गुप्ता ने शिकायत दी कि एक फरवरी की रात करीब 2 बजे उनके छात्र मित्र अमन मिश्रा का फोन आया। वह काफी घबराए और डरे हुए थे। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी हो, पैसे लेकर क्रॉसरिवर मॉल आ जाओ। वह वहां पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। शाहदरा जिला के डीसीपी प्रशांत गौतम ने कहा कि शिकायतकर्ताओं ने आपस में सुलह कर लिया है।

परीक्षा के दौरान कैसे रहें तनाव से दूर, यहां जानिए

परीक्षा के दौरान बच्चे ही नहीं पैरेंट्स भी कई बार तनाव में आ जाते हैं। ऐसे में एनबीटी रंगमंच क्लब लेकर आया है एक खास वर्कशॉप, जहां पैरेंटिंग एक्सपर्ट और साइकोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका कपूर एग्जाम के दिनों में बच्चों और पैरेंट्स को एंग्जायटी से बचने के तरीके बताएंगी। तो ये मौका हाथ से ना जाने दें, आज ही रजिस्टर करें।

गीतिका कपूर (साइकोलॉजिस्ट)

तारीख: 11 फरवरी (बुधवार)
समय: दोपहर 3 से 4 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल/वट्सऐप करें।

मौसम रहा सुहाना, जल्द होगी ठंड की विदाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राजधानी में सर्दियां अब अपने आखिरी दौर में हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगले 10 से 15 दिनों में सर्दियों की विदाई हो सकती है। इस दौरान वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का कुछ असर दिल्ली पर बना रहेगा, जिससे बीच-बीच में हवाएं चलेंगी, बादल दिखेंगे और हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। हालांकि, इससे कड़ाके की ठंड लौटने के कोई आसार नहीं हैं। फिलहाल दिल्ली का मौसम अच्छा बना हुआ है। अगले 2 से 3 दिन अच्छी धूप निकलने की संभावना है। इस हफ्ते अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

21 दिनों में होगा कंप्लेंट का निपटारा, AI से होगी निगरानी

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली सरकार के विभागों से जुड़ी शिकायतों के निपटारे की फाइलें अब इस टेबल से उस टेबल पर नहीं घूमेंगी। शिकायतों के निपटारे के लिए 21 दिन की तय समयसीमा में निपटारा करना होगा। इसकी AI बेस्ड निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम (IGMS) भी बनाया जा रहा है। यह न सिर्फ शिकायतों के निपटारे की निगरानी और उनका आकलन करेगा, बल्कि विभागों को उनके कामकाज के आधार पर रैंकिंग भी देगा। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी अनुसार दिल्ली सरकार जल्द ही शिकायतों के लिए डिजिटल प्लैटफॉर्म दिल्ली मित्र ऐप/पोर्टल लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। जहां एक ही जगह पर सभी शिकायतों का निपटारा होगा।

दिल्ली सरकार शिकायतों के लिए जल्द लॉन्च करेगी ऐप और वेबसाइट

उस्तादों के फन भी हुनर भी, 'इंडिया आर्ट फेयर' में छाए नायाब रंग

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : मॉडर्न आर्ट के मेगा मेले 'इंडिया आर्ट फेयर' के दरवाजे कला के कद्रदानों के लिए खुल चुके हैं। साउथ एशिया कलाकारों का मंच दिल्ली का इंडिया आर्ट फेयर अपने 17वें एडिशन में 87 गैलरी, 135 एग्जिबिटर्स, 95 गैलरियों, कई आर्ट इंस्टिट्यूशन के साथ कला की दुनिया के अजब-गजब रंग से रोमांचित कर रहा है। 8 फरवरी तक NSIC ग्राउंड्स, ओखला में चलने वाले इस मेले में इंटरनैशनल आर्टिस्ट के हैरान करने वाले आर्टवर्क हैं, तो ट्राइबल आर्ट की सादगी पर भी खास जोर है। गुरुवार को इंडिया आर्ट फेयर का आगाज हुआ जहां कला और उसके प्रेमी आमने-सामने नजर आए।

संडे तक चलेगा साउथ एशिया का मॉडर्न और कंटेंपरेरी आर्ट मेला

इस बार 27 नई गैलरी भी कई नए-पुराने कलाकारों के आर्टवर्क, पेंटिंग, स्कल्पचर, इंस्टॉलेशन, लिथोग्राफ, डिजिटल आर्ट समेत कई आर्ट फॉर्म के साथ शरीक हुई हैं। एंट्री टिकट से है।

इंडिया आर्ट फेयर की डायरेक्टर

जया अशोकन कहती हैं कि भारत और साउथ एशिया की कला की दुनिया से यह फेयर एक रोमांच लेकर आर्टलवर्स के बीच है। इस ग्लोबल स्टेज में भारत के हर क्षेत्र से कला के खूबसूरत नमूने शरीक हुए हैं। साउथ एशियन आर्ट अब एक निर्णायक मोड़ पर है। इसके कलाकारों को इंटरनैशनल लेवल पर लगातार पहचान मिल रही है, इस क्षेत्र की खास आर्ट स्टाइल को लेकर बाजार में काफी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमारा ध्यान इसे गहराई देना और लचीला बनाना है।

जीरो वेस्ट इनोवेशन से निकले प्लास्टिक का समाधान: CM रेखा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : CM रेखा गुप्ता ने कहा है कि नए इनोवेशन और रिसाइक्लिंग तकनीक के जरिए जीरो वेस्ट के विजन के साथ प्लास्टिक को समस्या नहीं, बल्कि समाधान बनाया जा सकता है। उन्होंने यह बात गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित 12वीं अंतरराष्ट्रीय प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी और कॉन्फ्रेंस में कही। इस मंच से CM ने दिल्ली को ग्लोबल ट्रेड, डिस्ट्रिब्यूशन और इंडस्ट्री हब के रूप में डिवेलप करने का रोडमैप भी रखा और सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

दिल्ली को इंडस्ट्री हब बनाने के लिए की अपील

CM ने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट दिल्ली के लिए एक बड़ी चुनौती है लेकिन आधुनिक रिसाइक्लिंग और वेस्ट मैनेजमेंट तकनीक के जरिए इसे समाधान में बदला जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीरो वेस्ट और ग्रोथ के विजन पर काम करना जरूरी है।

NBT नवभारत टाइम्स NBT रंगमंच Club

स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरुकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। **योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी** के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ्य एकाग्र रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।

■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026
शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित है, आज ही पंजीकरण करें!
*(शर्तें लागू)

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

लिखा- ज़िंदगी से तंग आ गया हूं और लगा लिया फंदा

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

जिले के गांव डालियावास में 19 साल के मेधावी छात्र ने घर पर फंदा लगा जान दे दी। 12वीं में 98 फीसदी अंक लाने वाले छात्र ने स्यूसाइड नोट में लिखा कि- मैं अपनी जिंदगी से तंग आ गया हूं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डालियावास का विकास (19) परिवार के साथ रहता था। बड़ा भाई गुड़गांव की एक कंपनी में काम करता है। बुधवार देर शाम पिता गांव में टहलने की बात कहकर निकले थे। मां मायके गई हुई थीं। विकास घर पर अकेला था। इस दौरान कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। पिता जब लौटे तो कमरा अंदर से बंद मिला। उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो वह फंदे से लटका हुआ था। दरवाजा तोड़ परिजन कमरे में घुसे और सूचना मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी। पुलिस को विकास की जेब से एक स्यूसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था मैं अपनी जिंदगी से तंग आ गया हूं और खुद अपनी जान दे रहा हूं। इसके लिए किसी को परेशान न किया जाए। परिजनों को यकीन ही नहीं हो रहा कि विकास आत्महत्या कर सकता है। पिता ने कहा कि विकास ने 12वीं में 98 प्रतिशत अंक लाकर परिवार को खुशी दी थी। मॉडल टाउन थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि स्यूसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

12वीं में आए थे 98 फीसदी अंक, पुलिस जांच में जुटी

गाय के हमले से महिला की मौत

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी : शहर के हंस नगर की एक महिला पर बेसहारा गाय ने हमला कर दिया, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दाह संस्कार के बाद इलाके के लोग उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंप महिला की मौत के लिए नगर परिषद को जिम्मेदार ठहराया। हंस नगर गली नंबर 5 की कृष्णा देवी (60) 3 फरवरी की शाम को घर के बाहर खड़ी थीं। तभी वहां से गुजर रही बेसहारा गाय ने उन पर हमला कर घेर दिया। उन्हें रेवाड़ी के अस्पताल ले जाया गया, वहां से जयपुर रेफर कर दिया। बुधवार देर शाम उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि बड़ी तादाद में शहर में बेसहारा पशु घूम रहे हैं, इनकी वजह से कई बार हादसे होते हैं लेकिन नगर परिषद कार्रवाई नहीं कर रहा।

3 फरवरी को हंस नगर गली नंबर 5 में किया था गाय ने हमला

QR CODE स्कैन करें या 1800 1205474 पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें प्रगति की कहानियाँ.
राघवेंद्र कुमार, इन्होंने 75000 हेल्मेट्स बाँटकर हज़ारों जानें बचाई.

PRAGATI KA PARTNER

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in